सूर्योदय 5:53 सूर्यास्त 6:52

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.6 न्यू | 20.5 अधि |
| धर्मशाला | 20.4 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,786.54 |
| निफ्टी | 24,712.05 |
| सोना | 1,03,520 |
| चांदी | 1,24,200 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




पर्यावरणीय संतुलन के बिना नहीं होगा भविष्य का विकास : विक्रमादित्य

पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 27 अगस्त 2025 | 12 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 239, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on:


# उद्योगों के पलायन पर तपा सदन

## विधानसभा मानसून सत्र: सत्ता पक्ष से तीखी नोक-झोंक के बाद विपक्ष का वॉकआउट

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के सातवें दिन की कार्यवाही उस समय अचानक तीव्र मोड़ ले गई, जब विपक्ष ने प्रदेश से उद्योगों के पलायन और बेरोजगारी को लेकर सरकार से जवाबदेही की मांग तेज कर दी। प्रश्नकाल की शुरुआत में ही यह विषय जैसे ही उठा, सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार का सिलसिला शुरू हो गया, जिसने धीरे-धीरे सदन की मर्यादा को छूते हुए हंगामे का रूप ले लिया। इस दौरान सत्ता पक्ष से तीखी नोंक-झोंक के बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। वहीं, सत्ता पक्ष ने पूरे घटनाक्रम को संयम और तथ्यों के सहारे संभालने की कोशिश की।

प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बंद हो चुकी औद्योगिक इकाइयों, बेरोजगारी की स्थिति और निवेश के ताजे आंकड़ों को लेकर सरकार से सीधा और तीखा सवाल पूछा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विस्तार से जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि प्रदेश में बीते अढ़ाई वर्षों में हजारों करोड़ की इन्वेस्टमेंट आई है और बड़ी संख्या में परियोजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बंद हुई इकाइयों में से कई को पुनः प्रारंभ करने की दिशा में सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं और इन कदमों से हजारों लोगों को दोबारा रोजगार भी मिला है।

मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बावजूद विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि आंकड़ों में विसंगतियां हैं और सरकार उद्योगों के पलायन को रोक पाने में विफल रही है। बात इतनी बढ़ी कि विपक्षी सदस्य एक के बाद एक नारेबाजी करते हुए अपनी सीटों से खड़े हो गए। उन्होंने सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न करते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कई बार स्थिति को शांत करने की कोशिश की, लेकिन शोरगुल में किसी भी पक्ष की बात सुनी नहीं जा सकी। विधानसभा अध्यक्ष ने जब स्थिति को नियंत्रण से बाहर होते देखा, तो उन्होंने दोपहर 2 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। विपक्ष नारेबाजी करते हुए पूरे दल ने सदन से बहिर्गमन किया।



सदन से वॉकआउट कर बाहर आते भाजपा विधायक दल के सदस्य।

### पूरा घटनाक्रम सोची समझी रणनीति का हिस्सा करार

**सत्ता** पक्ष ने इस पूरे घटनाक्रम को एक सोची-समझी रणनीति करार देते हुए कहा कि विपक्ष केवल माहौल गर्माना चाहता है और आंकड़ों की सच्चाई से दूर भाग रहा है। मुख्यमंत्री ने सदन में मौजूद सदस्यों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में निवेश की गति को और अधिक तेज़ करने के लिए सरकार पूरी गंभीरता से काम कर रही है।

### नेगी बोले-पूर्व भाजपा सरकार की नीतियों की होगी समीक्षा

**विधानसभा** के मानसून सत्र में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने साफ किया कि अब प्रदेश में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की जनविरोधी और अनियमित नीतियों की गहन समीक्षा की जाएगी और जहां भी गड़बड़ियां पाई जाएंगी, वहां सख्त कार्रवाई तय है। नेगी ने कहा कि अब सरकार की प्राथमिकता पारदर्शिता, किसान कल्याण और राजस्व में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से न सिर्फ किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि राज्य आत्मनिर्भरता की ओर भी तेजी से बढ़ेगा। नेगी ने अपने संबोधन में यह भी जोड़ा कि अब फैसले चंद लोगों के लाभ के लिए नहीं, बल्कि प्रदेश के आम नागरिकों की भलाई को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे।



# अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर लागू किया 50 प्रतिशत टैरिफ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिका ने मंगलवार को भारत पर एडिशनल 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भारतीय समय के अनुसार यह टैरिफ बुधवार यानी 27 अगस्त को सुबह 9.31 बजे लागू हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर इस टैरिफ का ऐलान किया था। ट्रंप व्यापार घाटे का हवाला देकर भारत पर 7 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ पहले ही लगा चुके थे। यानी अब अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक होगा।

मंगलवार को जारी आदेश में लिखा है, 'जो ड्यूटी इस दस्तावेज की सूची में बताई गई है, वह भारत से आने वाली चीजों पर लागू होगी। ये चीजें या तो अमेरिका में इस्तेमाल के लिए लाई जाएंगी या गोदाम से इस्तेमाल के लिए निकाली जाएंगी। ट्रंप के टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, ऑटो, सीफूड सेक्टर की इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर अमेरिका के साथ ट्रेड डील नहीं होती है या टैरिफ कम नहीं होता है तो 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने अमेरिका को जवाब देने के लिए बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम अमेरिकी टैरिफ से निपटने की तैयारियों पर अहम बैठक बुलाई। इस बैठक में मोदी के साथ ही कई वरिष्ठ मंत्री और फाइनेंस एवं कॉमर्स मिनिस्ट्री के बड़े अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी की अगुवाई में हुई इस बैठक के बाद सरकार ने कई अहम निर्णय लिए हैं। सरकार भारतीय निर्यातकों को राहत देने के साथ वैकल्पिक बाजारों की तलाश में सहायता देगी। मोदी की यह बैठक उनकी दो बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों, जापान और चीन की इस माह के आखिर में होने वाली यात्रा से पहले हुई। इस दौरान स्वदेशी वस्तुओं की खरीद पर ज्यादा जोर दिया गया, ताकि विकसित भारत का संकल्प पूर्ण हो सके।

### अमेरिकी टैरिफ से सहमा बाजार, सेंसेक्स 849 अंक टूटा

**मुंबई।** अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर एक मसौदा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली हुई और प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 849 अंक टूटकर 81,000 अंक से नीचे आ गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक या 1.04 प्रतिशत गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 25 शेयर गिरावट के साथ और पांच शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 949.93 अंक या 1.16 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 80,685.98 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 255.70 अंक या 1.02 प्रतिशत टूटकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ।

### गणेशोत्सव पर्व शुरू



मुंबई : गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त से लेकर 6 सितंबर तक चलेगा। 10 दिन का यह महापर्व भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना और पूजा के लिए उत्तम माना जाता है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### राष्ट्रपति मुर्मु ने देशवासियों को गणेश चतुर्थी की दी बधाई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को गणेश चतुर्थी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण का संरक्षण करते हुए त्योहार मनाने की अपील की है। मुर्मु ने मंगलवार को यहां एक संदेश में कहा, 'गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर मैं देश-विदेश में बसे प्रत्येक भारतीय को हार्दिक बधाई देती हूं। यह त्योहार बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान श्री गणेश को ज्ञान और कल्याण के स्रोत के रूप में पूजा जाता है। यह त्योहार, हमें नए लक्ष्यों की ओर सकारात्मक भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय वायुसेना से मिग-21 की होगी विदाई



**एजेंसी, बीकानेर।** भारतीय वायुसेना का सबसे पुराना और भरोसेमंद लड़ाकू विमान मिग-21 अगले महीने 62 साल की सेवा के बाद रिटायर हो जाएगा। इसकी विदाई से पहले पिछले हफ्ते वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने राजस्थान के नाल एयरफील्ड से आखिरी बार इस लड़ाकू विमान से उड़ान भरी। अगले माह 26 सितंबर को चंडीगढ़ में होने वाले औपचारिक समारोह में मिग-21 को आधिकारिक विदाई दी जाएगी। बता दें कि रूस में निर्मित मिग-21 वर्ष 1963 में वायुसेना में शामिल हुआ था और छह दशक से ज्यादा समय तक सेवा में रहा। इसे दुनिया के सबसे ज्यादा बनाए गए सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भारत-श्रीलंका के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध सदियों पुराने: अनुराग -पेज 2
- बरसात जाने का इंतजार ताकि पर्यटन पकड़े रफ्तार -पेज 4
- शिमला जिला प्रशासन ने 372 गैस सिलेंडर और तीन वाहन किए जब्त -पेज 6
- पंचायत घर अंबेहड़ा की खस्ता हालत पर अधिकारियों की खिंचाई -पेज 10
- सीमाएं 30 किमी के दायरे में अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए: अमित शाह -पेज 13


# भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में किए जाएंगे निर्यात: पीएम मोदी

**एजेंसी, अहमदाबाद**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात में अहमदाबाद जिले के हांसलपुर में सुजुकी की ई-विटारा इलेक्ट्रिक कार का अनावरण, ग्रीन मोबिलिटी पहल का उद्घाटन किया और कहा कि गणेशोत्सव की उत्सव भावना के बीच 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। आज से भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में निर्यात किए जाएंगे। साथ ही घोषणा की कि देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन भी शुरू होगा।

प्रधानमंत्री ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी के उत्सव के बीच, भारत की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के साझा लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत और जापान की मैत्री को एक नया आयाम देता है, उन्होंने भारत, जापान और सुजुकी मोटर कॉरिशन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि भारत की सफलता की कहानी के बीज 12-13 साल पहले बोये गए थे। साल 2012 में उनके मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल के दौरान, हांसलपुर में मारुति सुजुकी को जमीन आवंटित की गई थी। उस समय भी आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया का दृष्टिकोण मौजूद था। वे शुरुआती प्रयास अब देश की वर्तमान आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर कारगर साबित हुई रेनफोर्स मैट तकनीक

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** नेशनल हाईवे-5 यानी चंडीगढ़-शिमला के फोरलेन के लैंड स्लाइड जोन में एनएचएआई की तरफ से 42 खतरनाक स्पॉट में अपनाई गई रेनफोर्स मैट तकनीक बरसात के मौसम में कारगर साबित हुई। जहां प्रदेशभर के नेशनल हाईवे में बरसात के दौरान लगातार पहाड़ों से लैंड स्लाइड कर यातायात बाधित हुआ, साथ ही कई जगहों पर जान-माल की हानि भी हुई। वहीं, नेशनल हाईवे-5 के परवाणु-शिमला स्ट्रैच में इस बार की बरसात में छुटपुट घटनाओं को छोड़कर पुरे सीजन में कोई बड़ा लैंड स्लाइड नहीं हुआ। इसे रेनफोर्स मैट तकनीक का ही परिणाम माना जा रहा है। पहाड़ों में बरसात के दौरान बढ़ते लैंड स्लाइड को सुरक्षित करने के एनएचएआई अब इस तकनीक को पूरे प्रदेश के सभी नेशनल हाईवे पर अपनाएगा।

परवाणु से कैथलीघाट तक एनएचएआई की तरफ से लैंड स्लाइड रोकने में रेनफोर्स मैट तकनीक अपनाई गई है। खासबात है लैंड स्लाइड की दृष्टि से खतरा बनी 25 पहाड़ियों में रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य पूरा हो गया है। संवेदनशील चक्की मोड़ पर रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य प्रगति पर है। इसी तरह अन्य पहाड़ियों में भी रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य किया गया है। कंपनी का दावा है कि आगामी कुछ दिनों में अन्य जगहों पर भी कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

खास बात है कि यदि इससे यदि पहाड़ से पत्थर दरकता है तो वे सड़क तक नहीं आएगा। रेनफोर्स मैट के अंदर ही पत्थर और मलबा रह जाएगा। मैश विधि को उन पहाड़ों पर अपनाया जा रहा है। जिन पहाड़ों से सिर्फ पत्थर गिरने का खतरा रहता है, जबकि मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास विधि को मिट्टी के साथ दरकने वाले पहाड़ों पर प्रयोग में लाया जाएगा। ड्रिल करने के बाद पहाड़ों में मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास लगाया जाएगा। इसके बाद रेनफोर्स मैट लगाया जाएगा।

### परवाणू-कैथलीघाट के लैंडस्लाइड जोन में अपनाई तकनीक, नहीं हुए लैंड स्लाइड



हाईवे में लैंड स्लाइड रोकने को अपनाई गई रेनफोर्स मैट तकनीक।

> परवाणू से कैथलीघाट फोरलेन में पहाड़ को सुरक्षित करने के लिए मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास और मैश विधि का भी प्रयोग किया जा रहा है। कई साइटों पर रेनफोर्स मेट भी बिछा दिए गए हैं। मेट से बाहर पत्थर नहीं गिरेंगे। केवल चक्की मोड़ में पहाड़ी से लैंड स्लाइड रोकने को यह विधि अपनाई गई है।
>
> **मनोज कुमार, डीपीएम, वॉल प्रोटेक्ट कंपनी।**

# ऑन डिमांड एग्जाम की तैयारी में शिक्षा बोर्ड

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड छात्र हित में नित नए कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में अब शिक्षा बोर्ड ऑन डिमांड एग्जाम की तैयारी में जुट गया है। बोर्ड की ऑन डिमांड एग्जाम की पहल का स्टूडेंट्स राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) के तहत लाभ उठा सकेंगे।

इसके लिए शिक्षा बोर्ड प्रशासन की ओर से प्रपोजल तैयार कर सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा है। यही नहीं ऑन डिमांड एग्जाम के लिए बोर्ड प्रश्नपत्र बैंक तैयार कर ऑनलाइन मोड पर अपलोड करेगा। गौरतलब है कि शिक्षा बोर्ड की इस पहल से स्टूडेंट्स जब चाहें, तब परीक्षा दे सकेंगे। इसके लिए तैयारी के लिए बकायदा प्रश्नपत्र बैंक भी तैयार किया जा रहा है। ऑन डिमांड एग्जाम का आयोजन कैसे होगा और कब से शुरू किया जाएगा, उसके लिए बोर्ड प्रबंधन ने एक प्रपोजल बनाकर प्रदेश सरकार को भेज दिया है। प्रदेश सरकार से मंजूरी मिलने के बाद छात्रों के लिए यह सुविधा शुरू कर दी जाएगी। ऑन डिमांड एग्जाम की स्टूडेंट्स तैयारी कर सकें, उसके लिए बोर्ड प्रबंधन सितंबर माह में प्रश्नपत्र बैंक तैयार कर उन्हें ऑनलाइन मोड पर अपलोड करेगा। इस प्रश्नपत्र बैंक से ऑन डिमांड एग्जाम देने वाले स्टूडेंट्स को सहायता मिलेगी।

**एसओएस के तहत लाभ उठा सकेंगे स्टूडेंट्स**



> शिक्षा बोर्ड एसओएस के तहत स्टूडेंट्स को ऑन डिमांड एग्जाम की सुविधा देने जा रहा है। इसके लिए प्रपोजल तैयार करके सरकार को भेज दिया गया है, स्वीकृति मिलते ही यह सुविधा स्टूडेंट्स हित में शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए बोर्ड की ओर से प्रश्नपत्र बैंक भी जारी किया जाएगा।
>
> **-डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।**

### 'आप' नेता सौरव के घर समेत 13 स्थानों पर ईडी की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 24 अस्पतालों के निर्माण से जुड़े 5,590 करोड़ रुपए के धनशोधन मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। ईडी सूत्रों ने कहा कि फिलहाल 13 स्थानों पर तलाशी चल रही है। धन शोधन निवारण मामला 2018-19 में हुए कथित दिल्ली अस्पताल निर्माण से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि निर्माण में देरी होने के कारण अस्पतालों की लागत बढ़ गई। 2018-19 में आप सरकार ने अस्पतालों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की थी, हालांकि परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकीं ईडी की छापेमारी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी वर्तमान में दिल्ली में अस्पतालों के निर्माण के दौरान हुए कथित घोटाले की जांच कर रहा है। (अनंत ज्ञान)



# हिंदू राष्ट्र शब्द का सत्ता से लेना-देना नहीं : भागवत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने संगठन के 100 साल पूरे होने पर 26 से 28 अगस्त तक दिल्ली के विज्ञान भवन में तीन दिवसीय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संघ ने इसका शीर्षक 100 वर्ष की संघ यात्रा नए क्षितिज रखा है।

सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि हिंदू वही है, जो अलग-अलग मान्यताओं वाले लोगों की श्रद्धा का सम्मान करता है। हमारा धर्म सभी के साथ समन्वय का है, टकराव का नहीं। पिछले 40 हजार वर्षों से अखंड भारत में रह रहे लोगों का डीएनए एक है। अखंड भारत की भूमि पर रहने वाले और हमारी संस्कृति, दोनों ही सद्भाव से रहने के पक्षधर हैं।

उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र शब्द का सत्ता से कोई मतलब नहीं है। जब हम हिंदू राष्ट्र कहते हैं तो उसका मतलब ये नहीं कि हम किसी को छोड़ रहे हैं, किसी का विरोध कर रहे हैं। भागवत ने भारत के विश्व गुरु बनने की बात पर कहा कि भारत को दुनिया में योगदान देना है और अब यह समय आ गया है। उन्होंने कहा कि 2018 में भी ऐसा ही कार्यक्रम हुआ था। संघ के बारे में बहुत सारी चर्चा होती है, लेकिन इनमें ज्यादातर जानकारी या तो अधूरी होती है या प्रामाणिक नहीं होती। (अनंत ज्ञान)



### श्रीलंका: भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को मिली जमानत

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को सरकारी धन के कथित दुरुपयोग से संबंधित मामले में मंगलवार को जमानत दे दी। कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट निलुपुली लंकापुरा ने आदेश दिया कि 76 वर्षीय नेता को 50 लाख श्रीलंकाई रुपए (एलकेआर) की तीन जमानत राशि के साथ जमानत पर रिहा किया जाए। विक्रमसिंघे यहां 'कोलंबो नेशनल हॉस्पिटल' की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से वर्चुअल माध्यम से कार्यवाही में शामिल हुए। इस अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई अक्तूबर के अंत में जाएगी।

# वैष्णो देवी में भूस्खलन, डोडा में फटा बादल, 10 लोगों की मौत

**एजेंसी, जम्मू**

वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड होने और डोडा में बादल फटने से 10 लोगों की मौत हो गई। वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्द्धकुमारी के पास लैंडस्लाइड होने से 6 लोग मारे गए, जबकि 14 घायल हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है। हादसे के बाद वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है।

वहीं, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को कई जगहों पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई इसमें 10 से ज्यादा घर बह गए हैं। डोडा में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, ये मौतें किन इलाकों में हुईं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

एक अधिकारी ने बताया कि दो लोगों की मौत घर गिरने से हुई, जबकि दो की मौत लगातार बारिश के कारण आई अचानक बाढ़ में हुई। राहत और बचाव का कार्य जारी है। जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन दिन से रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है। दो दिनों के लिए स्कूल बंद कर दिए हैं। कई सड़कें और रेल सेवाएं ठप हैं। (अनंत ज्ञान)



**वैष्णो देवी यात्रा रोकी**

## आपदा: कांगड़ा के पौंग बांध का जलस्तर खतरे के निशान से महज एक फुट नीचे, लोग सहमे

# हिमाचल में मानसून का तांडव, मनाली में रेस्टोरेंट-दुकानें बहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मानसून का कहर लगातार जारी है और भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सबसे ज्यादा तबाही पर्यटन नगरी मनाली में देखने को मिली, जहां ब्यास नदी के उफान पर आने से बाहंग बाजार में एक रेस्टोरेंट और तीन-चार दुकानें बह गईं हैं। गनीमत रही कि इसमें किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ।

मनाली डीएसपी क्षमा दत्त शर्मा ने बताया कि खतरे को भांपते हुए बीती रात ही रेस्टोरेंट और दुकानों को खाली करवा लिया गया था। मनाली से कुल्लू के बीच नेशनल हाईवे-3 ढंकार के पास क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इसी दौरान मनालसु नाले में बाढ़ आने से मनाली शहर की पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। प्रशासन ने कहा है कि बहाली का कार्य तभी शुरू होगा, जब जलस्तर नीचे गिरेगा। वहीं, किन्नौर जिले के पानवी नाले और जानी नाले में मंगलवार को बादल फटने की घटनाएं सामने आईं हैं। भारी मलबा और बाढ़ के चलते सेब के बगीचों को नुकसान हुआ है। इधर, मंडी जिले में भी तबाही देखने को मिली है। चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे जगह-जगह बंद है। पंडोह से औट के बीच कई स्थानों पर मलबा गिरने से आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। हणोगी के पास सैकड़ों लोगों ने फोरलेन की टनलों में शरण ले रखी है। मंदिर कमेटी, प्रशासन और दानी लोग फंसे हुए लोगों तक भोजन-पानी पहुंचा रहे हैं। मंडी के बालीचौकी क्षेत्र में दो और मकान गिर गए हैं। लाछ और बाता गांव में करीब 35 घर खतरे की जद में हैं, जबकि कई घरों में दरारें आ गई हैं।

कांगड़ा जिले में पौंग बांध का जलस्तर खतरे के निशान से महज एक फुट नीचे पहुंच गया है। बीती रात को जलस्तर 1388.65 फुट रिकॉर्ड किया गया। बांध का आउटफ्लो चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 75,000 क्यूसिक किया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की अपील की है। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने चंबा और कांगड़ा जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। कुल्लू और मंडी जिलों में ऑरेंज अलर्ट, जबकि ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों में येलो अलर्ट लागू है। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में 31 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।



### बारिश से प्रदेश में हुआ भारी नुकसान

**बारिश** से प्रदेश में भारी नुकसान हुआ है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार सैंकड़ों सड़कें बंद पड़ी हैं। मंडी में 288, चंबा में 214, कुल्लू में 131 और सिरमौर में 41 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हैं। बिजली आपूर्ति और पेयजल योजनाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। भारी तादाद में बिजली ट्रांसफार्मर और पेयजल योजनाएं ठप हो गई हैं। इस मानसून सीजन में अब तक 306 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 37 लोग लापता और 360 लोग घायल हुए हैं। 3,186 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 693 पूरी तरह ढह गए। अकेले मंडी जिले में ही 1,500 मकान प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा 470 दुकानें और 2,819 पशुशालाएं भी तबाह हो चुकी हैं।

# हमीरपुर में बारिश से 20 करोड़ की संपत्ति को नुकसान

## जिले में अब तक 164 करोड़ से अधिक का कुल नुकसान दर्ज, जल शक्ति विभाग को हुई सबसे ज्यादा 85 करोड़ रुपए की क्षति

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला में पिछले तीन दिन से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण काफी नुकसान हुआ है। जिला की सभी खड्डें-नाले उफान पर हैं ऐसे में प्रशासन की ओर से चेतावनी भी जारी की गई है कि कोई भी नदी नालों के पास न जाएं। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि गत दो दिनों के दौरान ही सरकारी और निजी संपत्ति को लगभग 20 करोड़ रुपए की क्षति पहुंची है। इसके साथ ही मानसून सीजन के दौरान अभी तक हुए कुल नुकसान का आंकड़ा 164 करोड़ को भी पार कर गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर तक जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार इस मॉनसून सीजन में जिला में अभी तक कुल 164.72 करोड़ रुपए से अधिक का नुक्सान हो चुका है। जल शक्ति विभाग को सर्वाधिक 85.03 करोड़ रुपए, लोक निर्माण विभाग को 72.75 करोड़, बिजली बोर्ड को 1.39 करोड़ और शिक्षा विभाग को 1.60 करोड़ रुपए की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 18.06 लाख रुपये और कृषि विभाग ने 1.15 लाख रुपये के नुक्सान की रिपोर्ट प्रेषित की है।


लगातार हो रही भारी बारिश के कारण मकानों को पहुंचा नुकसान।

28 कच्चे मकान और एक पक्का मकान ध्वस्त होने से लगभग 54.15 लाख रुपए के नुक्सान का अनुमान है। 166 अन्य कच्चे मकानों और 14 पक्के मकानों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, जिससे एक करोड़ रुपये से अधिक का नुक्सान हुआ है। 27 अन्य भवनों को भी लगभग 10.62 लाख रुपये की क्षति पहुंची है। जिले भर में 106 डंगे गिरे हैं, जिनमें लगभग 95.36 लाख रुपये की क्षति हुई है। 218 गौशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 1.04 करोड़ रुपये का नुक्सान हुआ है।

उपायुक्त ने बताया कि सभी विभागों के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में हुए नुक्सान की रिपोर्ट तुरंत भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके।

उन्होंने कहा कि कुल्लू और मंडी जिले में भी लगातार भारी बारिश के कारण ब्यास नदी के जल स्तर में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है। पंडोह बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति में ब्यास का जल स्तर और भी बढ़ सकता है। इसलिए, सुजानपुर और नादौन उपमंडल में ब्यास नदी के साथ लगते इलाकों के लोग उफनती नदी के पास न जाएं। किसी भी आपातकालीन स्थिति में स्थानीय प्रशासन या जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के टॉल फ्री नंबर 1077 अथवा दूरभाष नंबर 01972-221277 पर संपर्क करें।

## 5 घंटे बाद बहाल हुई हमीरपुर को कांगड़ा जिला से जोड़ने वाली सड़क

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

**जिला** मुख्यालय हमीरपुर को जिला कांगड़ा से जोड़ने वाले वाया सुजानपुर रोड सोमवार को बड़े बाजार के पास भारी चट्टानें गिरने से बंद हो गया। बंद हुए इस रोड को विभागीय कर्मचारियों ने बड़ी मशक्कत से 2 बजे खुलवाया। इसके लिए तीन जेसीबी मशीन में बुलाई गईं। 9 बजे बड़बदार के पास पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टान में सड़क पर आ गई। जिससे कि दोनों तरफ से ही यातायात बाधित हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी। जिस पर विभागीय कर्मचारी और अधिकारी मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीनों की सहायता से 5 घंटे बाद रोड को बहाल किया गया।

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सीडीओ विजय धीमान ने बताया कि रोड पर जगह-जगह लहासे गिर रहे हैं। जिससे कि यातायात प्रभावित हो रहा है। कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं तथा रोड को क्लियर करवाया जा रहा है। इससे पहले सोमवार दिन को सुजानपुर नादौन रोड भी बंद हो गया था।


तीन जेसीबी की मदद से हटाया मलबा

## बारिश से भोरंज के पलही गांव में मकान ढहा, बाल-बाल बची वृद्धा

अनंत ज्ञान, भोरंज

**भोरंज** उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत धमरोल के पलही गांव में रविवार रात भारी बारिश कहर बनकर टूटी। गांव निवासी कुंता देवी पत्नी स्वर्गीय बाली राम का स्लेटनुमा दो मंजिला रिहायशी मकान अचानक ढह गया। हादसे के समय 80 वर्षीय कुंता देवी मकान के निचले हिस्से में सो रही थीं। गनीमत रही कि उनके परिजनों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, जैसे ही मकान गिरने लगा तो शोर सुनकर परिवार के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे। पोते बादल शर्मा, बहु प्रीतमा देवी तथा पुत्रवधू बबली देवी ने कड़ी मशक्कत के बाद वृद्धा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में किसी प्रकार की जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन परिवार को लगभग तीन लाख रुपए की क्षति उठानी पड़ी है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत धमरोल के उपप्रधान विजय कुमार व पटवारी हलका धमरोल मौके पर पहुंचे और नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर आगे भेज दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को शीघ्र राहत प्रदान करने की मांग की है।


पंचायत ने तैयार की नुकसान की रिपोर्ट

# दंदवीं-धंगोटा संपर्क मार्ग दो दिन से बाधित

## चीड़ के पेड़ ल्हासा गिरने से बिझड़ी के खारल गांव का संपर्क टूटा

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बड़सर।** लगातार जारी मूसलाधार बारिश से उपमंडल बड़सर भी प्रभावित हुआ है। उपमंडल बड़सर के अतर्गत चार के करीब संपर्क मार्ग अभी तक वाहनों की आवाजाही बंद पड़ी है।

बता दें कि लोक निर्माण विभाग के सबडिवीजन बिझडी के अंतर्गत पड़ने वाले दंदवीं खारल धंगोटा संपर्क मार्ग दो दिनों से बंद पड़ा है। जिसके चलते खारल गांव का देश दुनिया से संपर्क कटा हुआ है।

खारल गांव खडड और जंगलों से गिरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे में घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। सरकार से कई बार लोगों ने पक्की और बेहतर सड़क निर्माण की गुहार लगाने के बाद मायूसी ही हाथ लगती है। सबसे ज्यादा समस्या लोगों को बरसात के मौसम में आती है। एक तरफ जहां शुक्कर खड्ड में भी पानी का बहाव इतना ज्यादा बढ़ गया है कि धंगोटा साइड से भी बाजार से रोजमर्रा की वस्तुओं लाना खतरे से खाली नहीं है। ग्रामीणों ने दंदवी खारल धन्गोता सड़क को शीघ्र बहाल करने की मांग की है ताकि लोगों का दिनचर्या सही तरीके से चल सके।



### क्या कहते हैं एसडीओ

**लोक** निर्माण विभाग सबडिवीजन बिझड़ी के एसडीओ सुरेश कौंडल ने बताया कि बरसात में अधिकतर सड़कें भूस्खलन के चलते अवरुद्ध हो गई थी। उन्हें खोला जा रहा है विभाग की जेसीबी एक-दो दिन के अंदर इस सम्पर्क मार्ग को भी छोटे बहनों के लिए खोल दिया जाएगा।

## शहर के बीच कच्चा मकान बारिश से गिरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहर के बीचोंबीच कच्चा मकान लगभग तीन वर्ष पहले क्षतिग्रस्त हो गया था। मंगलवार दोपहर बाद यह कच्चा मकान गिर गया और सारा मलबा गली में फैल जिससे बस स्टैंड की ओर जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। बता दें कि इस मकान में रेडीमेड कपड़े की दुकान थी जिसे दो साल पहले ही यहां से हटा दिया था। हालांकि इस मकान को गिराने के काफी प्रयास किए गए, लेकिन किरायेदार ने इस अपना कब्जा जमाए रखा। भारी बारिश से मकान गिर गया है इस मकान के मलबे को हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं।


बारिश से गिरा मकान।

# कलरूई गांव में लैंडस्लाइड से शौच पिट व बाथरूम क्षतिग्रस्त


कलरूई गांव के घर के पास बारिश से हुए लैंडस्लाइड से हुआ नुकसान।

वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान

**बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत बड़ा के गांव कलरूई में लैंडस्लाइड से एक घर को नुकसान पहुंचने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण गांव निवासी राम प्रसाद के घर के पास भूस्खलन हुआ।

इस दौरान उनका शौच पिट क्षतिग्रस्त हो गया और सारा मलबा बाथरूम में जा गिरा, जिससे बाथरूम की दीवारें भी टूट गईं। इस घटना से राम प्रसाद को लगभग दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

राम प्रसाद ने इसकी सूचना स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और राजस्व विभाग के पटवारी को दे दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आर्थिक सहायता की मांग की है। पंचायत बड़ा के उपप्रधान अशोक कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए मुख्यमंत्री से प्रभावित परिवार की मदद करने का आग्रह किया है।

# कोहला गांव में मकान और तीन पशुशालाएं गिरीं

## तहसीलदार रोहित ने पटवारी को नुकसान की रिपोर्ट भेजने को कहा

शशि सोनल, अनंत ज्ञान

**नादौन।** तीन दिन हुई लगातार बारिश से नादौन के साथ लगती कोहला पंचायत के गांव कोहला में एक मकान व तीन पशुशालाएं गिर गई हैं। यह जानकारी देते हुए समाज सेवी एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के डायरेक्टर राजेन्द्र बबलू चौधरी ने बताया कि कोहला की सीता देवी पत्नी चरण दास का दो कमरों का कच्चा मकान था जो बारिश के कारण गिर गया है। इसके अलावा गांव की अनीता देवी पत्नी सुख लाल की पशुशाला, रीता देवी पत्नी साहब सिंह और कोहला पंचायत के वार्ड पंच करतार चंद की पशुशाला भी बारिश की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि इन सभी पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। तहसीलदार रोहित कंवर ने बताया कि संबधित पटवारी को हुए नुकसान की रिपोर्ट भेजने को कहा गया है।



## लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**अनंत ज्ञान, नादौन।** लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश का पानी कई स्कूलों व घरों में गाद सहित घुस गया, जिससे घरेलू सामान और कमरों को नुकसान पहुंचा। भूस्खलन से कई संपर्क मार्ग बंद हैं, जबकि कोहला-कलूर सड़क का हिस्सा बह गया है। नदी-नाले उफान पर हैं और पुलियों के ऊपर से पानी बह रहा है। बारिश ने खेती को भी नुकसान पहुंचाया है, खासकर मक्की की फसल बिछ जाने से किसानों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

## नादौन में सड़कों की खराब हालत से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बरसात ने नादौन उपमंडल की सड़कों की हालत दयनीय बना दी है। अधिकांश सड़कों पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। गड्ढों के कारण लोगों का सफर 10 से 15 मिनट तक लंबा हो रहा है। लगभग हर बरसात के बाद सड़कों की स्थिति और बिगड़ जाती है। चाहे संपर्क सड़कें हों या हाइवे, हर जगह गहरे गड्ढों ने वाहन चालकों को परेशान कर रखा है। कई जगह तो हालात इतने खराब हैं कि कारों के बंपर सड़क से टकरा जाते हैं। दोपहिया वाहन चालक तो गड्ढों से बचते हुए नागिन की भांति सड़कों से गुजरने को मजबूर हैं। लोक निर्माण विभाग न तो तारकोल से और न ही रेत-बजरी डालकर सड़कों को सुधार रहा है। लोगों ने विभाग से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### हॉस्पिटैलिटी शिक्षा में करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर का बढ़ता योगदान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर का हॉस्पिटैलिटी एंड होटल प्रबंधन विभाग प्रदेश में होटल प्रबंधन शिक्षा का एक उभरता हुआ केंद्र बन चुका है। इस पूरे विभाग का नेतृत्व डॉ. वीनीत कुमार कर रहे हैं, जो अपने अनुभव और नवीन दृष्टिकोण से छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में जुटे हैं। डॉ. कुमार का कहना है कि आज भारत में हॉस्पिटैलिटी और होटल इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय होटल चेन जैसे मैरियत हयात और आईटीसी का भारत में विस्तार यह दर्शाता है कि आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में लाखों नई नौकरियां पैदा होंगी। ऐसे में प्रोफेशनल ट्रेनिंग और स्किल डिवेलपमेंट बेहद जरूरी है। करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी ने हाल ही में छात्रों के लिए इंडस्ट्री/अकादमिक इंटीग्रेशन पर विशेष ध्यान दिया है। यहां छात्रों को फूड प्रोडक्शन, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, हाउसकीपिंग, और होटल ऑपरेशन्स की लाइव ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा, इंडस्ट्री विजिट्स, इंटरनशिप्स और रिसर्च प्रोजेक्ट्स के माध्यम से उन्हें वास्तविक बाजार की चुनौतियों से परिचित कराया जाता है। इस वर्ष विश्वविद्यालय ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हॉस्पिटैलिटी विभाग के अंतिम सेमेस्टर के कई छात्रों का चयन फ्रांस में प्रतिष्ठित होटलों में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के छात्र न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं।

### सतीश के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी के ताया और वरिष्ठ कांग्रेसी मंगरू सोनी के बड़े भाई सतीश सोनी का निधन हो गया है। वे 78 वर्ष के थे। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक व्याप्त है। वे अपने पीछे अपनी पत्नी व इकलौती बेटी को छोड़ गए हैं। सतीश सोनी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मंगलवार को काफी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उनके निधन पर शोक प्रक्ट करते हुए भगवान से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दे और शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहन करने की क्षमता दे।

### 12 तक बंद रहेगी बराड़ा-बाकर खड्ड सड़क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** टौणी देवी क्षेत्र की बराड़ा-पटनौण-बाकर खड्ड सड़क पर मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्य जारी है। इसी कारण प्रशासन ने इस मार्ग पर 12 सितंबर तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी है। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा कि कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य चल रहा है और यातायात की आवाजाही से कार्य प्रभावित हो सकता था। डीसी ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर क्षेत्र के वाहन चालक समीरपुर-मतलाणा सड़क अथवा उहल-परनाली सड़क का प्रयोग करके बाकर खड्ड तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद यह सड़क और अधिक सुरक्षित तथा सुगम होगी। प्रशासन का प्रयास है कि मरम्मत कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा कर लिया जाए।

### बचत भवन की दुकान की नीलामी 11 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित बचत भवन की प्रथम मंजिल पर बनी नई दुकान को आधे बरामदे सहित मासिक किराये पर देने के लिए 11 सितंबर को सुबह 11 बजे नीलामी होगी। एडीसी अभिषेक गर्ग ने बताया कि दुकान का क्षेत्रफल 190 वर्ग फुट और बरामदे का क्षेत्रफल 355 वर्ग फुट है। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोग अपने आवेदन पत्र, आधार कार्ड और राशन कार्ड सहित 10 सितंबर शाम 5 बजे तक सहायक आयुक्त व जिला बचत विकास एवं सेवा समिति के सचिव के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दुकान का न्यूनतम आरक्षित मासिक किराया 20 हजार रुपये तय किया गया है, जिस पर जीएसटी अतिरिक्त देय होगा। सफल बोलीदाता को तीन वर्ष के लिए दुकान दी जाएगी।

# भारत-श्रीलंका के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध सदियों पुराने : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को संसद भवन में श्रीलंका से आए श्रीलंका से आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल को संबोधित किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने भारतीय राजनीति में संसद की भूमिका, भारतीय लोकतंत्र व संविधान, चुनावी प्रक्रिया, संसदीय समितियों को लेकर श्रीलंकाई सांसदों के प्रश्नों का उत्तर दिया व भारत में लोकतंत्र व संविधान की गहनता व विशालता पर अपने विचार रखे। अनुराग ने इस बैठक के दौरान श्रीलंका से आए सभी सांसदों का पारंपरिक हिमाचली रीति से हिमाचली टोपी पहना कर उनका स्वागत किया व सभी सांसदों को भविष्य में देवभूमि आने का निमंत्रण दिया।

अनुराग ने कहा कि भारत भारत- व श्रीलंका के बीच मज़बूत द्विपक्षीय संबंध सदियों पुराने हैं और हमें समृद्ध संस्कृति और जीवंत लोकतंत्र की भूमि भारत में आपका स्वागत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। भारत और श्रीलंका दो राष्ट्र नहीं बल्कि दो भाई हैं जिनकी विरासत समान है तथा जो प्राचीन काल से सांस्कृतिक और भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता होने के नाते, हमें इस बात पर गर्व है कि लोकतंत्र हमारे लिए नया नहीं है। यह महात्मा बुद्ध के समय से सदियों से हमारी परंपराओं में रचा-बसा है। उनकी शिक्षाओं में विचार-विमर्श, परामर्श, आम सहमति बनाना और व्यक्तिगत राय के प्रति सम्मान जैसे लोकतांत्रिक मूल्य समाहित हैं। अनुराग ने कहा कि भारत और श्रीलंका को 1947 और 1948 में आजाद हुए। भारत ने अपनी स्वतंत्रता के 78 वर्ष पूरे कर लिए हैं और यही स्थिति श्रीलंका की भी है।


सांसद बोले- भारत में लोकतंत्र और संविधान की जड़ें गहरी

हमारा संविधान, संसदीय लोकतंत्र और मौलिक अधिकार मुफ्त उपहार नहीं हैं, हमने इन्हें महान बलिदानों के माध्यम से अर्जित किया है। हमने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और हम तेज़ी से प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत हर कदम पर श्रीलंका का समर्थन करने और आपके साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।

## तकनीकी विवि स्पॉट काउंसिलिंग में बी फार्मेसी की 380 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में मंगलवार को बी फार्मेसी की खाली सीटें के स्पॉट राउंड काउंसिलिंग हुई। स्पॉट राउंड काउंसिलिंग में 380 अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर सीटें आवंटित की गई। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई, उन्हें 30 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। 27 अगस्त को बीटेक की स्पॉट राउंड काउंसिलिंग भी तकनीकी विवि परिसर में ही होगी।

बीटेक व एम फार्मेसी की स्पॉट राउंड काउंसिलिंग आज

इसके अलावा 27 अगस्त को ही एम फार्मेसी की स्पॉट काउंसिलिंग संबंधित शिक्षण संस्थानों में प्रस्तावित है, जहां एम फार्मेसी कोर्स चलता है। 28 अगस्त को एमबीए और 29 अगस्त को एमसीए की स्पॉट राउंड काउंसिलिंग होगी। एमबीए और एमसीए की स्पॉट राउंड काउंसिलिंग संबंधित शिक्षण संस्थानों में ही प्रस्तावित है। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ राजेश कुमार ने कहा कि जिन यूजी और पीजी विषयों में सीटें खाली रह गई है, उन्हें भरने के लिए स्पॉट राउंड काउंसिलिंग आयोजित की जा रही है। स्पॉट राउंड की काउंसिलिंग के लिए पात्रता और तिथि के संबंध में डिटेल अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## डॉ. सिकंदर और राजेश ठाकुर ने पूर्व सीएम धूमल के साथ की शिष्टचार भेंट


पूर्व सीएम प्रेम कुमार से मुलाकात करते डॉ. सिकंदर कुमार और साथ में अन्य।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

**राज्यसभा** सांसद एवं नवनियुक्त भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर और नादौन विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडलों के पदाधिकारी भी मौजूद थे। प्रदेश भाजपा संगठन में नई जिम्मेदारी संभालने के बाद डॉ. सिकंदर कुमार की प्रोफेसर धूमल से यह पहली मुलाकात थी। इससे पहले मंगलवार सुबह गगरेट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर भी प्रोफेसर धूमल से मिलने समीरपुर पहुंचे।

राजेश ठाकुर को नवगठित प्रदेश संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दोनों नेताओं ने प्रोफेसर धूमल के साथ राजनीतिक और संगठनात्मक मामलों पर सार्थक चर्चा की और उनका आशीर्वाद लिया।

# नियम-कानून ताक पर, जनता की नहीं बल्कि चहेतों की सरकार : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

**प्रदेश** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हिमाचल प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि प्रदेश में नियम-कानून की धज्जियां उड़ाकर मनमानी नियुक्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकार जनता की सरकार न होकर कुछ चहेतों की सरकार बनकर रह गई है। जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब भी देगी।



राणा ने सुजानपुर लोक निर्माण विभाग डिवीजन का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां रिटायर हो चुके एक्शन को पहले एक्सटेंशन दी गई, फिर री-अपॉइंटमेंट किया गया और अब राजनीतिक दबाव डालकर उन्हें दोबारा रखने की कोशिश हो रही है। आखिर रिटायर अफसरों को बार-बार रखने की मजबूरी क्यों है? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार के पास योग्य इंजीनियरों की कमी है या फिर इसमें कोई गहरी मिलीभगत छुपी है? उन्होंने सुजानपुर से जंगलबेरी तक 10 किलोमीटर क्षेत्र को कक्कड़ सब डिवीजन से मिलाकर सुजानपुर में किए जाने और वहां जेई को एसडीओ का चार्ज देने पर भी सवाल उठाया। राणा ने कहा इस क्षेत्र में सीआरएफ से 41 करोड़ 10 लाख रुपए की राशि आई है। जब इतने बड़े प्रोजेक्ट में नियम-कायदों को ताक पर रखकर काम होगा तो जनता को शक होना स्वाभाविक है कि गड़बड़ियां करने की तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र धनेटा से जुड़े मामले पर भी पूर्व विधायक ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा असिस्टेंट अकाउंट ऑफिसर को बिना विज्ञापन, बिना पब्लिक सर्विस कमीशन और बिना इंटरव्यू के हिमाचल प्रदेश एनर्जी मैनेजमेंट सेंटर में जीएम और बाद में जॉइंट डायरेक्टर बना दिया गया। सिर्फ एक व्यक्ति को 50 हजार रुपए से ज्यादा का अतिरिक्त वेतन लाभ दिया गया है। क्या यही पारदर्शिता है? यह तो मित्रवाद और मनमानी की पराकाष्ठा है।

## कार्यक्रम: एनआईटी हमीरपुर में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन, नए छात्रों का स्वागत

# शैक्षणिक ईमानदारी व अनुशासन का दिया संदेश

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) हमीरपुर ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नए स्नातक छात्रों के स्वागत के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में भारत के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में से एक में उनके शैक्षणिक सफर की शुरुआत को चिह्नित किया

कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक प्रो एचएम सूर्यवंशी ने किया। उन्होंने शैक्षणिक ईमानदारी, समग्र विकास और नवाचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से अनुशासन, स्वास्थ्य, डिजिटल संतुलन, सांस्कृतिक सहभागिता और करियर तत्परता को अपनाने तथा नशे और अस्वास्थ्यकर विचलनों से दूर रहने का आह्वान किया।

रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष ननोटी ने छात्रों व उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए मजबूत प्रशासनिक सहयोग और समावेशी शिक्षण वातावरण का आश्वासन दिया। डीन (अकादमिक) ने पाठ्यक्रम, क्रेडिट प्रणाली और परीक्षाओं का विवरण प्रस्तुत करते हुए छात्रों को निरंतरता और आत्म-अध्ययन अपनाने की सलाह दी।

डीन (छात्र कल्याण) ने छात्रावास, छात्रवृत्ति, खेल, योग, एनसीसी, एनएसएस और सांस्कृतिक व तकनीकी क्लबों के माध्यम से उपलब्ध सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी। डीन (पूर्व छात्र मामलों) ने उद्योग संबंधों, उद्यमशीलता व विविधता पर प्रकाश डाला। मुख्य वार्डन ने छात्रों को नशे से दूर रहने, पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और छात्रावास अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने संतुलित आहार अपनाने, स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं का उपयोग करने और ऑनलाइन संसाधनों पर अति-निर्भरता से बचने का आग्रह किया।

परामर्श विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए लचीलापन, जिम्नेज़ियम के उपयोग और योगाभ्यास को महत्वपूर्ण बताया, साथ ही टैटू, धूम्रपान, शराब और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

औपचारिक ओरिएंटेशन के बाद छात्रों ने अपने-अपने विभागों का दौरा किया, जहाँ उन्हें संकाय सदस्यों, प्रयोगशालाओं और अधोसंरचना से परिचित कराया गया। शाम को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने ऑनलाइन माध्यम से इंडक्शन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को योग और ध्यान के माध्यम से मानसिक व शारीरिक संतुलन पाने के लिए व्यावहारिक रणनीतियां और तकनीकें साझा कीं।


एनआईटी हमीरपुर में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया।

### एंटी-रैगिंग उपाय और करियर मार्गदर्शन पर हुआ विशेष जोर

**एसोसिएट** डीन (अनुशासन एवं परामर्श) ने एंटी-रैगिंग उपायों, परामर्श सेवाओं और मनोवैज्ञानिक सहयोग के लिए योर दोस्त ऐप पर जोर दिया। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट कार्यालय ने इंटर्नशिप, संचार कौशल और शैक्षणिक उत्कृष्टता को करियर सफलता की कुंजी बताया।

# भ्रष्टाचार की दलदल में धंसी थी भाजपा सरकार : सुक्खू

## कहा-अग्निवीर और प्राकृतिक खेती पर दिखाए बेबाक तेवर, औद्योगिक नीति बनी लूट का जरिया, राजस्व को लगाया भारी चूना

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान भाजपा सरकार के कार्यकाल को निशाने पर लेते हुए उसे भ्रष्टाचार की जड़ बताया।

मुख्यमंत्री ने सदन में पूर्व सरकार पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने सत्ता में रहते हुए न केवल औद्योगिक नीतियों के नाम पर प्रदेश को आर्थिक नुकसान पहुंचाया, बल्कि युवाओं और किसानों के साथ भी छल किया। उन्होंने भाजपा की नीतियों को जनविरोधी और प्रदेश की संपत्ति को बेचने वाला बताया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने 2021 के दौरान की गई औद्योगिक नीतियों पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने उद्योगों को लाने के नाम पर निजी कंपनियों को सस्ती दरों पर जमीनें दीं, जिससे प्रदेश के राजस्व को भारी नुकसान हुआ। कुछ कंपनियों को बिजली और पानी की दरों में विशेष छूट दी गई। उन्होंने इसे सीधे तौर पर भ्रष्टाचार करार देते हुए कहा कि सरकार आने वाले समय में ऐसे मामलों की जांच करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरा तंत्र योजनाबद्ध तरीके से चलाया गया ताकि कुछ निजी घरानों को लाभ पहुंचे और सरकारी खजाना खाली हो जाए।



### अग्निवीर योजना ने तोड़ी युवाओं की उम्मीदें

**मुख्यमंत्री** ने सैनिकों और युवाओं के मुद्दे पर बोलते हुए 'अग्निवीर योजना' को लेकर चिंता जताई। हिमाचल प्रदेश की पहचान वीरता और बलिदान से जुड़ी रही है। प्रदेश की युवा पीढ़ी सेना में भर्ती को अपना कर्तव्य मानती आई है, लेकिन अग्निवीर योजना ने उस विश्वास को झटका दिया है। यह योजना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इसका प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में दिख रहा है। मुख्यमंत्री ने जुब्बल के आर्शवीर सिंह का उदाहरण देते हिमाचल की सैन्य परंपरा को देशभर में अग्रणी बताया।

### प्राकृतिक खेती में हिमाचल बना मॉडल

**मुख्यमंत्री** ने विधानसभा में यह भी जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक खेती नीति को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है। उन्होंने बताया कि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने स्वयं उन्हें फोन कर राज्य की इस पहल की प्रशंसा की है और इसे देश के लिए एक मॉडल बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती से न केवल पर्यावरण की रक्षा हो रही है, बल्कि किसानों की लागत में कमी और मुनाफे में वृद्धि भी हो रही है। उन्होंने इसे अपनी सरकार की नीतियों की सफलता की शुरुआत बताया और कहा कि सरकार भविष्य में इस दिशा में और ठोस कदम उठाएगी।

## मानसून सत्र की झलकियां...



विधानसभा सत्र की कार्यवाही प्रारंभ होने से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया अभिवादन करते हुए।



सदन की कार्यवाही के दौरान जाते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उनके साथ अन्य नेता।



भाजपा विधायक जनकराज और रीना कश्यप।



संजय रतन के साथ जाते विधायक इंद्रदत्त।



दून के विधायक राम कुमार चौधरी।



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा।

# कांग्रेस सरकार की नीतियों और भ्रष्टाचार से उद्योगों का पलायन : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल को सुक्खू सरकार ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य से उद्योगों का पलायन कांग्रेस की गलत नीतियों और बढ़ते भ्रष्टाचार का परिणाम है। बिजली दरों में लगातार हुई भारी बढ़ोतरी और अधिकारियों द्वारा की गई जबरन उगाही ने उद्योगपतियों को प्रदेश छोड़ने पर मजबूर किया है। उन्होंने चेताया कि यह प्रवृत्ति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकती है। जयराम ने बताया कि भाजपा विधायक और पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर ने प्रश्नकाल के



विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर।

### निवेश विरोधी माहौल के लिए कांग्रेस जिम्मेदार

दौरान उद्योगों के पलायन और नए निवेश को लेकर वाल उठाया, लेकिन न तो उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और न ही मुख्यमंत्री सटीक जवाब दे पाए। जवाब से असंतुष्ट होकर भाजपा विधायक दल ने सदन से वॉकआउट किया और सरकार पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया।

### बीजेपी शासन में बना था विश्वास

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन में पिछले तीन वर्षों में कोई बड़ा उद्योग स्थापित नहीं हुआ और भ्रष्टाचार की वजह से निवेशक प्रदेश से दूरी बना रहे हैं। कांग्रेस नेताओं के परिजन तक उद्योगपतियों पर दबाव बनाकर उगाही में लिप्त हैं, जिससे उद्योगों में डर और अविश्वास का माहौल है।

# सीएम सुक्खू के खिलाफ सुधीर शर्मा का विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव खारिज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा द्वारा सीएम सुक्खू के खिलाफ लाया गया विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अस्वीकार कर दिया है। अध्यक्ष ने कहा कि विधायक की ओर से जो पत्र दिया गया, वह केवल एक औपचारिक पत्र (डीओ नोट) था, जिसे नियमों के अनुसार नोटिस नहीं माना जा सकता।

विधानसभा अध्यक्ष का कहना था कि यदि कोई सदस्य विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव देना चाहता है, तो उसे विधानसभा के नियमों के तहत नोटिस देना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुधीर शर्मा का पत्र उस प्रक्रिया का पालन नहीं करता था। इस आधार पर प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया गया।

### सुधीर शर्मा लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे : सुक्खू



मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि यह पूरा मामला केवल सुर्खियों में बने रहने का प्रयास है। मुख्यमंत्री का कहना था कि सुधीर शर्मा राजनीतिक रूप से लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं और बेवजह विवाद खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अपने कामकाज को लेकर पूरी तरह पारदर्शी है और विपक्ष का काम अब सिर्फ आरोप लगाना रह गया है।

### दोबारा लाएंगे विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव : सुधीर

**सुधीर** शर्मा ने कहा है कि वह दोबारा नियमों के तहत विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव सदन में पेश करेंगे। उन्होंने इसे केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि प्रदेश के बेरोजगार युवाओं से जुड़ा हुआ विषय बताया है।

### प्रस्ताव तकनीकी रूप से ठुकराया : पठानिया

**विधानसभा** अध्यक्ष ने साफ किया कि सुधीर शर्मा की ओर से लाया गया प्रस्ताव तकनीकी रूप से सही प्रक्रिया का पालन नहीं करता था, और मुख्यमंत्री सुक्खू ने इसे जनमानस को भ्रमित करने वाला राजनीतिक प्रयास बताया है।

# ओडीआई सूची पर पक्ष और विपक्ष में घमासान, पारदर्शिता की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सातवें दिन का सत्र छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर केंद्रित रहा। प्रश्न संख्या 2319 के अंतर्गत ओडीआइ (संदिग्ध निष्ठा वाले अधिकारी) सूची में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा-विस्तार एवं पुनर्नियुक्तियों का विषय सदन में गरमाया रहा। इस प्रश्न को विधायक सतपाल सत्ती ने उठाया, जबकि वरिष्ठ विधायक रणधीर शर्मा ने इससे जुड़े विवरणों की मांग करते हुए पूरे सदन का ध्यान आकर्षित किया।

विधायक रणधीर शर्मा ने सरकार से यह स्पष्ट जानकारी मांगी कि किन विभागों में कितने ऐसे अधिकारी या कर्मचारी हैं जिन्हें ओडीआई सूची में होने के बावजूद सेवा विस्तार या पुनर्नियुक्ति प्रदान की गई। शर्मा ने दो वर्षों में ओडीआई सूची से हटाए गए अधिकारियों के विवरण की भी मांग की।

सरकार की ओर से प्रारंभिक उत्तर में कहा गया कि जानकारी संकलन की प्रक्रिया में है और शीघ्र ही विस्तृत विवरण सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पारदर्शिता के सिद्धांत पर अड़िग है और किसी भी प्रकार की अराजक या संदिग्ध प्रक्रिया को संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

# विस में उठी बाल सेविकाओं और सहायिकाओं के मानदेय की समस्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत बाल सेविकाओं और सहायिकाओं को लेकर एक गंभीर विषय सामने आया।

### विधायक जीत राम कटवाल ने उठाया मुद्दा

शून्यकाल के दौरान भाजपा विधायक जीत राम कटवाल ने यह मामला उठाया कि कोरोना काल के समय अप्रैल 2021 से दिसंबर 2021 तक और फिर जनवरी 2024 से अब तक इन कार्यकर्ताओं को मानदेय नहीं मिला है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह स्थिति पहले उनके संज्ञान में नहीं थी और उन्होंने विभाग



को निर्देश दिए हैं कि यदि केंद्र से किसी सहायता की प्रतीक्षा है, तो उसकी भी समुचित समीक्षा की जाए। विधायक जीत राम कटवाल ने सदन में बताया कि राज्य में सैकड़ों बाल सेविकाएं और सहायिकाएं हैं, जो आंगनबाड़ी केंद्रों, क्रैच और शिशु सेवा केंद्रों में छोटे बच्चों की देखरेख जैसे अहम कार्यों में जुटी हैं।

उन्हें क्रमशः तीन हजार और पंद्रह सौ रुपए मासिक मानदेय मिलता है, जो उनके लिए एकमात्र आय का स्रोत है। कटवाल ने कहा कि राज्य सरकार को केंद्र से अनुदान की प्रतीक्षा किए बिना मानवीय आधार पर चार से पांच करोड़ रुपए की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि इस वर्ग को राहत मिल सके।

### भविष्य में ऐसी स्थिति नहीं बनने देंगे

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने माना कि बाल सेविकाओं और सहायिकाओं को भुगतान में हुई देरी अत्यंत चिंताजनक है और इसे गंभीरता से लिया जाएगा। यदि भारत सरकार से धनराशि प्राप्त होनी है, तो उसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। साथ ही, विभागीय स्तर पर जांच कराकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसी स्थिति भविष्य में न दोहराई जाए। सरकार अपने स्तर पर प्रयास करेगी ताकि इन महिलाओं को उनका बकाया मानदेय शीघ्र मिल सके।

# स्थानीय दूध उत्पादकों को सौंपा जाएगा मिल्क कूलर चलाने का काम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में अब स्थानीय दूध उत्पादकों को बल्क मिल्क कूलर चलाने का जिम्मा सौंपा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि दूध उत्पादक स्वयं इन कूलरों की देखरेख करेंगे ताकि दूध खराब न हो और सरकार इसके बदले उन्हें कमीशन देगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को विधानसभा में आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार द्वारा नियम 62 के तहत उठाए गए मामले पर हस्तक्षेप करते हुए बोल रहे थे। विधायक लोकेंद्र कुमार ने 'दुग्ध चिलिंग प्लांट की तकनीकी खराबी के कारण हजारों लीटर दूध बर्बाद होने' की समस्या को सदन में उठाया। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि चिलिंग प्लांट में तकनीकी खराबी की सूचना मिली थी।

बाद में पता चला कि मशीन सही थी, लेकिन बिजली बोर्ड की सिंगल लाइन के कारण पर्याप्त वोल्टेज उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। इस वजह से कूलर काम नहीं कर सका और दूध खराब हो गया। समिति के सचिव ने बिना अनुमति के दूध नाले में गिरा दिया, जिस पर उसे नोटिस दिया गया है।

# कानून की पढ़ाई जीवन बदल सकती है : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विधि विभाग, दाड़लाघाट कॉलेज और घाईघाट स्कूल के लगभग 260 छात्र-छात्राओं ने आज विधानसभा सचिवालय का दौरा किया और मानसून सत्र की कार्यवाही को प्रत्यक्ष देखा। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से भेंट की और संवाद किया।

पठानिया ने छात्रों को कहा कि कानून की पढ़ाई न केवल ज्ञानवर्धक है, बल्कि यह जीवन में सामाजिक बदलाव लाने का माध्यम भी बन सकती है।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया छात्रों से संवाद करते हुए।

### छात्रों को सरदार पटेल का जिक्र कर किया प्रेरित

**अध्यक्ष** पठानिया ने छात्र जीवन और वकालत के दिनों को साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं एक अधिवक्ता रहे हैं और 1981 में जिला चंबा में वकालत शुरू की थी। 1985 में वे सबसे कम उम्र के विधायक बने। संवाद के दौरान कुलदीप पठानिया ने स्वतंत्रता संग्राम के वकील नेताओं जैसे महात्मा गांधी और सरदार पटेल का जिक्र कर छात्रों को प्रेरित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने छात्रों को सदन की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विपक्ष के नेताओं को नीचा दिखाना रणनीति का हिस्सा : विपिन परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में मंगलवार को उस समय राजनीतिक तापमान चरम पर पहुंच गया, जब भाजपा विधायक सुधीर शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के खिलाफ लाया गया विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने खारिज कर दिया। इस फैसले के बाद सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई।

स्पीकर के फैसले के बाद पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सदन में कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा निवेशकों को लेकर की गई 'हिमाचल को बेचा जा रहा है' जैसी टिप्पणी राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली है। वहीं, विपिन परमार ने कहा कि सत्ता पक्ष की टिप्पणियों को अखबारों में प्रमुखता से छापा जा रहा है, जो विपक्ष के नेताओं को नीचा दिखाने की रणनीति का हिस्सा है। पठानिया ने स्पष्ट किया कि विधानसभा में दर्ज किसी भी बात को तभी स्वीकार किया जाएगा, जब वह तथ्यों और नियमों के तहत हो।

## विधानसभा अध्यक्ष ने ली सलामी



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चौदहवें सत्र मानसून के सातवें दिन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां जब सचिवालय पहुंचे तो उन्हें पारंपरिक सम्मान के साथ सलामी दी गई। यह दृश्य अत्यंत गौरवपूर्ण था, जब अध्यक्ष महोदय ने सत्र की शुरुआत से पहले पूरे अनुशासन और मर्यादा के साथ इस सम्मान को स्वीकार किया। सचिवालय परिसर में अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों ने पूर्ण निष्ठा और गरिमा के साथ अध्यक्ष का स्वागत किया।

## प्रदेश पर कर्ज | सुक्खू सरकार ने बताया कितना लिया लोन और क्यों

# 98 हजार करोड़ के पार हिमाचल का कर्ज

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान राज्य के कुल कर्ज को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लिखित जवाब में बताया कि राज्य पर इस समय 98,182 करोड़ रुपए का कर्ज है, जो जल्द ही एक लाख करोड़ को छू सकता है। वर्ष 2023 के जून माह से अब तक सरकार ने खुले बाजार से 20,350 करोड़ रुपए का ऋण लिया है। यह जानकारी भाजपा विधायकों जनकराज और त्रिलोक जम्वाल के सवाल पर दी गई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हिमाचल की राजस्व आय सीमित है और राज्य को केंद्र सरकार पर काफी हद तक निर्भर रहना पड़ता है। वर्ष 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद हिमाचल को राजस्व में नुकसान हुआ, जिसकी भरपाई वर्ष 2022 तक केंद्र सरकार करती रही। अब यह सहायता बंद हो गई है। इसके अलावा वित्त आयोग से मिलने वाला राजस्व घाटा अनुदान भी घटकर 3,257 करोड़ रुपए रह गया है। पहले यह राशि 11,431 करोड़ रुपए थी। इन स्थितियों में राज्य को आवश्यक योजनाओं और खर्चों के लिए ऋण पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

### जीएसटी लागू होने के बाद राजस्व में हुआ नुकसान

### कहा-2022 तक केंद्र सरकार करती रही भरपाई




### कर्ज के साथ-साथ आय बढ़ाने के प्रयास भी जारी

मुख्यमंत्री की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में सरकार ने कुल 26,830 करोड़ रुपये का कर्ज लिया है, जिसमें नाबार्ड, केंद्र सरकार की ब्याज मुक्त योजनाएं और सामान्य भविष्य निधि (ग्क्क्त) से लिए गए ऋण शामिल हैं। इसी अवधि में 8,253 करोड़ रुपये का कर्ज सरकार चुका चुकी है। सरकार ने राजस्व में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, जैसे आबकारी नीति में संशोधन, वैट और मिल्क सेस में वृद्धि, सरकारी बसों में पुलिस कर्मियों के किराए में बदलाव और अवैध खनन पर रोक।


# पर्यावरणीय संतुलन के बिना नहीं होगा भविष्य का विकास : विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक महत्वपूर्ण संदेश साझा करते हुए राज्य की पर्यावरणीय चुनौतियों पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि बेतरतीब सड़क निर्माण, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के चलते प्रदेश की नाजुक भौगोलिक संरचना पर खतरा मंडरा रहा है। मंत्री ने माना कि अब वक्त आ गया है जब विकास के तौर-तरीकों में मूलभूत बदलाव लाने की जरूरत है, ताकि प्रकृति और प्रगति में संतुलन स्थापित किया जा सके।

मंत्री सिंह ने स्पष्ट किया कि अब प्रदेश में कोई भी सड़क परियोजना बिना वैज्ञानिक और पर्यावरणीय आकलन के शुरू नहीं होगी। उन्होंने

### सड़क निर्माण में आएगा ठहराव, पहले किया जाएगा पूरा अध्ययन



कहा कि हर नई सड़क योजना से पहले भूवैज्ञानिक और पारिस्थितिकीय अध्ययन अनिवार्य होगा। साथ ही, आधुनिक तकनीकों की मदद से ऐसी निर्माण प्रणालियां अपनाई जाएंगी जो पहाड़ों की स्थिरता को नुकसान न पहुंचाएं।

### पौधरोपण, जल संरक्षण और पारंपरिक तकनीकों पर दिया जाएगा जोर

विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि हर सड़क परियोजना के साथ एक अनिवार्य पौधरोपण अभियान भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पारंपरिक जल स्रोतों जैसे कुहल, बावड़ी और तालाब को फिर से जीवित किया जाएगा और गांव-गांव में वर्षा जल संचयन की आधुनिक व्यवस्था की जाएगी।

निर्माण कार्यों में स्थानीय सामग्री का उपयोग बढ़ाया जाएगा और पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचे, इसके लिए आधुनिक तकनीकों को भी अपनाया जाएगा।

### जनसहभागिता और शिक्षा से जुड़ेगा हर हिमाचली

**मंत्री** ने यह भी साफ किया कि केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने स्तर पर वृक्षारोपण करें, पानी की बर्बादी रोकें और पारंपरिक खेती के तरीकों को अपनाएं। साथ ही, पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को अपनाकर इस मिशन में भागीदारी निभाएं। शिक्षा व्यवस्था में पर्यावरण संरक्षण को अनिवार्य बनाने और युवाओं को हरित रोजगार से जोड़ने की भी घोषणा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### लुधियाना का युवक 5.40 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत नशा माफिया पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में बैजनाथ पुलिस ने लुधियाना निवासी से 5.40 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बैजनाथ की टीम ने गश्त के दौरान कुलवंत सिंह (35) निवासी गांव अजीतनगर, जिला लुधियाना, पंजाब से चिट्टा बरामद किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

### दो दिवसीय निःशुल्क ईएनटी शिविर 30 से

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा कांगड़ा, रिपुदमन चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 30 और 31 अगस्त को गोपाल बाग घुरकड़ी कांगड़ा में दो दिवसीय निःशुल्क ईएनटी (कान, नाक, गला) शिविर का आयोजन किया जाएगा। मरीजों की निःशुल्क सर्जरी 30 अगस्त सुबह 11 बजे सिटी अस्पताल कांगड़ा में की जाएगी। मैक्स ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के ईएनटी एवं हेड एंड नेक सर्जरी के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. संजय सचदेवा उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान हियरक्लियर इंडिया लिमिटेड के विशेषज्ञ ऑडियोलॉजिस्ट की ओर से निशुल्क ऑडियोमेट्री जांच भी की जाएगी।

### बर्तिका की याद में लगाया रक्तदान शिविर



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा सेवियर्स क्लब की ओर से नगरोटा की बेटी बर्तिका की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 109 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष वरुण मारवाह, जस्टिस चौधरी, गुलशन, सचिन वासुदेवा, शान भंडारी, सुनील कपूर, शिवम् सोनी, अतुल सोनी, आशीष सोनी, शुभम धीमान, भृगु नंदन और जग्गू नौरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### हिमालयन गोरखा समुदाय ने मनाया हरियाली पर्व

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमालयन गोरखा समुदाय बैजनाथ की ओर से हरियाली तीज का पर्व मनाया गया । महाराजा पैलेस बैजनाथ में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में गोरखा समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपमंडल अधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने बतौर मुख्य अतिथि तथा भारतीय विद्यापीठ के निदेशक नवनीत डोगरा तथा ऋषभ पांडव वशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि संकल्प ने कहा कि गोरखा समुदाय समाज को जोड़ने का बहुत अच्छा प्रयास कर रहा है, जिसके लिए भी बधाई के पात्र है। उन्होंने गोरखा समुदाय को विश्वास दिलाया कि प्रशासन की ओर से उन्हें हरसंभव से सहयोग दिए जाएगा। हिमालयन गोरखा समुदाय के प्रधान वीर खड़का ने बताया कि हरियाली तीज का व्रत महिलाएं भोले शंकर की तरह मनचाहा वर प्राप्त करने के लिए रखती हैं । अपनी पारंपरिक वेशभूषा धारण किए गोरखा समुदाय के लोगों ने नेपाली और भारतीय फिल्मों के गीत गाकर सभी का मन मोह लिया । इस मौके पर पूर्व में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव रहे ऋषभ पांडव, हिमाचल पंजाब गोरखा एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंदर सिंह राणा सहित गोरखा समुदाय के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## सरदार पटेल विश्वविद्यालय की पहचान बचाने को होगा संघर्ष: नैंसी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एबीवीपी की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। वर्ष 2023 में सबसे पहले विश्वविद्यालय का दायरा घटाकर सरकार ने यह साफ कर दिया था कि उसका उद्देश्य विश्वविद्यालय को मजबूत करना नहीं, बल्कि इसके हाथ काटना है। जब विश्वविद्यालय खोला गया था तब इसके अंतर्गत 128 कॉलेज आते थे, लेकिन प्रदेश सरकार ने दायरा घटाकर इन्हें घटाकर मात्र 42 कॉलेजों तक सीमित कर दिया। अब हाल ही में जारी बीएड कॉलेजों की नोटिफिकेशन के बाद केवल 24 कॉलेज ही शेष बच रहे हैं। यह आंकड़े साफ करते हैं कि सरकार की मंशा विश्वविद्यालय को धीरे-धीरे समाप्त करने की है। बीएड कॉलेजों को सरदार पटेल विश्वविद्यालय से हटाकर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में मिलाने का निर्णय विश्वविद्यालय की पहचान और अस्तित्व पर सीधा प्रहार है।

# बरसात जाने का इंतजार ताकि पर्यटन पकड़े रफ्तार

## बरसात में 5 फीसदी तक सिमटी होटलों में ऑक्यूपेंसी

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** प्रदेश सहित कांगड़ा जिले में बरसात ने खूब कहर बरपाया है। होटल कारोबार इससे खासा प्रभावित हुआ है, ऐसे में अब पर्यटन कारोबारियों को बरसात के जाने का इंतजार है, ताकि पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ सके।

**धार्मिक पर्यटन से भी पूर्व में बढ़ती थी चहलकदमी**

जिले में बरसात के दौरान इस बार भारी नुकसान हुआ है। जगह-जगह भूस्खलन से मार्ग प्रभावित हो रहे हैं। यही वजह है कि पूर्व के वर्षों में बरसात के दौरान मैक्लोडगंज व धर्मशाला के होटलों में 10 से 15 फीसदी रहने वाली ऑक्यूपेंसी, इस बार 4 से 5 फीसदी तक सिमट कर रह गई है। पूर्व में अगस्त माह के दौरान धार्मिक स्थलों के दर्शनों के लिए आने वाले पर्यटक मैक्लोडगंज और धर्मशाला का भी रुख करते थे, लेकिन इस बार ऐसे पर्यटकों की चहलकदमी कम रही है।

### बुकिंग भी हो रही रद्द

बरसात के चलते पर्यटकों की ओर से करवाई गई अग्रिम बुकिंग बीच-बीच में रद्द हो रही हैं। पर्यटकों को विभिन्न माध्यमों से हिमाचल में बरसात से आ रही आपदा की सूचनाएं मिल रही हैं। ऐसे में पर्यटक यहां आने से गुरेज कर रहे हैं। इस बार बरसात समय से पहले आई थी और धर्मशाला में भी भारी बरसात हुई, इसके बावजूद यहां के बेहतर ड्रेनेज सिस्टम के चलते ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद है कि समय से पहले आई बरसात, समय से पहले रुखसत होगी और पर्यटन कारोबार में इजाफा होगा।



पूर्व के वर्षों में बरसात के दौरान विशेषकर अगस्त माह में होटलों में ऑक्यूपेंसी 10 से 15 फीसदी तक रहती थी, लेकिन इस बार विभिन्न माध्यमों से प्रदेश में हुए नुकसान की सूचनाएं मिलने से धर्मशाला व मैक्लोडगंज में ऑक्यूपेंसी 5 फीसदी तक सिमट गई है। अब बरसात के जाने का इंतजार है, ताकि पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ सके।
**-राहुल धीमान, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला।**

## डीएलएड के दूसरे चरण की काउंसिलिंग स्थगित

**काउंसिलिंग तिथियों का पुनः निर्धारण करेगा बोर्ड**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड कोर्स 2025-27 के लिए प्रस्तावित दूसरे चरण की काउंसिलिंग को स्थगित करने का निर्णय लिया है। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में लगातार हो रही भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण सड़क यातायात एवं संचार व्यवस्था बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए 28 अगस्त से 1 सितंबर तक निर्धारित काउंसिलिंग अब निर्धारित तिथियों पर आयोजित नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि नई तिथियां शीघ्र ही पुनः अधिसूचित की जाएंगी। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट चेक कर सकते हैं या अधिक जानकारी के लिए दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं। इस निर्णय से उन अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी, जिन्हें खराब मौसम और बाधित परिवहन सेवाओं के चलते काउंसिलिंग तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता था।

## जनचेतना संस्था ने उठाए प्रस्तावित कार्निवल पर सवाल



कार्निवल पर खर्च होने वाली राशि को आपदाओं पर खर्च किया जाए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जन** चेतना संस्था धर्मशाला की बैठक अध्यक्ष आरसी कटोच की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संस्था ने धर्मशाला में प्रस्तावित कार्निवल पर सवाल उठाए हैं।

संस्थान ने सुझाव दिया कि इस आयोजन पर खर्च होने वाली राशि को प्रदेश में आ रही आपदाओं पर खर्च किया जाए। इसके अलावा आम जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में कहा गया कि धर्मशाला के जोनल अस्पताल में विशेषज्ञ व अन्य डॉक्टरों की भारी कमी है, जिसके चलते विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और वरिष्ठ नागरिकों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने सरकार से मांग की कि अस्पताल में सभी रिक्त पदों को तुरंत भरा जाए। कांगड़ा-रानीताल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित टोल प्लाजा से तब तक टोल वसूली न करने की सिफारिश की गई, जब तक सड़कें पूरी तरह से बहाल न हो जाए। वहीं, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए धर्मशाला में विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाने की दिशा में पुलिस विभाग द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत किया गया और इसके लिए प्रशासन व पुलिस का धन्यवाद किया गया।

### बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में शारदीय नवरात्र की तैयारियों पर बैठक

## मंदिर की सुरक्षा, लंगर, बिजली और पानी व्यवस्था के लिए उपसमितियां गठित

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** आगामी शारदीय कालीन नवरात्र के मद्देनजर बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



शारदीय नवरात्र की तैयारियों को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक।

बैठक में मंदिर अधिकारी अशोक पठानिया, ट्रस्ट सदस्य व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम जसवाल ने बताया कि हर वर्ष लाखों श्रद्धालु नवरात्र के दौरान दर्शन के लिए कांगड़ा मंदिर पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुविधाओं की जिम्मेदारी प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में प्रत्येक विषय पर बिंदुवार चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सभी विभागों को उनके कार्य समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए। मंदिर में सफाई, सुरक्षा, सजावट, लंगर, बिजली व पानी जैसी व्यवस्थाओं के लिए उपसमितियां गठित की गईं। श्रद्धालुओं के आवास, पार्किंग और मार्गदर्शन के लिए साइन बोर्ड लगाने पर विशेष जोर दिया गया। मेला अधिकारी और मेला सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति, सुरक्षा कैमरों की मरम्मत, बाणगंगा में सुरक्षाबल की तैनाती, और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर में लंगर की साफ-सफाई और चपाती की व्यवस्था पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त मंदिर पुस्तकालय में 1 लाख रुपए की पुस्तकों की व्यवस्था तथा निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत 50 क्षय रोगियों को छह माह तक न्यूट्रीशन देने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में विभिन्न कर्मचारियों की नियुक्तियों पर भी चर्चा हुई। एसडीएम ने सभी अधिकारियों को नवरात्र के दौरान पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए।

## वाया गढ़ बसदी सीटीयू बस बनी लाइफ लाइन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** चंडीगढ़ से बैजनाथ के लिए वाया गढ़ बसदी शुरू हुई चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) की बस इलाके के लोगों के लिए लाइफ लाइन बन गई है। यह बस रूट चार साल के अथक प्रयासों के बाद शुरू हो पाया है। इसमें जगत राम पुत्र नत्थू राम का अहम योगदान रहा। उन्होंने बताया कि यह पहल सबसे पहले धर्म पाल चांगरु (सेवानिवृत्त पटवारी) से चर्चा के दौरान हुई थी। आसपास के लोग अक्सर मांग करते थे कि यहां से सीधी बस चंडीगढ़ के लिए चलनी चाहिए। इसके बाद पंचायत प्रधान मलकेहड, जमूला और गढ़ से प्रस्ताव मंगवाए गए। 19 सितंबर 2021 को सीटीयू ऑफिस चंडीगढ़ में इस रूट पर कार्रवाई शुरू हुई। इस दौरान जगत राम लगातार जनता के हित में पैरवी करते रहे। अंततः प्रयास रंग लाए और बस सुविधा शुरू हो गई। इस केस को फाइनल कराने में संजय सिंह चौहान चेयरमैन सहकारी बैंक एवं अध्यक्ष सुलह कांग्रेस हिमाचल प्रदेश ने भी भरपूर मदद की।

# आज से गणपति बप्पा मोरया के रंग में रंगेगी शिवनगरी

## गणपति भगवान की मूर्ति नहीं होगी विसर्जित, मंदिर में होगी स्थापित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** शिवनगरी बैजनाथ आज से गणपति बप्पा मोरया की जयकारों से रंगने वाली है। हर वर्ष की भांति इस बार भी बैजनाथ में गणेश महोत्सव का आयोजन 27 अगस्त से 6 जुलाई तक किया जाएगा। बैजनाथ में गणेश उत्सव का आरंभ गणेश युवा मंडल द्वारा 15 वर्ष पहले एक छोटे से पंडाल में किया था। पिछले 8 सालों से पंडोल रोड क्लब की ओर से भी गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है।



महोत्सव के प्रधान मनोज कपूर ने बताया कि इस बार गणेश उत्सव पंडोल रोड द्वारा गणपति बप्पा मूर्ति को विसर्जन न करने का निर्णय लिया है। इसके लिए उन्होंने 5 लाख की एक विशेष धातु से बनी मूर्ति गणेश पंडाल में स्थापित करने का निर्णय लिया है। 9 दिन पूजा-अर्चना करने के बाद विशेष रूप से बनाए गए एक मंदिर में स्थापित कर दिया जाएगा। इसके बाद सारा साल इस मूर्ति विधि-विधान से पूजा-अर्चना होती रहेगी।

**5 लाख से बनी विशेष धातु की मूर्ति होगी पंडाल में स्थापित**

उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव के दौरान रात को धार्मिक संध्याओं का भी आयोजन किया जाएगा। गणेश महोत्सव पंडोल रोड द्वारा दोपहर में भागवत का आयोजन किया जाएगा। मनोज कपूर ने बताया कि इस बार कांगड़ा-चंबा के सांसद राजीव भारद्वाज, प्रदेश टूरिज्म के अध्यक्ष एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली भी उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

## भारी बारिश से रेहलू-बोड़ु सारना रोड दो दिन से बंद



भूस्खलन से रेहलू और बोड़ु सारना पंचायत का संपर्क पूरी तरह से कटा हुआ है।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**रेहलू** के पास भारी भूस्खलन के चलते पिछले दो दिन से रेहलू और बोड़ु सारना पंचायत का संपर्क पूरी तरह से कटा हुआ है। वैकल्पिक मार्ग की सुविधा न होने के चलते लोग भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। दर्जनों गाड़ियां ऊपरी क्षेत्र में फंसी हुई हैं।

भूस्खलन के चलते घरों और दुकानों को भी खतरा बना हुआ है। यहीं नहीं किला में भारी भूस्खलन के चलते पेड़ गिरने से बिजली लाइन चपेट में आई है, जिसके चलते तारें टूट गई हैं। पिछले तीन दिनों से बिजली गुल है। वहीं, लोगों ने लोक निर्माण विभाग शाहपुर, एसडीएम शाहपुर और विधायक केवल सिंह पठानिया से मांग उठाई है कि इस मार्ग को खोलने और साथ लगते घरों और दुकानों को होने वाले संभावित नुकसान से बचाने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं।

# कुहना गांव में बारिश से एक घर जमींदोज

## दो घरों को आई भारी दरारें; तीन परिवार हुए बेघर, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा

**बेटी की शादी से पहले उजड़ा घर, परिवार सदमे में आया**

**शालिनी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**रक्कड़।** विकास खंड परागपुर की कुहना पंचायत के महाशय बस्ती में मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भारी बारिश के चलते तीन परिवारों के मकान खतरे की चपेट में आ गए। पहाड़ी खिसकने से एक मकान पूरी तरह जमींदोज हो गया, जबकि दो अन्य मकानों में दरारें पड़ गईं और वे अब रहने लायक नहीं बचे। प्रभावित परिवारों में तिलक राज, अशोक कुमार और जगदीश चंद शामिल हैं, जिनके मकान इस प्राकृतिक आपदा का शिकार बने। रातभर हुई मूसलधार बारिश के बाद सुबह जब लोग जागे तो देखा कि मकानों के नीचे की जमीन धंस चुकी है और धीरे-धीरे दरारें चौड़ी होती जा रही हैं। तिलक राज का हाल ही में बना नया मकान भी अब खंडहर बन चुका है। सूचना मिलते ही उपप्रधान संजीव कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से मकानों से सामान बाहर निकाल कर परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा सहित पटवारी और अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। जगदीश चंद का परिवार इस हादसे से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, क्योंकि उनकी बेटी की शादी कुछ ही दिनों बाद होनी थी। शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, लेकिन अब पूरा परिवार सदमे में है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मुआवजा और स्थायी सुरक्षा उपायों की मांग की है।



महाशय बस्ती में पहाड़ी के दरकने से मकान में पड़ी दरारें।

**गुड न्यूज** शिक्षा बोर्ड के स्टाफ को एचपीटीडीसी होटलों में भोजन व ठहरने पर मिलेगी छूट

# एचपी शिक्षा बोर्ड और एचपीटीडीसी में एमओयू

**भोजन पर 15 और निगम होटलों में ठहरने पर 20 फीसदी छूट**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों को हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के होटलों में छूट मिलेगी।

एचपी बोर्ड और एचपीटीडीसी के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है, जिसके तहत निगम के होटलों में बोर्ड स्टाफ को भोजन पर 15 फीसदी, जबकि निगम के होटलों में ठहरने पर 20 फीसदी छूट मिलेगी। यही नहीं समय-समय पर घोषित अधिकतम अधिसूचित छूट का लाभ भी बोर्ड स्टाफ को मिलेगा। एचपीटीडीसी के धर्मशाला-पालमपुर कॉम्प्लेक्स के सहायक महाप्रबंधक कैलाश चंद्र ठाकुर और बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान दोनों संस्थानों ने पर्यटन विकास व सहयोगात्मक अवसरों पर चर्चा करते हुए हिमाचल में आतिथ्य क्षेत्र को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले एचपीटीडीसी, आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज पपरोला, मेडिकल कॉलेज टांडा और केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला जैसे संस्थानों के साथ भी एमओयू कर चुका है। कैलाश चंद्र ठाकुर ने बताया कि निगम ग्राहकों को स्वादिष्ट भोजन और बेहतरीन आतिथ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जाना जाता है और भविष्य में जिले के अन्य संस्थानों के साथ भी ऐसे समझौते किए जाएंगे।





एचपीटीडीसी के धर्मशाला-पालमपुर कॉम्प्लेक्स के सहायक महाप्रबंधक कैलाश चंद्र ठाकुर और बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

## घरधोली गांव में जांचा 42 लोगों का स्वास्थ्य

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने शांतला पंचायत के घरधोली गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया, जिसका संचालन एमओ डॉक्टर विजय जरियाल ने किया। शिविर में 42 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 36 के लैब टेस्ट शामिल थे। 8 हड्डी रोगी, 7 शुगर, 3 बीपी, 1 स्त्री रोग और 23 सामान्य रोगी थे। सभी को विस्तृत जांच एवं सलाह प्रदान की गई। डॉक्टरों ने उन्हें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## शाहपुर में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर मंथन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पूर्व सैनिक लीग यूनिट शाहपुर की मीटिंग कर्नल जय सिंह (वीएसएम) की अध्यक्षता में लीग कार्यालय शाहपुर में हुई। बैठक में लीग सदस्य और आसपास के सभी पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान करना और अन्य प्रशासनिक कार्य में सैनिक की मदद करना था। बैठक में बताया कि स्टेशन हेड क्वार्टर धर्मशाला से जानकारी मिली है कि सभी पूर्व सैनिक अपनी डिस्चार्ज बुक का पेज नंबर, दो, तीन और फैमिली डिटेल वाला पन्ना, पीपीओ और आधार कार्ड की फोटो कॉपी लीग ऑफिस में जमा करवाएं। ये प्रक्रिया पूर्व सैनिकों का रिकॉर्ड अपडेट करने के लिए किया जा रहा है। इस मौके पर सचिव रत्न चंद, प्रेस सचिव सुरेंदर पटियाल, मेजर पीसी डोगरा, कुलदीप बलौरिया, कैप्टन जनमेज सिंह, गोविंद सिंह, संसार सिंह, विजय कुमार, अमर सिंह, संतोष कुमार, भगवान दासा, लोकेश नाग, सूबेदार मेजर प्रीतम चंद आदि मौजूद रहे।

# आपदा के बीच ब्राह्मण बोर्ड का गठन दुर्भाग्यपूर्ण : शांता

**हिमाचल सरकार के फैसले पर जताई कड़ी आपत्ति**

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने हिमाचल सरकार के हालिया फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य में अभूतपूर्व आपदा की स्थिति के बीच ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से वह आहत, दुखी और शर्मिंदा हैं। शांता कुमार ने जारी प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश इस समय इतिहास की सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है।

बादल फटने की घटनाएं लगातार हो रही हैं, सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, हजारों घायल हैं और सैकड़ों लोग अब भी मलबे में दबे हैं। हजारों परिवार अपने घर-परिवार गंवा चुके हैं और आंखों में आंसू लिए जीवन गुजारने को मजबूर हैं। इसी बीच, बीते सोमवार को राज्य सरकार ने एक ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन कर 126 गैर-सरकारी और 14 सरकारी सदस्यों सहित कुल 140 सदस्यों को शामिल किया है। इस पर शांता ने कहा कि जब मैंने यह खबर में पढ़ी तो यकीन नहीं हुआ। फिर चार अन्य अखबारों को देखा, पर कहीं खबर नहीं थी। लगा कि शायद गलती से छप गई हो, लेकिन जब एक अन्य समाचार पत्र में भी वही खबर देखी तो बेहद शर्मिंदगी महसूस हुई। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आज की भीषण आपदा के समय इससे बड़ा मूर्खतापूर्ण फैसला और कोई नहीं हो सकता। जब पूरा प्रदेश राहत और पुनर्वास की बाट जोह रहा है। ऐसे में इस तरह की फिजूलखर्ची के फैसले भी राज्य की बदहाली के लिए जिम्मेदार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने हिमाचल विधानसभा में कुछ सदस्यों की सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता के नेतृत्व में सभी दलों को मिलकर केंद्र सरकार से मदद की मांग करनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता और सभी सांसदों को दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री से मुलाकात कर आपदा प्रभावितों के लिए भूमि और सहायता की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अधिकांश भूमि वन क्षेत्र घोषित हो चुकी है, यहां तक कि जहां केवल घास उगती है, वह भूमि भी वनभूमि घोषित है। इस कारण पीड़ितों के लिए मकान बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराना सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। उन्होंने केंद्र सरकार से दो लाख करोड़ रुपए की उस धनराशि के उपयोग की मांग दोहराई है, जो बैंकों और एलआईसी में उन लोगों का पड़ा है, जिनके कोई कानूनी वारिस नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही प्रधानमंत्री को इस संदर्भ में सभी बैंकों और एलआईसी की पूरी सूची के साथ पत्र भेजा था। यह धन देश का है और परलोक से कोई वारिस इसे लेने नहीं आएगा। उन्होंने मांग की कि इस धन में से पांच हजार करोड़ रुपए हिमाचल की आपदा राहत के लिए दिए जाएं और केंद्र सरकार इसके लिए उचित कानून बनाए।

# बारिश का कहर : कांगड़ा जिले में 66 सड़कें अवरुद्ध, जनजीवन प्रभावित

## सड़कों को बहाल करने के लिए मशीनरी पहुंचाने में जुटा विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण 66 सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। सड़कों के बंद होने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इन क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह से प्रभावित हुई है, जिसके चलते आम लोगों की परेशानियां और भी ज्यादा बढ़ गई हैं। जानकारी के मुताबिक, जिले के विभिन्न उपमंडलों में भूस्खलन और सड़कों के टूटने से 66 मार्ग बंद हुए हैं। शाहपुर उपमंडल में सबसे अधिक 12 सड़कें यातायात के लिए बंद हो चुकी हैं।

**सबसे अधिक शाहपुर उपमंडल में 12 सड़कें ठप**

जयसिंहपुर उपमंडल में एक सड़क बंद है। लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शाहपुर में 12, भवारना में 8, धर्मशाला में 6, नगरोटा बगवां में 7, पालमपुर में 4, जयसिंहपुर में एक सड़क बंद है। देहरा सर्किल के तहत कोटला बेहड़ में 2, ज्वालामुखी में 4 सड़कें, जबकि नूरपुर सर्किल के तहत इंदौरा में 2, नूरपुर में 11 और फतेहपुर में 9 सड़कें बंद हैं। लोक निर्माण विभाग की ओर से इन सड़कों को खोलने के लिए मशीनरी को पहुंचाया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द इन सड़कों को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

## नूरपुर में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**सचिवालय का रास्ता बंद कई जगह भूस्खलन और कई सड़कें धंसीं**

**रमन राणा, अनंत ज्ञान**

**भडवार।** नूरपुर क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मुख्य बाजार से लेकर गांवों तक जगह-जगह हालात बिगड़े हुए हैं।

कई छोटे-बड़े रास्ते टूट गए हैं, जिससे लोगों की आवाजाही बाधित हो रही है। नूरपुर सचिवालय तक जाने वाला मुख्य मार्ग भी बंद हो गया है। जगह-जगह भूस्खलन और सड़कें धंसने की घटनाएं सामने आई हैं। प्रशासन की टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है, लेकिन बारिश से राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। एसडीएम नूरपुर अरुण शर्मा ने बताया कि मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे तक और बारिश की चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन अलर्ट मोड पर है और लोगों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। सचिवालय जाने वाला मुख्य रास्ता बंद हो गया है, इसलिए प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की है। वहीं, मशीनरी तैनात कर दी गई है, ताकि मौसम अनुकूल होते ही बंद हुए रास्तों को जल्द से जल्द बहाल किया जा सके।



कई जगह भूस्खलन होने से आवाजाही बाधित हो रही है।

## कुठमां में गिरा ल्हासा, पूरा दिन बनी रही जाम की स्थिति



**अनंत ज्ञान, गगल।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह कुठमां में शनि देव मंदिर के पास ल्हासा गिर जाने से पूरा दिन जाम की स्थिति रही। यातायात प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 8 बजे से लेकर 1:30 बजे तक यातायात बाधित हो रहा था। मलबे को हटाने के लिए दो जेसीबी लगी हुई थीं। कुछ समय के लिए जाम खोल दिया जा रहा था, लेकिन यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। इससे जाम की स्थिति बनी रही। जसीबी से मलबे को हटाकर जाम से निजात दिलाई गई।

## महेरना गांव में पोस्ट ऑफिस व आंगनबाड़ी भवन पर गिरा पेड़, कर्मचारी बाल-बाल बचे

**अनंत ज्ञान, गगल**

**भारी** बारिश के चलते महेरना गांव में पीपल का पेड़ पोस्ट ऑफिस और आंगनबाड़ी के भवन पर गिर गया, जिससे दोनों भवन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश बराड़ व जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने कटर से भवन पर गिरे पेड़ की टहनियों को हटवाकर हटवाया। गनीमत यह रही कि जब यह पीपल का पेड़ गिरा, कर्मचारी भवन से बाहर थे। देखते ही देखते उनके सामने पीपल का पेड़ आंगनबाड़ी के भवन के ऊपर गिर गया और वह हादसे का शिकार होने से बच गए। इस अवसर पर वार्ड सदस्य रेखा, ग्रामीण अजय राजोरिया, कपिल चौहान, विजय कुमार, विनोद कुमार अशोक कुमार आदि ने बताया कि इस पेड़ को कटवाने के लिए वन विभाग को सूचित किया था, लेकिन उनकी अनदेखी आज भारी पड़ गई।



महेरना में पोस्ट ऑफिस और आंगनबाड़ी भवन पर गिरा पेड़।

## चक्की पुल असुरक्षित, ट्रैफिक वन-वे

**रेलवे पुलिस चौकी भी क्षतिग्रस्त**



चक्की रेलवे ब्रिज से भी एक तरफ से ट्रेनों की आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया है।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** भारी बारिश के चलते चक्की खड्ड में बाढ़ आने से जालंधर-पठानकोट पर बने चक्की पुल के असुरक्षित होने के चलते यातायात के लिए एक तरफ से बंद कर दिया गया है। वहीं, दूसरी तरफ से भारी वाहनों पर भी रोक लगा दी गई है।

उधर, चक्की रेलवे ब्रिज पर भी एक ब्रिज पर ट्रेनों का आवागवन पूरी तरह से बंद कर दिया है और दूसरी तरफ से गाड़ियों की स्पीड करीब 10 किलोमीटर रखी जा रही है। जम्मू से नॉर्दर्न रेलवे के डीआरएम विवेक कुमार ने अधिकारियों के साथ रेलवे ब्रिज का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ घंटे के बाद ही सही पता चलेगा कि यह ब्रिज सुरक्षित है या असुरक्षित। वहीं, रेलवे ब्रिज पर बनी रेलवे पुलिस चौकी भी एक तरफ से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। ढांगू पीर मिडिल सरकारी स्कूल का शौचालय तथा दीवार भी बह गई है तथा साथ लगते रिहायशी मकानों को खतरा उत्पन्न हो गया है।



## शाहपुर उपमंडल में गोशाला व घर ढहने से लाखों का नुकसान



भारी बारिश के कारण अंबाड़ी पंचायत में ढही प्रवीन कुमारी की गोशाला।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** शाहपुर उपमंडल के अंतर्गत भारी बारिश के चलते पिछले 24 घंटे में प्राकृतिक आपदा में एक स्लेटपोश कच्चा घर, पांच गोशाला और चार रसोई घर ढहने से चार लाख 45 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

एसडीएम शाहपुर करतार चंद ने बताया कि भारी वर्षा से सरोत सिंह निवासी हार उपतहसील दरिनी की गोशाला ढहने से 5,000, किशोर कुमार निवासी दरिनी खुर्द उपतहसील दरिनी की रसोई के रूप में 30,000 रुपए, सत्या देवी निवासी हथोड़ उप तहसील दरिनी की रसोई की क्षति राशि 60,000, गीता देवी निवासी सुपेड़ा उपतहसील दरिणी की रसोई से नुकसान 40,000, अश्वनी कुमार निवासी हरनेरा तहसील शाहपुर की गोशाला से 10,000 रुपए, राजीव कुमार निवासी मझियार तहसील शाहपुर की गोशाला से 20,000, रिशु निवासी कियारी शाहपुर की रसोई के रूप में 40,000, राकेश कुमार निवासी शाहपुर का कच्चा घर (आंशिक रूप से 60 फीसदी) (नुकसान राशि 2,00,000), परवीन कुमारी निवासी अम्बारी की गोशाला (नुकसान राशि 30,000), गुड्डु राम निवासी बासा की गोशाला आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त, तहसील शाहपुर से दस हजार रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है।

## पौंग झील का जलस्तर बढ़ा 12 गांवों का संपर्क कटा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** लगातार बारिश के चलते पौंग झील का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। झील का स्तर 1390.56 फुट पर पहुंच चुका है। खतरे का निशान 1390 फुट है। जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच चुका है। झील में इनफ्लो 2,30,240 क्यूसेक और आउटफ्लो 79,592 क्यूसेक दर्ज किया गया है। झील से छोड़े गए पानी के कारण बडूखर-रियाली-हाजीपुर मार्ग पर पानी भर गया, जिससे रियाली पंचायत के मंड भोग्रवां समेत 12 गांवों का संपर्क हिमाचल से कट गया है। प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुट गई हैं।

**जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच चुका**

**बडूखर-रियाली हाजीपुर मार्ग पर आवाजाही ठप**

एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती, थाना प्रभारी पवन गुप्ता और बीएमओ फतेहपुर डॉ. रीचा मौके पर मौजूद हैं। एनडीआरएफ की टीमें प्रभावित गांवों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम कर रही हैं। वहीं स्थानीय लोगों की बचाव टीमें भी प्रशासन का सहयोग कर रही हैं। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने बताया कि रियाली सड़क पर पानी आने के कारण रियाली क्षेत्र का फतेहपुर से संपर्क कट गया है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ और प्रशासन की टीमें लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने व सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।

## भारी बारिश और भूस्खलन से 119 बस सेवाएं हुई प्रभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भारी** बारिश ने मंगलवार को प्रदेश की परिवहन सेवाओं को बुरी तरह प्रभावित किया। हिमाचल पथ परिवहन निगम मंडल धर्मशाला के अंतर्गत चलाई जाने वाली कुल 778 सेवाओं में से 119 सेवाएं बाधित हुई हैं। इनमें 61 सेवाएं पूरी तरह स्थगित करनी पड़ीं, 12 सेवाएं रास्ते में ही फंस गईं और 46 सेवाओं को छोटा कर चलाना पड़ा। सबसे अधिक असर पठानकोट यूनिट पर पड़ा जहां 30 सेवाएं प्रभावित हुईं, जबकि धर्मशाला यूनिट में 30 और नगरोटा बगवां यूनिट में 26 सेवाएं बाधित हुईं। पालमपुर में 3, बैजनाथ में 10 और जोगिंद्रनगर में 20 सेवाएं प्रभावित हुईं।

**स्थगित करनी पड़ी 61 सेवाएं, 12 बसें रास्ते में फंसी**

वहीं, चंबा यूनिट की सेवाएं सुचारु रूप से चलीं। उधर, डीएम एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला पंकज चड्डा ने बताया कि लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन के चलते मार्ग अवरुद्ध होने से यह स्थिति बनी है। उन्होंने बताया कि बरसात के चलते निगम के चालकों व परिचालकों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

## रावी नदी उफान पर, पठानकोट के कई गांव प्रभावित

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते रंजीत सागर बांध का जलस्तर बढ़ गया है। इसके चलते पिछले दो दिनों से डैम से पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे रावी नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ा है। औज और जलाल में पानी बढ़ने से नरोट जैमल सिंह और बमियाल ब्लॉक के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों लाल चंद कटारूचक और वीरेंद्र गोयल ने आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। रणजीत सागर डैम से मंगलवार को 1.10 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के तहत स्कूलों में लंगर, शरणार्थी शिविर, भोजन और नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। कैबिनेट मंत्रियों ने कहा कि लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर की मदद ली जा रही है।

## फिर डायनों से युद्ध हार गए देवता

### भगवान इंद्रुनाग ने गूर के माध्यम से दिया रक्षा का आशीर्वाद



इंद्रुनाग मंदिर में खेल पात्र के दौरान उपस्थित श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**देवता** इस बार फिर डायनों से युद्ध हार गए हैं। डायनों से युद्ध के दौरान इंद्रुनाग देवता व उनके भाइयों में तोरल नाग, मतड़ानाग को तीन-तीन व बुडू नाग को दो घाव लगे हैं, जबकि आधा दर्जन के करीब बरछे यानी भाले की मार भी लगी है। इंद्रुनाग के गूर ने खेल पात्र के दौरान बताया कि आगामी पांच दिनों तक मक्खन-चंदन लेप से इंद्रुनाग देवता का उपचार किया जाएगा। इंद्रुनाग ने अपने गूर के माध्यम से क्षेत्र में बारिश होने से नुकसान न होने की बात कही है और रक्षा करने का भी आशीर्वाद दिया है।

डायनों के साथ युद्ध करके लौटे बारिश के देवता इंद्रुनाग के खनियारा पहुंचने पर विशेष पूजा-पाठ व खेलपात्र का भी आयोजन किया गया। खनियारा में ही अघंजर महादेव मंदिर के समीप स्थित बहन कोटसनी के घर में पहुंचकर प्राथमिक उपचार करवाकर इंद्रुनाग देवता छड़ी यात्रा व सैकड़ों लोगों के जयकारे के साथ अपने स्थान खनियारा स्थित अपने मंदिर में पहुंच गए।

### राधाष्टमी पर स्नान के लिए मणिमहेश जाएंगे इंद्रुनाग देवता

**अब** इंद्रुनाग देवता राधाष्टमी के पवित्र पर्व पर शिव शंकर के कैलाश में मणिमहेश में स्नान करने जाएंगे। इसके साथ ही धौलाधार पर्वत श्रृंखला में स्थित नागडल में भी स्नान करके लौटेंगे, इसके बाद थातरी के रास्ते सम्ब्रलाहड़ स्थित उखाड़ा मंदिर से चार सितंबर को भव्य खेल पात्र व पूजा पाठ के साथ खनियारा स्थित मंदिर में लाया जाएगा। इसके बाद गूर ने तीन वर्ष में होने वाली इंद्रुनाग देवता की विशेष पूजा-पाठ करने की तैयारी करने के भी संकेत दे दिए हैं, जो कि वीरवार को होने वाले खेल पात्र में ही स्पष्ट रूप से बताया जाएगा।

### पांच दिन होगा चंदन व मक्खन का लेप : विपिन

**इंद्रुनाग** मंदिर खनियारा के पुजारी विपिन ने बताया कि युद्ध के बाद इंद्रुनाग देवता को पूजा-पाठ व छड़ी यात्रा के माध्यम से मंदिर में लाया गया है। अब गूर के बताए अनुसार, आगामी पांच दिनों तक चंदन व मक्खन का लेप किया जाएगा। इसके बाद बड़े न्हौण को नाग देवता मणिमहेश में स्नान करने को रवाना होंगे।

## होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड की रूपरेखा पर चर्चा



धर्मशाला में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला में प्रदेशभर के 66 प्रवक्ता ले रहे हिस्सा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में चल रही छह दिवसीय कार्यशाला का मंगलवार को दूसरा दिन रहा। यह कार्यशाला 25 अगस्त से 30 अगस्त तक बोर्ड मुख्यालय में आयोजित की जा रही है, जिसका आयोजन निदेशक, समग्र शिक्षा एवं एनसीईआरटी, परख के सहयोग से किया गया है। मंगलवार के सत्र में विषय विशेषज्ञों ने होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (सेकेंडरी स्टेज) की रूपरेखा पर गहन विचार-विमर्श किया। यह रूपरेखा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तथा एनसीईआरटी और परख के दिशानिर्देशों के आधार पर तैयार की जा रही है।

विशेषज्ञों ने इस मूल्यांकन पद्धति को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल आधारित अधिगम और पारदर्शी मूल्यांकन प्रणाली के अनुरूप बनाने पर विशेष बल दिया। कार्यशाला में प्रदेशभर से आए लगभग 66 प्रवक्ता एवं अध्यापक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि इस पहल से शिक्षकों को नई मूल्यांकन प्रणाली की स्पष्ट समझ विकसित होगी और विद्यार्थियों के सर्वांगीण प्रगति आकलन में नई दिशा मिलेगी। यह कार्यशाला 30 अगस्त तक जारी रहेगी, जिसमें विभिन्न चरणों में विशेषज्ञ होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड की संरचना व उसके व्यावहारिक क्रियान्वयन पर चर्चा करेंगे।

## पदोन्नति पर ज्वॉइनिंग टाइम बढ़ाए विभाग : वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने प्रदेश सरकार व विभाग की ओर से शिक्षक हित में फैसला लेते हुए प्रवक्ता पदों पर पदोन्नतियां करने पर प्रदेश के समस्त शिक्षकों की ओर से आभार जताया है। उन्होंने शिक्षा निदेशक आशीष कोहली की कार्यप्रणाली पर खुशी जाहिर की है। चौहान ने कहा कि विभाग द्वारा इन पदोन्नत प्रवक्ताओं को मात्र पांच दिन का ही ज्वॉइनिंग टाइम दिया गया है, जबकि प्रदेश के अधिकतर जिलों में भारी बरसात के कारण स्थिति आपातकालीन की बनी हुई है, जिसे देखते हुए इन शिक्षकों का ज्वॉइनिंग टाइम बढ़ाना अनिवार्य है। राज्य अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ सरकार व विभाग से शिक्षक हित में ज्वॉइनिंग टाइम को यथाशीघ्र बढ़ाने के साथ साथ जल्द ही अनुपूरक पदोन्नति सूची भी जारी करने की मांग करता है, ताकि लिस्ट में पदोन्नति के लिए छूटे वरिष्ठ साथियों को भी समय पर पदोन्नत कर उनके साथ न्याय किया जा सके। इस संबंध में संघ के राज्य प्रेस सचिव डॉक्टर सनजय चौधरी ने बताया कि संघ की ओर से ऑनलाइन बैठक कर सभी जिलों के अध्यक्षों, महासचिवों सहित समस्त कार्यकारिणी ने अध्यक्ष के माध्यम से उपरोक्त विषय पर यथाशीघ्र राहत प्रदान करने की मांग की।

## बीमा कंपनी 45 दिन के भीतर मृतक के परिवार को देगी 2 लाख

### देरी होने पर 9 फीसदी वार्षिक ब्याज सहित करना होगा भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बीमा** कंपनी को मृतक के परिवार को 45 दिन के भीतर बीमा राशि के तौर पर 2,00,000 रुपए अदा करने होंगे। बीमा कंपनी की ओर से भुगतान में देरी होती है तो कंपनी 9 फीसदी वार्षिक ब्याज सहित यह पूरी सारी राशि मृतक के परिवार को देनी होगी। यही नहीं कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता को 10,000 रुपए हर्जाना और 10,000 रुपए मुकदमेबाजी का खर्च भी देना होगा। यह फैसला उपभोक्ता आयोग जिला कांगड़ा के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की खंडपीठ ने सुनाया है।

**उपभोक्ता आयोग जिला कांगड़ा की खंडपीठ ने सुनाया फैसला**

आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता मृतक की विधवा पत्नी ने बताया कि उनके परिवार में अब वह और उनके बच्चे हैं। 20 अगस्त, 2022 को जब भारी बारिश के कारण पानी घर की ओर आने लगा और वे परिवार के साथ पानी की धारा मोड़ने निकले। अचानक पास की जमीन का कंक्रीट का डंगा उनके पति पर आ गिरा, उन्हें तुरंत स्थानीय सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला के अनुसार, उनके पति एक सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमित थे और नियमित किस्तें जमा कर रहे थे। बीमा कंपनी से परिवार ने 2,00,000 का दावा किया, लेकिन कंपनी ने यह कहते हुए दावा ठुकरा दिया कि मृतक के खून में शराब की मात्रा पाई गई है और यह पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन है। शिकायतकर्ता ने इसे अनुचित बताते हुए आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग ने पुलिस जांच, पोस्टमार्टम, फॉरेंसिक रिपोर्टों का अवलोकन किया। इसमें पाया कि सैंपल लंबे समय तक पुलिस स्टे व लैब में पड़े रहे, जिससे शराब की मात्रा बढ़ने की संभावना थी। साथ ही पुनः जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मृत व्यक्ति की मौत शराब पीने से नहीं, बल्कि कंक्रीट की दीवार गिरने से हुई थी। आयोग ने कहा कि इस हादसे का सीधा कारण कथित शराब सेवन की जगह प्राकृतिक आपदा (दीवार गिरना) था। बीमा कंपनी द्वारा दावा खारिज करना सेवा में कमी है। इसको आधार मानते हुए आयोग ने शिकायतकर्ता उपभोक्ता महिला के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उपरोक्त आदेश जारी किए हैं।

# लगातार हो रही बारिश के कहर से कांपे लोग

## हिमाचल के सेब उत्पादकों पर संकट, फसल को मंडियों तक पहुंचाना हो रहा मुश्किल, टूटी सड़कें बनी परेशानी का सबब

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल में मानसून का पानी किसानों और बागवानों के सपनों को भी बहा रहा है। प्रमुख सेब उत्पादन क्षेत्रों शिमला, मंडी, कुल्लू, किन्नौर और सिरमौर में तेज बारिश और भूस्खलनों ने बागवानों की जिंदगी पर गहरा असर डाला है। बारिश ने न केवल सड़क मार्गों को तबाह किया है, बल्कि बागों में लदी फसल को मंडियों तक पहुंचने से रोक दिया है। इससे हिमाचल के किसानों- बागवानों की आर्थिक हालत पहले से भी दयनीय हो गई है।

जानकारी के अनुसार राज्य में इस समय 484 से अधिक सड़कें बंद हैं, जिनमें कई राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल हैं। मंडी और कांगड़ा जैसे प्रमुख कृषि जिलों में ट्रांसपोर्ट पूरी तरह बाधित हो चुका है। सेब के ट्रक लंबे समय तक कीचड़ और बंद रास्तों में फंसे हुए हैं, जिससे बागवानों की पूरे साल की मेहनत का फल खेतों में सड़ रहा है।

बागवानों का कहना है कि फसल मंडियों तक न पहुंच पाने के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सेब के अलावा सिरमौर में लीची और टमाटर की फसलें भी बारिश की वजह से प्रभावित हुई हैं।

किसानों का कहना है कि फसल के खराब होने से न केवल उनकी आमदनी घट रही है, बल्कि कई परिवारों के गुजारे का सवाल भी खड़ा हो गया है। इससे बाजार में भी सब्जियों और फलों की किल्लत के कारण कीमतें आसमान छू रही हैं। उपभोक्ता महंगाई से परेशान हैं तो किसान अपने खेतों में फसल खोते हुए टूटे दिल से झूझ रहे हैं।

मौसम की मार से केवल सड़कें और फसल ही प्रभावित नहीं हुई है, वहीं लगातार खराब मौसम के कारण उड़ानें भी बंद हो गई हैं। बागवान अब अपने फलों को मंडी तक पहुंचाने के लिए किसी भी साधन की तलाश में हैं, परंतु लगातार बारिश और भूस्खलन ने उनके हर रास्ते को बंद कर दिया है।


बारिश के रौद्र रूप का दृश्य, जो कि हर किसी को डरा रहा है।

### सेब की नकदी फसल खेतों में फंसी

**इस** बीच, बागवानों ने अपनी व्यथा साझा करते हुए कहा कि हमें फसल खेत में ही छोड़नी पड़ रही है क्योंकि सड़कें बंद हैं और इसे मंडी तक पहुंचना मुमकिन नहीं है। उनका सेब का एक-एक ट्रक खड़े-खड़े ही सड़ रहा है, जैसे हम सपने सड़ने दे रहे हों।

### सरकार ने की राहत और पुनर्निर्माण की घोषणा

**हालांकि** प्रदेश सरकार द्वारा राहत और पुनर्निर्माण कार्यों की घोषणा की गई है, पर लगातार बारिश और खराब मौसम ने राहत कार्यों को भी मुश्किल में डाल दिया है। बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क टूटे होने के कारण सहायता पहुंचाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। बागवानों का कहना है कि वे मुआवजे के इंतजार में हैं, लेकिन सबसे बड़ी जरूरत तो यही है कि आने वाले समय में ऐसे प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए बेहतर इंतजाम किए जाएं।

# प्रतिभा ने की लोगों से सतर्क रहने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं से हो रहे जान-माल के नुकसान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रदेशवासियों से पूरी तरह सुरक्षित और सतर्क रहने की अपील की है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस क्षति के पुनर्निर्माण की चुनौती बहुत बड़ी है, जिससे हम सभी को मिलकर एकजुटता के साथ निपटना होगा। प्रतिभा सिंह ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद, प्रदेश की कांग्रेस सरकार राहत कार्यों में पूरी तत्परता के साथ जुटी हुई है। उन्होंने आम जनता से भी आग्रह किया है कि वे राहत कार्यों में सरकार और प्रशासन का पूरा सहयोग करें और आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आएं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी अपील की है कि वे प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद करें क्योंकि ऐसे संकट के समय में आपसी सहयोग और एकजुटता सबसे महत्वपूर्ण है।

## अवैध गैस कारोबार पर सख्ती, डीसी ने दी चेतावनी

# शिमला जिला प्रशासन ने 372 गैस सिलेंडर और तीन वाहन किए जब्त


शिमला जिले में अवैध सिलेंडरों को जब्त करते हुए अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला जिला प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए शनान स्थित गैस एजेंसी कार्यालय में छापा मारकर 3 वाहन और कुल 372 अवैध गैस सिलेंडर जब्त किए। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई का नेतृत्व एडीएम पंकज शर्मा ने किया, जिसमें खाद्य आपूर्ति विभाग और पुलिस की टीम शामिल रही। जांच में पता चला कि एजेंसी के पास वैध गोदाम की अनुमति नहीं थी और गैस की सप्लाई बिना लाइसेंस डीलरों को की जा रही थी।

इसी तरह रोहड़ू में भी निरीक्षण के दौरान 11 अवैध सिलेंडर जब्त किए गए। जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने बताया कि यह कार्रवाई जन सुरक्षा के लिहाज से बेहद जरूरी थी। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध गैस कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सरदार पटेल विवि की पहचान पर हमला: नैंसी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने प्रदेश सरकार पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले विश्वविद्यालय का दायरा 128 कॉलेजों से घटाकर 42 कर दिया और अब बीएड कॉलेजों को अलग करने के बाद यह संख्या केवल 24 रह जाएगी। एबीवीपी के अनुसार यह कदम विश्वविद्यालय की पहचान और अस्तित्व पर सीधा हमला है। एबीवीपी ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर बीएड कॉलेजों को वापस विवि में शामिल नहीं किया और इसका विकास नहीं किया तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे।

### सेवादल ने संस्थापक डॉ. हार्डिकर को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस सेवादल के सदस्यों ने सेवादल के संस्थापक डॉ. एनएस. हार्डिकर की पुण्यतिथि मनाई। प्रदेश सेवादल के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में,सेवादल के सदस्यों ने डॉ. हार्डिकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान अनंत राम शर्मा, शक्त राम कश्यप, कृष्णा कुमारी, उमा शर्मा, बबली, नरेश ठाकुर, सूरज, कपिल, मान सिंह व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ब्रेन ऑफ हिमाचल की टीम ने किया स्कूलों का दौरा

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** 'ब्रेन ऑफ हिमाचल' 2025 की टीम ने रामपुर के सन साइन स्कूल व झाकड़ी पब्लिक स्कूल का दौरा कर छात्रों व शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित किए। सबसे पहले टीम ने सनशाइन स्कूल रामपुर का दौरा किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रबंध निदेशक सुषमा मखैक ने कहा कि 'ब्रेन ऑफ हिमाचल' हिमाचल के छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। इसके बाद टीम ने झाकड़ी पब्लिक स्कूल का दौरा किया। यहां के प्रबंध निदेशक ईश्वर जोशी और प्राचार्य मनमोहन शर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ मिलकर ब्रेन ऑफ हिमाचल का स्वागत किया।

# केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान आज मना रहा स्थापना दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान 27 अगस्त को अपना 77वां स्थापना दिवस मना रहा है। यह समारोह सुबह 10:30 बजे से संस्थान के ऑडिटोरियम में होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप-महानिदेशक बागवानी डॉ. संजय कुमार सिंह होंगे। शिमला नगर निगम के मेयर सुरिंदर चौहान और मशरूम अनुसंधान निदेशालय, सोलन के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा भी विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह सभी अतिथियों का स्वागत करेंगे और सीपीआरआई के कामों की जानकारी देंगे। इस मौके पर हिमाचल के बेहतरीन किसानों को सम्मानित किया जाएगा। समाज विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि इस समारोह में स्कूली बच्चों को आलू पर हो रहे शोधों के बारे में भी बताया जाएगा व कृषि इंजीनियरों के खेती के औजार भी दिखाए जाएंगे।

# रोहड़ू चिड़गांव की सड़कों में सड़ रहा एचपीएमसी का सेब : सुमेश

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

रोहड़ू के चांशल होटल में मंगलवार को भाजपा मंडल रोहड़ू के प्रवक्ता सुमेश चौहान ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि रोहड़ू और चिड़गांव की सड़कों के किनारे सेब सीजन के दौरान एचपीएमसी का सेब बोरियों में कई दिन से पड़ा हुआ है। इसकी हालत इतनी खराब हो गई है कि बोरियों से अब सेब का जूस बन कर सड़कों पर रिस रहा है। जिसका असर सीधा बागवानों की जेब पर पड़ रहा है।



चौहान ने बताया कि बागवानों ने सी ग्रेड का सेब एचपीएमसी को दिया है और सी ग्रेड के सेब का अधिक स्टाक होने के बाद एचपीएमसी बागवानों से सेब तो ले रहा है, लेकिन उन्हें रसीद यह कहकर नहीं दे रहा है कि जब उनका सेब सड़कों से उठेगा, तब ही उन्हें रसीद दी जाएगी। यदि यही हालत रही तो सेब का जूस जब सड़कों में ही बनेगा तो किस हिसाब से एचपीएमसी रसीद देगा।

उन्होंने बताया कि एचपीएमसी बागवानों से सी ग्रेड का सेब खरीद रहा है और जिसकी ढुलाई का जिम्मा चिड़गांव और रोहड़ू में महेंदली ट्रक आपरेटर यूनियन को दिया गया है। सड़कों पर पड़े हुए स्टाक को देखते हुए ट्रक यूनियन महेंदली के प्रबंधन ने सरकार को एक पत्र लिखकर बताया कि छौहारा ब्लाक में इस समय सड़कों के किनारे 45 हजार सेब की बोरियां पड़ी हुई है, जिन्हें जल्दी उठाना होगा। इसी प्रकार से रोहड़ू ब्लॉक में भी 40 हजार से अधिक बोरियां सड़कों के किनारे पड़ी हुई है। यह सब प्रदेश सरकार की खामी है।

# गानवी में लोगों की मुश्किलें जस की तस

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** रामपुर के गानवी में बाढ़ की तबाही के दो हफ्ते बाद भी लोगों की मुश्किलें जस की तस हैं। बाढ़ के कारण हालत यह है कि अभिभावक पीठ में उठाकर छोटे बच्चों को स्कूल तक पहुंचा रहे हैं। बताते चलें कि 13 अगस्त को गानवी खड्ड में बाढ़ आने से भारी तबाही हुई थी। जानवी क्षेत्र की चार पंचायतें कूट, फंचा, क्याओ और जघोरी के हजारों लोग सड़क से पूरी तरह कट चुके हैं। गानवी में बाढ़ का पानी और कीचड़ सड़क में बह रहा है। करीब एक दर्जन घरों के बीच से पानी बह रहा है। सड़क में बहते पानी और कीचड़ के बीच परिजनों को अपने छोटे बच्चों को पीठ में उठा कर स्कूल तक पहुंचाना पड़ रहा है। छुट्टी के बाद बच्चों को वापस लाना अभिभावकों की मजबूरी है।

गानवी क्षेत्र के पंचायत के प्रधान जगदीश, रमेश कुमार, बृजलाल आदि ने बताया कि सरकार और प्रशासन क्षेत्र के लोगों की समस्या को लेकर बिलकुल भी गंभीर नहीं है। क्षेत्र में सड़क खुलवाना तो दूर स्कूल के रास्ते को भी ठीक नहीं किया जा रहा है। पानी और कीचड़ के बीच लोगों का का चलना मुश्किल है।


दो हफ्ते से झेल रहे परेशानी, घरों के बीच से गुजर रहा खड्ड का पानी।

### पीठ पर उठाकर बच्चों को ले जाना पड़ रहा है स्कूल

### विभाग नहीं कर पाया कोई पुख्ता इंतजाम

कुल मिलाकर बाढ़ के दो हफ्ते बाद भी गानवी पंचायत की समस्या जस की तस बनी हुई है। गांधी पंचायत के प्रधान जगदीश ने बताया कि पंचायत और क्षेत्र के लोगों की ओर से क्षेत्र में रास्ते स्पेन और सड़क को जल्द खोलने के लिए प्रशासन और स्थानीय विधायक से से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कॉल सिंह नेगी ने भी उपरोक्त क्षेत्र का दौरा किया था उन्होंने देखा कि कई मकानों के बीच से खड्ड का पानी बह रहा है, ऐसे लगभग एक दर्जन मकान हैं। उन्होंने सरकार से मांग की थी कि है कि खड्ड के पानी का रूख मोड़ा जाए ताकि जिन मकानों के बीच से पानी गुजर रहा है, उन्हें सुरक्षित बचाया जा सके, लेकिन अभी तक गानवी में कोई ठोस कदम विभाग या सरकार की ओर से नहीं उठाया गया है जो कि चिंता का विषय है।

# मल्यावर पंचायत को जोड़ने वाली क्षतिग्रस्त सड़क का डीसी ने किया निरीक्षण

## लोक निर्माण विभाग को वैकल्पिक मार्ग को दुरुस्त करने के दिए निर्देश


मल्यावर पंचायत को जोड़ने वाली क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण करते डीसी राहुल कुमार, साथ हैं अन्य।

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से कई ग्रामीण सड़कों को नुकसान पहुंचा है। इसी बीच बिलासपुर के डीसी राहुल कुमार ने मल्यावर पंचायत को जोड़ने वाली क्षतिग्रस्त शहीद सुखराम सड़क का मौके पर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान हिमुडा बोर्ड के निदेशक जितेंद्र चंदेल, बीडीसी सदस्य मधुपाल धीमान और पूर्व प्रधान प्रेम सिंह भी उपायुक्त के साथ मौजूद रहे। उन्होंने उपायुक्त को अवगत कराया कि सड़क क्षतिग्रस्त होने से पंचायत की लगभग 1200 की आबादी वाले गांव का अन्य क्षेत्रों से संपर्क पूरी तरह कट गया है।

विशेषकर मल्यावर पंचायत को जोड़ने वाली यह सड़क भूस्खलन और मलबा गिरने के कारण पूरी तरह बाधित हो गई है। डीसी ने मौके पर हालात का जायजा लेते हुए लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य मार्ग की बहाली होने तक वैकल्पिक सड़क मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों की आवाजाही और आवश्यक सुविधाओं की आपूर्ति सुचारु बनी रहे। इस दौरान एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारी बरसात से बिलासपुर जिले को 96 करोड़ का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लगातार दो दिन से हो रही मूसलाधार बारिश ने बिलासपुर जिले में भारी तबाही मचाई है। बारिश से 20 सड़कें पूरी तरह बंद हो गई हैं, जबकि 50 से अधिक पेयजल आपूर्ति योजनाएं ठप हो गई हैं। बिजली विभाग को भी पोल गिरने और लाइनें क्षतिग्रस्त होने से नुकसान झेलना पड़ा है।

घुमारवीं विद्युत मंडल के अंतर्गत 0.30 किलोमीटर एलटी लाइन कंडक्टर प्रभावित हुआ है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग भी बाधित हो गया है। पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण दो ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि आसपास की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है। गांव की मुख्य सड़क पूरी तरह बंद हो चुकी है। इसके साथ ही स्वारघाट से बिलासपुर को जोड़ने वाला पुराना राजमार्ग अवरुद्ध है। वहीं, फोरलेन राजमार्ग भी बाधित है और यातायात सिर्फ एक ओर से चल रहा है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उधर, उपायुक्त राहुल कुमार ने जानकारी दी कि बरसात से अब तक करीब 96 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। इसमें लोक निर्माण विभाग को लगभग 75 करोड़ और जलशक्ति विभाग को करीब 20 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उपायुक्त ने एनएचएआई को सड़क की त्वरित मरम्मत के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण, जलशक्ति और बिजली बोर्ड के अधिकारी फील्ड में उतरकर युद्धस्तर पर बहाली कार्य में जुटे हुए हैं। प्रशासन ने बरसात के चलते जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों व आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखने का आदेश पहले ही जारी कर दिया था। यदि हालात नहीं सुधरे तो यह आदेश आगे भी लागू रह सकते हैं।

# तरौतड़ा में धंसी सड़क, वाहन चालकों पर मंडराने लगा खतरा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

लगातार हो रही भारी बरसात के कारण घुमारवीं आईपी चौक से पनोह संपर्क सड़क के बीच तरौतड़ा क्षेत्र में सड़क धंसने लगी है। इससे न केवल वाहन चालकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। करीब दो से तीन किलोमीटर तक सड़क जगह-जगह से धंस चुकी है, जिस कारण यह मार्ग अब बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है।


धंसी सड़क को दिखाता राहगीर।

उधर, घुमारवीं-सुनहानी-बरठी सड़क भी पूरी तरह बंद हो चुकी है। बाड़ी मझेड़वा के समीप लगातार बारिश और अव्यवस्थित जल निकासी के कारण सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि अब यहां से दो टायर वाले छोटे वाहन भी गुजरना असंभव हो गया है। सड़क पर चलना लोगों की जान के लिए सीधे खतरे का सबब बन चुका है। लोक निर्माण विभाग घुमारवीं के अधिशाषी अभियंता दीपक सुरेहली ने स्वीकार किया कि भारी बारिश के चलते विभाग अभी कोई बड़ा कार्य नहीं कर पा रहा है।

उन्होंने कहा कि जैसे ही मौसम सुधरेगा, विभाग तुरंत मरम्मत और बहाली कार्य शुरू करेगा, साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संयम बरतें और जहां खतरा है, वहां से किसी भी प्रकार का वाहन न चलाएं।

# घुमारवीं में खड़े टैम्पो ट्रैवलर में लगी आग बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं बाजार में अवढानीघाट के समीप उस समय हड़कंप मच गया जब सड़क किनारे खड़ी एक टैम्पो ट्रैवलर में अचानक आग भड़क उठी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। उक्त वाहन पिछले तीन से चार दिनों से उसी स्थान पर खड़ा था और अचानक इसमें धुआं उठने के बाद आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 10 बजे वाहन से धुआं उठता देख स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और तुरंत दमकल विभाग को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा आसपास खड़ी गाड़ियों और बाजार की दुकानों को भी भारी नुकसान पहुंच सकता था।

# बेसहारा बेजुबानों को भी चाहिए जीने का हक : राम प्यारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जीव भावना पशु कल्याण समिति की अध्यक्ष राम प्यारी ठाकुर ने बेसहारा कुत्तों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल की मांग करते हुए कहा है कि ये मासूम बेजुबान भी हमारी ही तरह जीवन जीने का अधिकार रखते हैं। उन्होंने बताया कि 13 दिन पहले इन सभी बेजुबान जानवरों को एक कमरे में बंद कर दिया गया था, लेकिन अब उन्हें रिलीज कर दिया गया और इन्हें जहां से लाया गया था वहीं छोड़ दिया गया। इसके लिए उन्होंने उपायुक्त और एसडीएम का आभार भी प्रकट किया है।



राम प्यारी ने बताया कि वह अब तक आसपास के अधिकांश कुत्तों की नसबंदी और रेबीज टीकाकरण करवा चुकी हैं। डियारा सेक्टर, रौड़ा सेक्टर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और लखनपुर क्षेत्रों में भी उन्होंने पशु चिकित्सकों के सहयोग से यह अभियान चलाया है, लेकिन उनका दर्द यह है कि आसपास के लोग छोटे-छोटे पिल्लों को भी शहर में छोड़ जाते हैं। कई तो इतने छोटे होते हैं कि आंखें तक नहीं खुली होतीं।

उन्होंने एक मार्मिक घटना का जिक्र करते हुए कहा कुछ दिन पहले कोई शख्स आधी रात को एक बोरी में आधा दर्जन पिल्ले बंद करके यहां छोड़ गया। मैंने जब उनकी करुण पुकार सुनी, तो उन्हें अपने घर ले आई। राम प्यारी ठाकुर ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने अपने घर पर कई कुत्तों को रखा है, उनके लिए भोजन-पानी, दवा और दूध की व्यवस्था करती हैं। लेकिन जगह की कमी और खर्चे के कारण दर्जनों कुत्तों को रखना अब संभव नहीं है।

### सरकार और जिला प्रशासन से लगाई गुहार

हम सब मिलकर इन बेजुबानों को बचा सकते हैं। यदि जल्द ही इनके लिए आश्रय स्थल नहीं बना, तो ये मासूम यूं ही तड़प-तड़प कर मरते रहेंगे और इसके दोषी हम सब होंगे।

## अनदेखी टनल नंबर-17 से प्रभावित परिवारों की सुध नहीं ले रहा प्रशासन

# 87 दिन से धरने पर बैठे हैं लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में रेलवे प्रोजेक्ट के अंतर्गत टनल नंबर-17 का निर्माण कार्य मैक्स इंफ्रा कंपनी द्वारा किया जा रहा है, लेकिन इस कार्य के चलते टनल के ऊपर बने कई मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। प्रभावित परिवारों का आरोप है कि प्रशासन को बार-बार अवगत कराने के बावजूद अब तक न तो उनकी भूमि अधिग्रहण की गई है और न ही उन्हें किसी सुरक्षित स्थान पर बसाया गया है।

पीड़ितों का कहना है कि इस विषय को प्रशासन के सामने उठाते हुए उन्हें एक वर्ष से अधिक समय हो चुका है, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो गई है। मकानों के क्षतिग्रस्त होने के कारण लोग डर और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें मजबूरी में 87 दिन से धरना देना पड़ रहा है, वहीं क्रमिक भूख हड़ताल को भी 74 दिन हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भारी बारिश और कठिन परिस्थितियों के बावजूद वे टनल नंबर-17 के बाहर तंबू लगाकर धरने पर बैठे हैं।



74 दिन से क्रमिक अनशन पर बैठे प्रभावित, जो न्याय का इंतजार कर रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि कंपनी लगातार कार्य करती जा रही है, लेकिन मकानों के गिरने और परिवारों के सुरक्षित आश्रय की चिंता किसी को नहीं है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि प्रशासन की बेरुखी उनके लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

हम गरीब लोग जाएं तो जाएं कहां जाएं? हमारे सिर से छत छिन चुकी है, हम असुरक्षा के साए में जी रहे हैं और प्रशासन चुपचाप तमाशा देख रहा है।

# हर्षोल्लास से मनाया हरितालिका तीज का व्रत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में मंगलवार को हरितालिका तीज व्रत धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय बोली में चिड़ियों का व्रत कहे जाने वाले इस उपवास के उपलक्ष्य में जहां शिवालयों में महिलाओं की खूब भीड़ उमड़ी, वहीं चुनिंदा घरों में मिट्टी से बनाई गई चिड़ियों शिव, पार्वती व गणेश आदि की मूर्तियों की भी विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की गई। करवाचौथ की तर्ज पर अपने जीवनसाथी की दीर्घायु के लिए हरितालिका तीज उपवास रखने वाली महिलाएं अब बुधवार सुबह अन्न-जल ग्रहण करेंगी।

अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाने वाला हरितालिका तीज व्रत बिलासपुर जिले में विशेष तौर पर मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार देवी पार्वती भगवान शिव से विवाह करना चाहती थीं। जब उन्हें पता चला कि उनके पिता उनका विवाह भगवान विष्णु के साथ करना चाहते हैं, तो वह अपनी एक सहेली के साथ हिमालय के जंगलों में चली गईं। भगवान भोलेनाथ को अपने जीवनसाथी के रूप में हासिल करने के लिए उन्होंने अन्न-जल त्याग कर जंगल में कठोर तपस्या की। उनकी यह तपस्या सफल हुई और भगवान शिव उन्हें जीवनसाथी के रूप में मिल गए। इसी उपलक्ष्य में भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरितालिका तीज व्रत मनाया जाता है।


हरितालिका तीज पर पूजा-अर्चना करती महिलाएं।

### बिलासपुर तथा आसपास के क्षेत्र में चिड़ियों के व्रत के नाम से मशहूर

महिलाएं जहां अपने सुहाग की सलामती के लिए यह व्रत रखती हैं, वहीं कई लड़कियां मनचाहे वर की कामना से उपवास करती हैं। बिलासपुर में हरितालिका तीज व्रत को चिड़ियों का व्रत के नाम से जाना जाता है। इसके उपलक्ष्य में चुनिंदा घरों में चिकनी मिट्टी से चिड़ियां शिव, पार्वती व गणेश आदि की मूर्तियां बनाई जाती हैं। उन्हें विभिन्न रंगों से सजाया जाता है। शहर के कोसरियां सेक्टर में पूर्व पार्षद कृष्णलाल उपाध्याय की पत्नी शीला देवी बीते कई दशकों से यह परंपरा निभा रही हैं। इस व्रत को करवाचौथ से भी कहीं अधिक कठिन माना जाता है। करवाचौथ पर महिलाएं जहां रात को चंद्रमा की पूजा-अर्चना करके भोजन ग्रहण कर लेती हैं, वहीं हरितालिका तीज का उपवास अगले दिन ही तोड़ा जाता है। लिहाजा महिलाएं अब बुधवार सुबह विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने के बाद ही अन्न-जल ग्रहण करेंगी।

# भलेई में बादल फटने से तबाही, चार पुल व वाहन बहे

## गांवों में 3 फुट तक पहुंचा पानी-कीचड़; मवेशियों को मुश्किल से बचाया, साहला गांव में खतरे में 6 घर, गोशाला ढहने से गाय की मौत

**अनंत ज्ञान, डलहौजी ( चंबा )**

**जिला** चंबा की भलेई उपतहसील के तहत ब्रंगाल और सिमनी पंचायत में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बादल फटने से बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए। बादल फटने से यहां कुछ घरों को नुक्सान पहुंचा है। पानी व मलबे की चपेट में आने से यहां एक वर्षाशालिका को क्षति पहुंची है। ब्रंगाल पंचायत में जीप योग्य सड़क को नुकसान पहुंचा है व चार छोटे पुल टूट गए हैं। ब्रंगाल में भी काफी नुक्सान हुआ। यहां लोगों के घरों के अन्दर करीब तीन फुट तक पानी व कीचड़ भर गया। जिससे कि लोगों के घरों के अंदर रखे सामान का काफी नुकसान हुआ है। गांववासियों ने गौशालाओं में बंधे अपने मवेशियों को भी काफी मुश्किल से बचाया। मगर बरसात के कहर से लोग सहमे हुए हैं।

साहला गांव में 6 से 7 घर भूस्खलन की चपेट में आकर खतरे में हैं। यहां एक गौशाला के ढहने से एक गाय की मौत हो गई। इन घरों से लोग पलायन कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। नालों में आए उफान में एक मोटरसाइकल व एक कार भी बह गई। कार को काफी मुश्किल से बचाया जा सका। वहीं पंचायत में सड़क किनारे खड़ी एक जेसीबी मशीन पर भी पहाड़ी से मलबा आ गिरा।

पंचायत प्रधान मीना ठाकुर ने भलेई मंदिर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष कमल ठाकुर के साथ मौका पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। इन जन प्रतिनिधियों ने प्रशासन से प्रभावितों की हर संभव मदद की मांग की है।



भलेई में बादल फटने से सिमनी पंचायत में आया मलबा।

### डलहौजी-खजियार मार्ग हुआ क्षतिग्रस्त

**डलहौजी** के बकरोटा वार्ड में डलहौजी-खज्जियार मार्ग का एक बड़ा हिस्सा भूस्खलन की जद में आकर ढह जाने से सड़क के नीचे स्थित एक कोठी के चौकीदार का आवास क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं डलहौजी-खाज्जियार मार्ग पर यातायात वयवस्था भी प्रभावित हुई है। डलहौजी उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली व पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हुई है।

### चंबा-पठानकोट एनएच पर हुआ भूस्खलन

**डलहौजी** व सलूणी उपमंडल के तहत विभिन्न क्षेत्रों में काफी नुक्सान हुआ है। चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग कटोरी बंगला, केरू पहाड़, तुनुहट्टी, पंजपुला, लाहड, बनीखेत, नालडा पुल, पटना मोड़, गोली सहित विभिन्न स्थानों पर पहाड़ियों के दरकने से मलबा, चट्टानें व पेड़ आ गिरने से अवरूद्ध होता रहा। जिससे कि विभिन्न गंतव्यों की ओर जाने वाले यात्रियों को परेशानियां झेलनी पड़ी।

### मलुडा में जमीन धंसने से 4 घरों को नुकसान

**डलहौजी** उपमंडल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मलुडा में मंगलवार को भी तीन से चार घरों को नुक्सान पहुंचा। पंचायत के बोंखरी मोड़ नामक स्थान पर भूस्खलन के कारण जमीन में गहरी दरारें आ जाने से यहां स्थित एक बहुमंजिला इमारत सहित दो से तीन अन्य घर खतरे की जद में आ गए हैं। प्रभावित परिवारों द्वारा भवनों को खाली कर अन्य सुक्षित स्थानों पर शरण ली गई है।

### डलहौजी के ककीयाना में 10 पशुशालाएं ढही

उपमंडल डलहौजी के ककीयाना गांव में भी काफी नुक्सान हुआ है। यहां 10 गौशालाएं ढह गई हैं, जिससे कि लोगों को काफी नुक्सान हुआ है। उपमंडल डलहौजी के बासा गांव में पहाड़ी भूस्खलन की जद में आने से गांव में स्थित घरों को खतरा उत्पन्न हो गया। उपमंडल के चुनहेतर गांव में भी भूस्खलन से लोगों के घरों पर खतरा मंडराने लगा है।

# चंबा में रोजगार सृजन, एनएचपीसी से प्रभावितों को मिलेगा लाभ: सीएम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**विधायक नैय्यर और डॉ. हंसराज के पूरक प्रश्न का दिया जवाब**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में कहा कि चंबा जिले में एनएचपीसी की बिजली परियोजनाओं से विस्थापित हुए परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार ने एनएचपीसी को विस्थापित परिवारों की सूची सौंप दी है। सरकार का प्रयास है कि इन परिवारों को रोजगार देकर उनकी आजीविका सुरक्षित की जाए। मुख्यमंत्री सुक्खू मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान विधायक नीरज नैय्यर के मूल प्रश्न और डॉ. हंसराज के पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि चंबा जिले की बैरा स्यूल बिजली परियोजना को स्थापित हुए 40 साल पूरे हो चुके हैं। अब सरकार इसे अपने अधीन लेने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है और इसके लिए परियोजना प्रबंधन को नोटिस भी दिया गया है। हालांकि, परियोजना प्रबंधन इस मामले में उच्च न्यायालय चला गया है और वहां से उसे स्टे आदेश मिला है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि सरकार हिमाचल प्रदेश के अधिकारों के साथ खड़ी है और राज्य के हितों की रक्षा के लिए हर कदम उठाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि दिसंबर माह में प्रदेश की सभी बिजली परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी।



# मंडी में जनजीवन अस्त-व्यस्त, 333 सड़कें बंद

## भूस्खलन से मनाली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध, झूला ब्रिज टूटा

**अनिल, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** जिला मंडी में भारी बारिश का कहर लगातार जारी है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। मनाली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग भूस्खलन के चलते बंद हो गया है। द्वाडा के पास हुए भूस्खलन के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया है, वहीं झूला ब्रिज के टूटने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है।

जिलेभर में 333 सड़कें बंद हो चुकी हैं जबकि 402 ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। भारी बारिश के चलते सौली खड्ड में पानी भरने से आसपास के कुछ घरों को खाली करवा दिया गया है। वहीं मंडी की भ्यूलि क्षेत्र में व्यास नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है, जिसके कारण यहां भी घरों को खाली करवा लिया गया है। इंदिरा आवास कॉलोनी को पूरी तरह से खाली कराया गया है। ऐतिहासिक पंचवक्त्र मंदिर के प्रांगण में भी पानी भर गया है, जिससे धार्मिक गतिविधियों पर असर पड़ा है। कुल्लू-मनाली क्षेत्र में भी तेज बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इसी के मद्देनज़र पंडोह डैम से एक लाख क्युसिक पानी छोड़ा जा रहा है ताकि डैम पर दबाव को कम किया जा सके। प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।



भारी बारिश के चलते पंचवक्त्र मंदिर में आया पानी।

# बड़सर का बेटा आदित्य भारतीय सेना में बना लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उप मंडल के ग्राम पंचायत उसनाड कलां गांव कुर्याह के अदित्य शर्मा भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू बट कर के विधायक इंद्रदत लखनपाल सांसद एवं पूर्व युवा खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, बड़सर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने आदित्य शर्मा के भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर उसे हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। राजेश शर्मा के घर में जन्मे इस युवा बेटे ने कड़ी मेहनत करके अपने परिवार का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। गर्व की बात है शर्मा विश्व की सबसे अनुशासित और साहसिक संस्था भारतीय सेना का हिस्सा बने हैं।



### अतिरिक्त उपायुक्त ने मंडी से कुल्लू फोरलेन पर प्रभावित क्षेत्रों में लिया नुकसान का जायजा

# एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग को सड़क बहाली के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अतिरिक्त** उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने मंगलवार को चंडीगढ़-मनाली फोरलेन मार्ग के तहत मंडी से कुल्लू की ओर विभिन्न स्थानों पर हुए नुकसान का जायजा लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन हीरेमठ भी उनके साथ थे। मंडी जिला में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ब्यास नदी के जल स्तर में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी हुई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने पंडोह क्षेत्र में बगलामुखी रोपवे के समीप डयोढ़ में सड़क धंसाव व भूस्खलन से पैदा हुई स्थिति का निरीक्षण किया।

इसके अतिरिक्त जोगणी माता मंदिर के आसपास तथा द्वाडा में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से फोरलेन सड़क को हो रहे नुकसान का भी जायजा लिया। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने फोरलेन सड़क की बहाली के लिए एनएचएआई तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने बताया कि अब इस सड़क मार्ग पर अधिकांश व्यावसायिक वाहन ही फंसे हुए हैं। इन वाहन चालकों को सुरक्षित स्थानों पर रखने के साथ ही उनके भोजन इत्यादि की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन की ओर से की गई है। गुरसिमर सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से आपात स्थिति में प्रभावितों के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंडोह तथा जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में राहत शिविर भी स्थापित किए गए हैं। यहां लगभग 300 लोगों के ठहरने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि इस फोरलेन मार्ग पर सात मील, नौ मील, पंडोह सहित विभिन्न स्थानों पर यातायात नियंत्रित करने के लिए ठहराव स्थल भी चिह्नित किए गए हैं। यहां से वाहन चालकों को सुरक्षित परिस्थितियों में ही आवागमन की अनुमति दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन संबंधित विभागों, विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से जनजीवन सामान्य बनाने एवं आवागमन सुचारू करने में दिन-रात कार्य कर रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे ब्यास नदी तथा अन्य खड्डों व नालों के समीप बिल्कुल न जाएं। मौसम विभाग की चेतावनियों व स्थानीय प्रशासन के दिशा-निर्देशों पर अमल करें और विशेष परिस्थितियों में व आवश्यक होने पर ही यात्रा पर जाएं। किसी भी आपात स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दूरभाष नंबरों 01905-226201, 226202, 226203, 226204 व टॉल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।



अतिरिक्त उपायुक्त प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का जायजा लेते हुए।

# हुम्म खड्ड में खनन गतिविधियों पर रोक: हाईकोर्ट

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने ऊना जिले के हुम्म-खड्ड स्थित बाथू-बथेरी क्षेत्र में जारी खनन गतिविधियों पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने यह निर्णय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना के सचिव की निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर लिया, जिसमें पाया गया कि स्वीकृत 2-3 मीटर की सीमा के विरुद्ध 20-30 मीटर तक खुदाई की गई है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से खनन लाइसेंस धारकों की सूची तलब करते हुए लाइसेंस की शर्तों की निगरानी के निर्देश दिए हैं।

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सरकारी स्कूलों की मरम्मत और रखरखाव से जुड़ी जनहित याचिका का निपटारा कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि उसके हस्तक्षेप के बाद राज्य सरकार ने कार्रवाई करते हुए स्कूलों की हालत में उल्लेखनीय सुधार किया है। सरकार द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए कुल 40.32 करोड़ की राशि खर्च की गई है। कोर्ट ने यह भी सुनिश्चित किया कि स्कूलों में बिजली, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब सरकार द्वारा दिया गया है।

**सरकारी स्कूलों की मरम्मत और रखरखाव से जुड़ी याचिका निपटाई**

### जनऔषधि केंद्रों में ब्रांडेड दवाओं की बिक्री पर रोक

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने ठियोग सिविल अस्पताल में संचालित जनऔषधि केंद्र को गैर-जेनेरिक दवाएं और सर्जिकल उपकरण बेचने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना का उद्देश्य सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है, न कि लाभ कमाना। याचिकाकर्ता संचालक की आर्थिक व्यवहार्यता संबंधी दलीलों को खारिज करते हुए कोर्ट ने दोहराया कि जनऔषधि केंद्रों को केवल परियोजना के तहत स्वीकृत दवाएं ही बेचनी होंगी।

# मौसम के कारण दक्षता परीक्षा आगामी आदेशों तक स्थगित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

**अध्यापक-अभिभावक शिक्षा संवाद अब 30 अगस्त को होगा आयोजित**

निदेशक, समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश, शिमला के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला में आयोजित की जाने वाली दक्षता परीक्षा (STEM E&ploration-भविष्य के नवाचार हेतु रचनात्मक मस्तिष्क को प्रेरित करने हेतु, जिसकी समय-सारणी 28 अगस्त को विभिन्न स्कूलों में निर्धारित की गई थी, मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए आगामी आदेशों तक स्थगित कर दी गई है।

इस संबंध में आगे के दिशा-निर्देश समयानुसार विद्यालय प्रमुखों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इसी प्रकार पूर्व निर्धारित अध्यापक-अभिभावक शिक्षा संवाद, जो कि 5 सितंबर को आयोजित होना था, अब परिवर्तित कर 30 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस संवाद में मुख्य रूप से अभ्यास हिमाचल पोर्टल पर अभिभावकों का पंजीकरण, शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करना, शिक्षकों एवं अभिभावकों के मध्य शिक्षा संबंधी मुद्दों पर संवाद, बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। इस संबंध में जानकारी जिला उपनिदेशक (शिक्षा गुणवत्ता), निशा गुप्ता द्वारा प्रदान की गई।

# टोल से ज्यादा अहम यात्रियों की सुरक्षा: सांख्यान

## जगत प्रकाश नड्डा से की मांग-शीघ्र नितिन गडकरी से करें बात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**प्रदेश** कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा है कि असली मुद्दा सिर्फ टोल वसूली बंद करने का नहीं, बल्कि यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा का है।

उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मांग की कि वे तुरंत केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इस पर बातचीत करें। सांख्यान ने कहा कि इस वक्त हिमाचल की सभी प्रमुख फोरलेन-शिमला, चंडीगढ़-मनाली, शिमला-धर्मशाला, सरकाघाट और धर्मपुर एक्सप्रेस हाइवे भारी खतरे से घिरे हुए हैं। कंपनियों ने पहाड़ों को 90 डिग्री पर काटा है, जिससे बरसात के दौरान बड़े-बड़े पत्थर और मलबा सीधे सड़कों पर गिर रहे हैं। इससे न केवल मार्ग बार-बार अवरुद्ध हो रहे हैं बल्कि यात्रियों और वाहनों की सुरक्षा भी खतरे में है।

उन्होंने कहा कि कई गांव और घर भी इन खड़ी कटानों के ऊपर स्थित हैं, जो कभी भी ढहकर फोरलेन पर गिर सकते हैं। ऐसे हालात में जब तक सड़कें सुरक्षित और सुचारु नहीं हो जातीं, तब तक टोल वसूली बंद होनी चाहिए और लोगों के जानमाल की पूरी जिम्मेदारी एनएचएआई और केंद्रीय परिवहन मंत्रालय को लेनी चाहिए। सांख्यान ने आरोप लगाया कि जहां प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन और पुलिस मुस्तैदी से काम कर रहे हैं, वहीं एनएचएआई और केंद्रीय मंत्रालय खामोश बैठे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल से चार लोकसभा सांसद, तीन राज्यसभा सांसद और भाजपा अध्यक्ष नड्डा को तुरंत इस मुद्दे को केंद्र सरकार और परिवहन मंत्री के सामने रखना चाहिए।



### सूडोकु नवताल- 7534

*****
सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7533 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# अग्रिम कर भुगतान, रिटर्न में त्रुटियों से बचाव पर चर्चा

## शमशी में आउटरीच कार्यक्रम में व्यापारियों और टैक्स प्रोफेशनल्स ने लिया सही समय पर कर अदायगी का संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**आयकर** कार्यालय कुल्लू हिमाचल प्रदेश की ओर से मंगलवार को औद्योगिक परिसर शमशी स्थित सामुदायिक भवन के सभागार में एक आऊटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शालिनी कौशल, प्रिंसीपल कमिश्नर ऑफ इन्कम टैक्स-1, चंडीगढ़ के दिशा-निर्देशों एवं श्रीधर दोरा, आयकर अपर आयुक्त, शिमला रेंज, शिमला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रिम कर का समय पर भुगतान, स्व-मूल्यांकन कर के बजाय अग्रिम कर को प्राथमिकता देना, आयकर रिटर्न भरते समय गलत कटौती या छूट का दावा न करना, रिटर्न भरते समय होने वाली सामान्य त्रुटियों से बचाव, शिकायत निवारण तंत्र तथा करदाताओं के अधिकार व दायित्व जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। आयकर अधिकारी कृष्ण लाल ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में लगभग 101 करदाताओं ने एडवांस टैक्स न भरकर एक लाख रुपए से ज्यादा स्व-मूल्यांकन का भुगतान किया, जिससे उन्हें कर राशि के साथ-साथ धारा 234 एवं 234 के अंतर्गत अतिरिक्त ब्याज भी चुकाना पड़ा। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों से समय पर अग्रिम कर की अदायगी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने अवगत करवाया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने पिछले वर्ष कुछ ऐसे रिफंड मामलों की गहन जांच शुरू की थी। इनमें गलत डिडक्शन क्लेम पाए गए। विभाग ऐसे मामलों में ट्रेस करके प्राथमिकी दर्ज करवा रहा है इसलिए करदाताओं से अपील की गई कि झूठे रिफंड या गलत दावों से बचें। कार्यक्रम संवादात्मक रहा। इसमें व्यापारियों, कारोबारियों व टैक्स प्रोफेशनल्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभाग द्वारा दी गई जानकारी की सराहना की और समय पर अग्रिम कर भुगतान व सही तरीके से आईटीआर दाखिल करने का संकल्प लिया। विभाग ने स्पष्ट किया कि कर भुगतान केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि देश के विकास में सक्रिय योगदान भी है। इस अवसर पर विभाग के आयकर अधिकारी कृष्ण लाल के साथ आयकर निरीक्षक हेम राज, सोनम छेरिंग, कार्यालय अधीक्षक सहित व्यापार मंडल भुंतर तथा कुल्लू के सदस्यों वीरेंद्र सूद, इंद्र चावला, दीपक जैन, हरभजन सिंह, राघव सूद व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



आयकर विभाग कुल्लू के शमशी में आयोजित आउटरीच कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

बुधवार, 27 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** चतुर्थी दोपहर 03:44 तक तत्पश्चात पंचमी : **नक्षत्र** उत्तर फाल्गुनी (27:45), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** सिद्ध (12:00), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (11:59-01:35)।

### विशेष दिन

- 27 अगस्त 2025: गणेश चतुर्थी आज।
- 27 अगस्तः पर्यूषण उत्सव समाप्ति आज।

**मेष:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृष:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुन:** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कर्क:** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह:** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**कन्या:** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**वृश्चिक:** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**धनु:** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक इक्षचताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। समय का सदुपयोग करें।

**मकर:** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कुंभ:** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

**मीन:** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

# शिक्षकों की उपस्थिति पर सवाल, संघ ने उठाई आवाज

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान**

**राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सचिव शिक्षा से पुनर्विचार की मांग की**

**स्वारघाट।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी से अति भारी बारिश के चलते संबंधित जिलों के उपायुक्त आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए शिक्षण संस्थानों को बंद करने के आदेश जारी कर रहे हैं। ऐसे हालात में जहां विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छुट्टियां दी जा रही हैं, वहीं शिक्षा सचिवालय द्वारा जारी आदेशों में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को स्कूलों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। संघ का कहना है कि बच्चों की अनुपस्थिति में स्कूलों में शिक्षकों और गैर-शिक्षण स्टाफ के पास कार्य लगभग न के बराबर रह जाता है। ऐसे में यह निर्णय न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि शिक्षण दिवसों की क्षतिपूर्ति में भी सहायक नहीं है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष जगदीश शर्मा व महासचिव संजय पीसी ने कहा कि यदि इस अवधि में शिक्षकों और स्टाफ को भी छुट्टी दे दी जाती और बाद में इन दिनों की क्षतिपूर्ति करवाई जाती, तो विद्यार्थियों को अतिरिक्त शिक्षण दिवस मिल पाते और पढ़ाई का नुकसान भी नहीं होता। संघ ने सचिव शिक्षा हिमाचल प्रदेश से इस आदेश पर पुनर्विचार कर शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मचारियों को राहत देने का आग्रह किया है।



अनंत Classifieds

### नाम दुरुस्ती

**मैं, अभय सिंह** उम्र 23 वर्ष पुत्र श्री पीरू राम, निवासी गांव व डाकघर कनैड, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम अभय से बदलकर अभय सिंह रख लिया है। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।

जब तक हम स्वयं के साथ शांति नहीं बना लेते, तब तक हम बाहरी दुनिया में शांति प्राप्त नहीं कर सकते। -दलाई लामा

## संपादकीय

# ट्रंप का टैरिफ वार

अमेरिका ने भारत पर आखिर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू कर ही दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 6 अगस्त को रूस से भारत की तेल खरीद पर आपत्ति जताते हुए इस दंडात्मक शुल्क का ऐलान किया था और 7 अगस्त से व्यापार घाटे का हवाला देकर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा भी दिया था। अब अमेरिका को निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है। यह निर्णय भारत के लिए हाल के वर्षों का सबसे बड़ा व्यापार झटका साबित हो सकता हैं क्योंकि अमेरिका को भारत का कुल 86 अरब डॉलर का निर्यात होता है, जिसमें से लगभग 60 अरब डॉलर से अधिक प्रभावित होगा। सबसे ज्यादा असर श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर पड़ेगा। परिधान, झींगा, समुद्री खाद्य पदार्थ, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा और फुटवियर जैसे उद्योग सीधे संकट में आ जाएंगे। परिधान क्षेत्र जो लगभग 10.3 अरब डॉलर का निर्यात करता है, इस निर्णय से बुरी तरह प्रभावित होगा। रत्न और आभूषण उद्योग के लिए भी यह बड़ा झटका है, क्योंकि अमेरिका इसका सबसे बड़ा बाजार है। निर्यातकों का मानना है कि आने वाले समय में इन क्षेत्रों में नौकरियों में कटौती निश्चित है। झींगा और समुद्री खाद्य पदार्थों के निर्यात पर भी गंभीर असर पड़ेगा, जिससे तटीय राज्यों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। चमड़ा और फुटवियर उद्योग को उत्पादन रोकने और कर्मचारियों की संख्या घटाने की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। कालीन और फर्नीचर जैसे सेक्टरों में भी भारत की प्रतिस्पर्धा कमजोर हो जाएगी।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी शुल्क से भारत के अमेरिका को होने वाले निर्यात का करीब 66 प्रतिशत प्रभावित होगा। ट्रंप की नीति हमेशा से विरोधाभासी रही है। कभी वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना पक्का मित्र बताते हैं और कभी उसी भारत पर टैरिफ का कोड़ा बरसा देते हैं। दरअसल, भारत की रूस से पारंपरिक मित्रता और हाल ही में ऊर्जा सहयोग ट्रंप को खटक रहा है। अमेरिका लगातार चाहता रहा है कि भारत, रूस और ईरान से दूरी बनाए, जबकि भारत की विदेश नीति बहु-ध्रुवीय सहयोग पर आधारित रही है। चीन के साथ भारत की हालिया आर्थिक नजदीकियां भी ट्रंप को रास नहीं आ रही हैं। यही वजह है कि ट्रंप अंदर ही अंदर भारत से चिढ़े हुए हैं। पाकिस्तान के साथ हालिया युद्धविराम को लेकर भी ट्रंप ने खुद को श्रेय देने की कोशिश की थी, लेकिन भारत ने उनके दावों को सिरे से खारिज कर दिया और साफ कर दिया कि उसने किसी के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी सैन्य रणनीति के दम पर पाकिस्तान को झुकने पर मजबूर किया। अब सवाल यह है कि भारत इस संकट से कैसे निपटे? केवल अमेरिका पर निर्भरता कम करके भारत को अपने निर्यात का विविधीकरण करना होगा।

यूरोपीय संघ, लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे क्षेत्रों में नए बाजार तलाशने होंगे। परिधान और आभूषण जैसे सेक्टर यूरोप और खाड़ी देशों में अपनी पकड़ बढ़ा सकते हैं। भारत को वैश्विक व्यापार समझौतों में भी सक्रिय होना होगा और ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ के साथ चल रही मुक्त व्यापार वार्ताओं को तेजी से पूरा करना होगा। साथ ही डब्ल्यूटीओ में इस मुद्दे को उठाकर अमेरिका पर वैश्विक दबाव बनाया जा सकता है। दूसरी ओर, श्रम-प्रधान उद्योगों को घरेलू स्तर पर राहत पैकेज, ब्याज सब्सिडी और निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं की जरूरत होगी, ताकि रोजगार सुरक्षित रह सके। भारत को अपनी ऊर्जा नीति पर भी संतुलित रुख अपनाना होगा। रूस से तेल खरीद भारत की ऊर्जा सुरक्षा का हिस्सा है और इसे अमेरिका के दबाव में बदला नहीं जा सकता, लेकिन संवाद बनाए रखना जरूरी है, ताकि रिश्तों में स्थायी दरार न आए। इस पूरे परिदृश्य में भारत के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर घरेलू उद्योगों को बचाना और दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर कूटनीति को संतुलित रखना।

ट्रंप का यह टैरिफ निर्णय केवल भारत तक सीमित नहीं है। उन्होंने चीन, यूरोप, कनाडा और मैक्सिको जैसे देशों पर भी टैरिफ लगाए हैं। यानी यह उनका वैश्विक खेल है, जिसमें भारत भी फंस गया है। भारत को इस वैश्विक संदर्भ को ध्यान में रखकर अपनी रणनीति बनानी होगी। यह संकट भारत के लिए चुनौती के साथ अवसर भी है। बहरहाल, भारत को अपने व्यापारिक ढांचे को विविधतापूर्ण बनाना होगा, नए बाजारों की तलाश करनी होगी और घरेलू उपभोग को मजबूत करना होगा। कूटनीति में धैर्य और संतुलन ही भारत को इस संकट से उबार सकते हैं। ट्रंप की आज की नीतियां कल बदल सकती हैं, लेकिन भारत की दीर्घकालिक रणनीति स्थिर और आत्मनिर्भर रहनी चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय पेशेवर पहलवान

**दलीप** सिंह राणा एक भारतीय पेशेवर पहलवान, कुश्ती प्रमोटर और अभिनेता हैं। इनका जन्म हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के धिराइना में हुआ। इन्हें डब्ल्यूडब्ल्यूई में द ग्रेट खली के नाम से जाना जाता है। इन्होंने अपनी पेशेवर कुश्ती की शुरुआत 2000 ई. में की । खली पेशेवर कुश्ती करियर की शुरुआत करने से पहले पंजाब पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक थे। खली ने चार हॉलीवुड फिल्मों, दो बॉलीवुड फिल्मों और कई टेलीविजन शो में भी काम किया है। खली को अपने परिवार की मदद करने के लिए पत्थर तोड़ने जैसे काम करना पड़े। खली सुरक्षा गार्ड की नौकरी भी कर चुके हैं। ■



दलीप सिंह राणा
जन्म : 27 अगस्त 1972



कविता

### ऐ सुणा पहाड़ी भोलेओ लोकों...

आशा देवी, गुम्मा ( जोगिंद्रनगर )

*ऐ सुणा पहाड़ी भोलेओ लोकों, हिमाचल मेरा गेया टुटी।*
*पाणिए मोड़ी बांध बणाए, नदियां कंडे शहर बसाए,*
*मेरा बोझा भारी तैं नहीं दिखया, कई चेते दिते तैं नहीं सिखया।*
*तेरी मरजिया अग्गे गया झुकी, ऐ सुणा पहाड़ी भोलेओ लोकों...।*
*बिजली बणाई, रोड बणाए, हिक्डुएं मेरे छुरे चलाए,*
*मैं छम-छम रोया तैं नहीं सुणया, मतलबे दा तैं जाल है बुणया,*
*मैं अंदरों-अंदरों गेया टुटी,*
*ऐ सुणा पहाड़ी भोलेओ लोकों।*
*जंगल जलाए जीव मकाए, डंगरे बच्छु बाहर हल्काए,*
*कचला पकला डालू नी छडेया, खुणी-खुणी करी सब बाहर है कडया,*
*कालजू मेरा गेया फुकी, ऐ सुणा पहाड़ी भोलेओ लोकों।*
*अंबरा छुंहदे मैहल बणाए, सुरंगा कड्डी पहाड़ कटाए,*
*तू सुखमी तैं सुख ही चुणया, जे बाह्या तैं सैही लुणया,*
*मैं अपणेया बल्लों गेया लुटी, ऐ सुणा पहाड़ी भोलेयो लोकों।*
*देऊ देवां छड्डी गुरु बणाए, रीत नए रिवाज चलाए,*
*जे अपणा सैह माड़ा कडया, जिस डालुए बैठेया सैह ही बड्ढेया,*
*सबरां दा घड़ा गेया फुटी, ऐ सुणा पहाड़ी भोलेयो लोकों।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# गणेशोत्सव : मां से विमुख होते बच्चों को देता है संदेश

सनातन परंपरा में गणपति पूजन सबसे पहले होता है। शिवाजी महाराज से लेकर लोकमान्य तिलक तक सभी ने सामाजिक जागृति के लिए गणेशोत्सव को ही सबसे बड़ा माध्यम बनाया था। तब यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि आखिर गणपति जी का पूजन ही सर्व प्रथम क्यों होता है। इसका समाधान भगवान गणेश के जन्म से उनके गणनायक बनने के प्रसंग में है। गणेशोत्सव प्रतिवर्ष भाद्रपद माह शुक्लपक्ष चतुर्थी को आता है। इस वर्ष यह तिथि 27 अगस्त को पड़ रही है।



रमेश शर्मा
स्वतंत्र लेखक

वह गणनायक भी हैं और विघ्नविनाशक भी। उनके इन दोनों नामों में दो संदेश हैं। एक नेतृत्वर्ताओं के लिए कि समाज की सभी बाधाओं को दूर कर स्वच्छ वातावरण बनाएं। दूसरा प्रत्येक नागरिक के लिए कि वे जो काम आरंभ करें, पहले उसमें आने वाली बाधाओं पर विचार करें, ताकि सब काम सरलता से पूरे हों। वह पूजन हो या जीवन की कोई भी विधा यदि आसपास विघ्नसंतोषी तत्व हैं तो वे जीना कठिन कर देते हैं। इसलिए जीवन की प्रत्येक विधा में वाधाओं पर प्रथम विचार आवश्यक है। अब उनके जन्म की कथा समझें। उनके जन्म की कथा सामान्य नहीं है। उनके जन्म की कथा से गणनायक बनने तक प्रत्येक घटना व्यक्तित्व निर्माण, समाज सशक्तीकरण और कुटुम्ब समन्वय का अद्भुत संदेश है। गणपति जी के जन्म और उनके स्वरूप को लेकर कथा है कि गणेशजी ने भगवान शिव को द्वार पर रोका और शिवजी ने उनका सिरच्छेद कर दिया। माता पार्वती के विलाप करने के बाद एक हथिनी के बच्चे का शीश लाकर पुनर्जीवित किया, इसलिए उनका स्वरूप ऐसा बना।

भगवान शिव देवाधिदेव हैं। त्रिकालदर्शी हैं। क्या वे नहीं जान सकते थे कि यह बालक कौन है? किसके आदेश से द्वार पर है और फिर भला सृष्टि में कौन सा द्वार है, जो शिवजी को रोक सकता है? यदि भगवान शिव ने सिरच्छेद कर भी दिया तो वे पल भर में नया शीश सृजित कर सकते थे, फिर भी लीला की, तो यह लीला करके वे समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं। बालक के पुनर्जीवन के लिए ऐसे माता-पुत्र खोजे गए, जो एक दूसरे की ओर पीठ किए हुए हैं। पुत्र की





पीठ माता की ओर और माता की पीठ पुत्र की ओर। इस कथा में लोक कल्याण और लोक संचालन के अनेक संदेश हैं। सबसे पहला संदेश उन द्वारपालों के लिए है, जो द्वार पर अपनी बुद्धि विवेक का प्रयोग नहीं करते। द्वारपाल को यह बुद्धि अवश्य लगानी चाहिए कि आगंतुक कौन है और उसके साथ क्या व्यवहार करना चाहिए। आगंतुक को परखकर उसके अनुरूप व्यवहार करना चाहिए। आधुनिक संदर्भ में तो यह विवेकशीलता अति आवश्यक हो गई है।

दूसरा संदेश माता और पुत्र के लिए है। कथा में जिस हथिनी के बच्चे का शीश काटकर लाया गया, वह अपनी मां से विमुख होकर सो रहा था और माता की पीठ भी बच्चे की ओर थी। अर्थात दोनों एक दूसरे के विपरीत। वैदिक काल से लेकर आधुनिक विज्ञान के निष्कर्ष तक यह स्पष्ट हो चुका है कि व्यक्तित्व का निर्माण माता करती है। न केवल शरीर की पुष्टता और विकास अपितु शिक्षा और संस्कार भी माता से मिलते हैं। संसार में माता के सांचे में ढले बच्चे ही आसमान की ऊंचाई छूते हैं। भला उस बच्चे का भविष्य कैसे सुरक्षित रह सकेगा, जो माता से विपरीत दिशा में बढ़ रहा है और माता ने भी उसकी ओर से मुंह फेर लिया है। यह कथा इन दोनों प्रकार की मानसिकता को चेतावनी है। जो माताएं पुत्र पर ध्यान नहीं देतीं उनको भी और जो पुत्र माता का सम्मान नहीं करते उनको भी। माता और पुत्र यदि एक दूसरे के विमुख हैं, विपरीत हैं तो पुत्र का क्षय होना निश्चित है।

**गणेशजी के अंगों का विश्लेषण:** गणेशजी गणनायक हैं। नायक अर्थात मुखिया, नेतृत्व करने वाला। जब भी किसी वस्तु को बहुत ध्यान से देखते हैं या एकाग्रता से देखते हैं तब हमारी आंखें सिकुड़ती हैं। यदि आंखें फैलाकर देखेंगे तो वस्तु का आकार थोड़ा धुंधला सा दीखता है। गणपति जी आंखें छोटी हैं। अर्थात नेतृत्वकर्ता को हर वस्तु हर बात और हर घटना को एकाग्रता से समझनी चाहिए। एकदम पैनी नजर से। यह संदेश आंखों के छोटी होने का है। गणेश जी सूंड अर्थात नाक लंबी है। नेतृत्वकर्ता की सूंघने की शक्ति तीक्ष्ण होनी चाहिए।

अपने परिवार में, समाज में या राष्ट्र में कहां क्या कुछ घट रहा, यह सब नेतृत्वकर्ता को दूर से ही सूंघ लेना चाहिए। गणेश जी के कान लंबे हैं। यानि नेतृत्वकर्ता का सूचना तंत्र तगड़ा हो और हर बात को सुनने की क्षमता होनी चाहिए। उनका पेट बड़ा है अर्थात जो भी अधिक से अधिक बात सुनी है उसे अपने पेट में डाल लेनी चाहिए। पचाने की क्षमता होनी चाहिए। ऐसा न हो कि इधर सुना और उधर सुनाया। एक सफल नेतृत्वकर्ता वही जो अपने प्रभाव सीमा की ही घटना हर व्यक्ति पर पैनी नजर रखे। कहां क्या घट रहा उसे सूंघ ले, हर बात को सुने और अपने भीतर छिपा कर रखे। माथा चौड़ा यानि उसकी छवि प्रभावकारी होनी चाहिए। उनका वाहन चूहा है। चूहा छोटे से छोटे रास्ते पर चल सकता है। पत्थरों के बीच भी मार्ग बना सकता है, अर्थात नेतृत्वकर्ता का वह तंत्र जिसके माध्यम से वह अपना प्रशासन चला रहा है, वह इतना सक्षम होना चाहिए कि वह नए मार्ग बना सके कठिन से कठिन रास्तों को भी आसान बना सकें।

**नेतृत्वकर्ता को समन्वय की सीख:** गणपति जी शिव परिवार के समन्वयक हैं। शिव परिवार विविधता से भरा है। शिवजी का वाहन नंदी है। नंदी अर्थात बैल और देवी पार्वती का वाहन सिंह। सिंह का आहार होता है बैल। कुमार कार्तिकेय के वाहन मयूर, जिनका आहार नाग है। भगवान शिव का श्रृंगार हैं नागदेव। गणेश जी का वाहन मूषक। शिवजी सिंह चर्म पर समाधि लगाते हैं। मूषकराज का वश चले तो आसन कुतर दें। फिर भी इस परिवार में टकराहट का कोई प्रसंग किसी कथा में नहीं मिलता। शिव परिवार में यह अद्भुत समन्वय गणपति जी के कारण है। वे इससे यह संदेश मिलता है कि जो समन्वयक हैं, नेतृत्वकर्ता हैं, उनमें क्षमता होनी चाहिए कि वे विषम और विपरीत स्वभाव वाले लोगों के बीच भी समन्वय कर सकें, जिससे परिवार, समाज या देश के आदर्श स्वरूप में निखार हो। इस प्रकार गणेशजी के जन्मकथा से लेकर उनके स्वरूप, शैली और भोग प्रत्येक आयाम नया संदेश देता है। गणेशोत्सव पर गणेश जी के पूजन के साथ उनके स्वरूप और शैली से संदेश लेने की आवश्यकता है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

नजरिया

# अहंकार में डूबे व जटिलताओं से ग्रस्त लोग और 'मैं'

मैं ने हमेशा दूसरों की अच्छाइयों को समझने की कोशिश की है और उनकी कमजोरियों को नजरअंदाज किया है, लेकिन कभी-कभी लोग अपनी सीमाओं को इस हद तक लांघ जाते हैं कि वे आपके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाते हैं और आपकी आत्मा को भी बर्बाद करने की कोशिश करते हैं।



हरप्रीत कौर बवेजा
एसोसिएट प्रोफेसर ऑफ इंग्लिश, राजकीय पीजी कॉलेज पंचकूला

उन्हें यह समझाना जरूरी है कि आप कमजोर या डरपोक नहीं हैं कि उनके द्वारा लंबे समय से आप पर किए जा रहे अपमान, बाधाओं और दादागिरी को नजरअंदाज कर दें, बात बस इतनी है कि आप अपनी दयालुता और विनम्रता से उनके दिल तक पहुंचने वाला एक पुल बनाने की कोशिश कर रहे थे। बात बस इतनी है कि आप उनकी सद्भावना और सहयोग की भावना जीतने की कोशिश कर रहे थे, यह जानते हुए कि ईश्वर ने हमें इसी उद्देश्य से धरती पर भेजा है और ऐसा करना ही मानवता के हित में है।

मैं अब भी इस बात पर काफी हद तक विश्वास करती हूं कि अच्छाई का एक दीपक, दूसरे दीपक को जलाने की क्षमता रखता है, लेकिन मैंने अपने जीवन के कुछ कड़वे अनुभवों से यह महसूस किया है कि यह जरूरी नहीं कि सच हो





और हमेशा सभी लोगों के लिए कारगर हो। दुर्भाग्य से अहंकार में डूबे, ईर्ष्यालु और जटिलताओं से ग्रस्त लोग, ईश्वर प्रदत्त उपहारों के बावजूद, जिनसे वे उत्पादकता और सार्थक सेवा का एक शक्तिशाली ब्रह्मांड बना सकते हैं, अपने चारों ओर नकारात्मकता का एक दुष्चक्र बना लेते हैं, हमेशा दूसरों को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं, कटु या तीखी टिप्पणियां करते हैं, अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न करते हैं और दुनिया के प्रति अपने संकीर्ण, पूर्वाग्रही और खंडित दृष्टिकोण के कारण दूसरों पर अनुचित झूठे आरोप लगाते हैं। मुझे ऐसी आत्माओं पर दया आती है जो हमेशा दुखी रहती हैं, षड्यंत्र रचती रहती हैं और शिकायतों से भरी रहती हैं। उनका अहंकार, प्रसिद्धि और प्रभुत्व की भूख उन्हें दूसरों की मानवता और अपनी कमियां दोनों के प्रति अंधा बना देती है। ईश्वर उन्हें आंतरिक शांति, मधुर वाणी, नेक हृदय और सदबुद्धि प्रदान करें।

मेरी उनके लिए प्रार्थना है। प्रिय मित्र, तुमने अपने प्रति मेरे दृष्टिकोण को पूरी तरह से बदल दिया है। अब जब भी तुम मेरे रास्ते में आओगे, मैं हमेशा सतर्क रहूंगी।

पहले मैं तुममें एक भावी दोस्त देखती थी, लेकिन तुमने अपनी ही करतूत से मेरे दिल में उस भावना को नष्ट कर दिया। अब मैं हमेशा रक्षात्मक रहूंगी और तुम्हारी किसी भी बात या काम पर कभी भरोसा नहीं कर पाऊंगी। मैं तुम्हें बता दूं कि मैं हमलों और साजिशों से खुद को बचाना जानती हूं और मुझमें अकेले ही ऐसा करने का नैतिक साहस है, चाहे कुछ भी हो जाए। मैं किसी को धमकाती नहीं हूं और न ही किसी की धमकियां सहूंगी, क्योंकि मैं एक निडर आत्मा हूं। मैं कठोर पदार्थों से बनी हूं, मेरे प्यारे। अगर तुम कर सको तो मुझे तोड़ने की कोशिश करो। मैं तुम्हें चुनौती देती हूं। ऐसा करने पर तुम्हें सिर्फ निराशा ही हाथ लगेगी।

( ये लेखिका के निजी विचार हैं )

## अपनी बात

**हिंदी** हमारी राष्ट्रभाषा है और यह भारत के अधिकतर लोगों द्वारा बोली और समझी जाती है। यह हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को जोड़ने का माध्यम है। हिंदी भाषा न केवल भावों को व्यक्त करने का जरिया है, बल्कि यह हमारी पहचान भी है। यह विभिन्न क्षेत्रों, धर्मों और जातियों के लोगों को एक सूत्र में बांधती है। शिक्षा, साहित्य, सिनेमा और संचार के क्षेत्रों में हिंदी का विशेष महत्व है। आज के वैश्विक युग में भी हिंदी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई है। तकनीकी और डिजिटल दुनिया में हिंदी की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इसलिए हिंदी भाषा का संरक्षण और प्रसार करना हमारा कर्तव्य है। यह भाषा केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि हमारी आत्मा की अभिव्यक्ति है।

**-सुमित अवस्थी, बद्दी**

# समय आ गया है कि मनुष्य स्वयं प्रकृति के साथ बातचीत करे


प्रकृति का प्रचंड प्रहार, डूब गए सब घर-द्वार, अब तो सुन लो प्रकृति की पुकार, इन पंक्तियों पर सभी को विचार-विमर्श करना चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं को रोका जा सके। मनुष्य विकास की दौड़ में पूर्ण रूप से अंधा हो चुका है।



लकेश चंदेल
अध्यापक, जिला बिलासपुर

अपने फायदे के लिए प्रकृति से बार-बार छेड़खानी करके वह प्राकृतिक आपदाओं को जानबूझकर आमंत्रित कर रहा है। प्रकृति वह परिवेश है जहां हर जीव जंतु, मनुष्य जन्म लेता है, बड़ा होता है तथा अपने जीवन का निर्वाह करता है। अगर मनुष्य उसी परिवेश को ही नुकसान पहुंचाएगा, तो प्रकृति नाराज होकर उसके प्रतिफल में भयंकर आपदा लाएगी। यह मानव जीवन के लिए एक बहुत ही दुखद घड़ी होती है। जब उसका घर-द्वार, जीवन, सुख-शांति सब कुछ तबाह हो जाता है। आज जो प्राकृतिक आपदाएं बार-बार आ रही हैं, उसके लिए पूर्ण रूप से मनुष्य ही जिम्मेदार है। यह प्रकृति पर्यावरणीय परिवेश मनुष्य के साथ-साथ जीव जंतुओं का भी है, लेकिन जीव-जंतुओं की कोई गलती नहीं होते हुए भी, उसे मनुष्य द्वारा किए गए गलत कार्यों के परिणाम साथ में भुगतने पड़ रहे हैं। कुदरत ने मैदानी इलाके तथा पहाड़ी इलाके कुछ सोच समझकर मनाए हैं।

इसे ही साधारण शब्दों में धरा का प्राकृतिक संतुलन कहा जाता है। अगर पहाड़ी इलाकों में विकास करना है तो वह सतत विकास के रूप में किया जाना बहुत ही जरूरी है। विकास की होड़ में अंधाधुंध पेड़-पौधे काटना, पहाड़ों को काटकर सुरंगें बनाना, नदियों के जल बहाव की दिशा को परिवर्तित करना तथा जगह-जगह रोकना, नदी नालों के किनारे भवनों का निर्माण करना यह सब प्रकृति के साथ छेड़खानी ही है। प्रकृति बार-बार अपनी इस पीड़ादायक पुकार को मानव जीवन के समक्ष रख रही है और प्रकृति की पुकार करने का तरीका ये प्राकृतिक आपदाएं ही हैं। मनुष्य अपना दुख-दर्द बोलकर जाहिर कर



लेता है, परंतु प्रकृति इन विभिन्न तरह की आपदाओं के जरिए ही अपने दुख को प्रकट कर सकती है। मनुष्य एक बुद्धिजीवी प्राणी है, उसे अपने दिल और दिमाग का सही इस्तेमाल करते हुए सबसे पहले यह सोचना चाहिए कि यह प्राकृतिक आपदाएं एक के बाद निरंतर आ रही हैं तो उसके पीछे कारण क्या है और इन से कैसे बचा जा सकता है।

आधुनिक विश्व में विकास करना बहुत ही जरूरी है, परंतु इस विकास को सतत् विकास के रूप में करना हर नागरिक का कर्तव्य है। सतत् विकास वह विकास होता है, जिसमें पर्यावरण को बिना किसी नुकसान पहुंचाए, हम विकास के लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। उदाहरण के तौर पर यदि हमें विकास के लिए एक पेड़ काटना है तो हमें कम से कम बीस पेड़ उसके साथ ही लगाने होंगे, ताकि प्रकृति का पर्यावरणीय संतुलन बना रहे। हमारे पूर्वजों ने हमें एक हरा भरा संतुलित पर्यावरण विरासत के रूप में प्रदान किया था, लेकिन अगर हम पर्यावरण को अपने फायदे के लिए निरंतर हानि पहुंचाते रहेंगे तो हमें देखना है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को विरासत में क्या देकर जाएंगे।

आपदा एक अनपेक्षित घटना होती है जो मनुष्य के नियंत्रण में नहीं है। आपदा बिना चेतावनी के आती है तथा बड़े स्तर पर जानमाल की हानि पहुंचाती है। आज के समय में आपदाओं ने भी अपना स्वरूप बदल लिया है। मनुष्य को भी इनसे निपटने के लिए उसी तरह से तैयार रहना चाहिए तथा कोशिश करनी चाहिए कि प्रकृति के संतुलन को जल्द से जल्द संतुलित करें ताकि भविष्य में ऐसी प्राकृतिक आपदाएं दोबारा नहीं आए।

आपदाएं प्राकतिक और मानव जनित दो तरह की होती हैं। भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, सुनामी , बाढ़ , भूकंप आदि को प्राकृतिक आपदा माना जाता है, जबकि न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल, केमिकल तथा प्रकृति से अपने फायदे के लिए गलत तरीके से छेड़खानी करना इत्यादि आपदाओं को मानव जनित आपदा माना जाता है। आजकल के दिनों में बार-बार भूकंप, तूफान, बाढ़ों, बादल का फटना एक प्राकृतिक आपदा है। इन आपदाओं का स्थायी समाधान ढूंढना ही सबसे बड़ा विकास है। स्थायी समाधान तभी संभव है, जब विश्व के समस्त देश इकट्ठे होकर पर्यावरण सुरक्षा तथा संतुलन के लिए कार्य करते हुए सतत् विकास को अपनाएंगे तथा समय रहते हुए प्रकृति की पीड़ादायक पुकार को सुनकर प्राकृतिक संरक्षण के लिए दिन-रात कार्य करेंगे।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# बदलते छात्र-शिक्षक संबंध और सही दिशा की तलाश

समाज का दर्पण कहलाने वाला विद्यालय आज एक गहरी चिंता का विषय बन गया है। जहां पहले शिक्षा का अर्थ केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और नैतिकता था, वहीं अब कुछ घटनाएं यह सोचने पर मजबूर कर रही हैं कि हमारे छात्र आखिर किस दिशा में जा रहे हैं। हाल ही में हरियाणा के भिवानी जिले के ढाणा लाडनपुर गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई घटना, जहां एक छात्र ने अपने ही शिक्षक पर हमला कर दिया, यह सवाल और गंभीर हो जाता है। यह घटना सिर्फ एक शिक्षक और एक छात्र के बीच का विवाद नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा-तंत्र और समाज के लिए चेतावनी है।



प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर से भी उच्च स्थान दिया गया है। गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरः, लेकिन आज की वास्तविकता यह है कि कई जगहों पर शिक्षक-छात्र संबंधों में खटास बढ़ती जा रही है। पहले शिक्षक की डांट को भी विद्यार्थी प्यार और मार्गदर्शन मानते थे, आज वही डांट अपमान या प्रताड़ना लगती है। मोबाइल और इंटरनेट ने छात्रों को स्वतंत्रता तो दी है, लेकिन साथ ही उनमें अहंकार और अनुशासनहीनता भी बढ़ाई है।

किसी भी बच्चे के व्यक्तित्व की नींव घर पर रखी जाती है। अगर घर में अनुशासन, संस्कार और मर्यादा का माहौल होगा तो बच्चा वही सीखेगा, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में माता-पिता बच्चों को समय नहीं दे पा रहे। टेलीविजन, मोबाइल और सोशल मीडिया बच्चों के 'गुरु' बन गए हैं। नशे और हिंसा जैसी प्रवृत्तियों तक छात्रों की पहुंच आसान हो चुकी है। नतीजा यह कि जब शिक्षक बच्चे को सही राह दिखाने की कोशिश करता है, तो छात्र उसे रोक-टोक या बंधन



मानकर विद्रोह कर बैठता है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली का सबसे बड़ा संकट यह है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी और अंक तक सीमित रह गया है। नैतिक शिक्षा, जीवन मूल्य और चरित्र निर्माण पर जोर लगभग समाप्त हो गया है। बच्चों को 'क्या बनना है' यह तो सिखाया जा रहा है, लेकिन 'कैसा इंसान बनना है' यह कहीं खो गया है। प्रतियोगिता की दौड़ में छात्रों पर दबाव इतना बढ़ गया है कि उनमें सहनशीलता और धैर्य की जगह अधीरता और आक्रामकता ने ले ली है।

एक छात्र का अपने शिक्षक पर हमला करना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि यह पूरी शिक्षा प्रणाली और समाज के लिए शर्मनाक है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। शिक्षक छात्रों को अनुशासित करने से कतराएंगे, विद्यालय की गरिमा को आघात पहुंचेगा और समाज में गलत संदेश जाएगा कि यदि छात्र ही शिक्षक का आदर नहीं करेंगे तो समाज में वरिष्ठों और बड़ों के प्रति सम्मान कैसे बना रहेगा। इस तरह की घटनाएं केवल विद्यालय स्तर की समस्या नहीं हैं, बल्कि यह कानून-व्यवस्था से भी जुड़ी हैं। ऐसे मामलों में तुरंत और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि छात्र और अभिभावक दोनों यह समझें कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसे बच्चों के पुनर्वास और परामर्श की भी व्यवस्था हो। अगर हमें छात्रों को सही दिशा में ले जाना है तो केवल सजा या डर से यह संभव नहीं होगा। इसके लिए बहुआयामी कदम उठाने होंगे। परिवार को बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना होगा और घर में अनुशासन और संस्कार का वातावरण बनाना होगा। शिक्षा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है, पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा, मूल्य-आधारित शिक्षा और चरित्र निर्माण की गतिविधियां अनिवार्य की जानी चाहिएं।

शिक्षक को भी बच्चों की मानसिकता को समझते हुए संवाद की शैली बदलनी होगी। डांट या डर की बजाए समझाना और विश्वास दिलाना होगा। विद्यालयों में काउंसिलिंग कक्ष अनिवार्य होने चाहिए और आक्रामक प्रवृत्ति वाले बच्चों को समय पर मनोवैज्ञानिक सहायता दी जानी चाहिए। समाज और मीडिया को भी अपनी भूमिका निभानी होगी, हिंसक और नकारात्मक सामग्री के प्रभाव को कम करना होगा और सकारात्मक आदर्श प्रस्तुत करने होंगे।

'छात्र किस दिशा में जा रहे हैं' यह सवाल केवल एक घटना से उपजा हुआ प्रश्न नहीं है, बल्कि पूरे समाज की स्थिति पर एक गहरा चिंतन है। यदि आज ही हम बच्चों को अनुशासन, सम्मान और संस्कार की सही राह नहीं दिखाएंगे तो आने वाली पीढ़ी में शिक्षक-छात्र संबंध और समाज की संरचना दोनों कमजोर हो जाएंगे।

समाधान परिवार, विद्यालय, समाज और प्रशासन, सभी के संयुक्त प्रयास में छिपा है। शिक्षा केवल डिग्री दिलाने का माध्यम न होकर चरित्र निर्माण और जीवन मूल्य का संस्कार बने, तभी हम कह पाएंगे कि हमारे छात्र सही दिशा में जा रहे हैं।

( ये लेखिका के निजी विचार हैं )

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बैजनाथ-नेरी-कांडापतन मार्ग पर कोठी में फंसा ट्रक, यातायात बंद

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**लडभड़ोल** क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के चलते बैजनाथ-नेरी-कांडापतन मार्ग पर कोठी में बीती रात एक ट्रक फंस गया। गनीमत यह रही कि ट्रक पलटने से बच गया, लेकिन वह मिट्टी में धंस गया। चालक को इस मार्ग की स्थिति की जानकारी नहीं थी और उसने पूरी रात ट्रक में ही गुजार दी।

बता दें कि पिछले दो महीनों से यह मार्ग बंद पड़ा हुआ है, जिससे हजारों लोगों का संपर्क टूट गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र का एकमात्र संपर्क साधन है और इसके ठप हो जाने से स्कूली बच्चों, सरकारी कर्मचारियों और खासकर बीमार व्यक्तियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण मंजू, सुशील, अजय, विक्की, सतीश और दीपक ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग उपमंडल लडभड़ोल ने मार्ग बंद होने की सूचना देने के लिए कोई साइन बोर्ड नहीं लगाया। अगर बोर्ड लगाया गया होता तो ट्रक चालक अन्य रास्ते से जा सकता था। इसी कारण एचआरटीसी की बसें भी फिलहाल कोठी तक ही सेवाएं दे पा रही हैं।

इस मामले पर लोक निर्माण विभाग उपमंडल लडभड़ोल के सहायक अभियंता पवन गुलेरिया ने बताया कि ट्रक फंसने की सूचना पर मौके पर जेसीबी भेजी गई है और ट्रक को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा पहले लगाया गया साइन बोर्ड बारिश की वजह से उखड़ गया था, जिसे जल्द ही दोबारा लगाया जाएगा।

# दो मंजिला मकान पर मंडराया खतरा

## प्रशासन ने मकान करवाया खाली, लगातार बारिश से डंगा ढहा और रास्ता भी हुआ बंद

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**क्षेत्र** में लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते गंभीर सड़क निर्माण कार्य के चलते लगासे गिरने से लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। चोलथरा पंचायत के गांव बासी कोठी निवासी कृष्ण दयाल पुत्र रूप लाल के मकान के आगे बना डंगा तीन दिनों से लगातार बारिश के कारण पूरी तरह ढह गया है, जिससे पूरे मकान के ढहने का खतरा मंडरा रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि परिवार को मकान खाली करना पड़ रहा है।


चोलथरा में भूस्खलन से दो मंजिला मकान को पैदा हुआ खतरा।

घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत प्रधान व उपप्रधान मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। बताया गया कि मकान के आगे का आने-जाने का रास्ता भी पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे घर के लोगों को आने जाने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार की सूचना पर पटवारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण कर मौके पर ही रिपोर्ट तैयार की, जिसे उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। इसी प्रकार राष्ट्रीय उच्च मार्ग के निर्माण कार्य में लगी कंपनी की लापरवाही से अवाहदेवी से लेकर जोगीखला पंचायत तक हर जगह भू स्खलन हो रहा है और गांववासियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल राहत व पुनर्वास की व्यवस्था की जाए तथा डंगे के पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि प्रभावित परिवार को सुरक्षित आवास मिल सके और अन्य साथ लगते परिवार के लोगों को भी आने-जाने में परेशानी न हो।

इस बारे जब एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी को नोटिस जारी कर दिया है।

# सुंदरनगर में बारिश से डीएवी स्कूल तमरोह सड़क अवरुद्ध


पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर व अन्य स्थिति का जायजा लेते हुए।

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**सुंदरनगर** उपमंडल के डीएवी स्कूल तमरोह बाईपास सड़क पर भारी बारिश के कारण डंगा गिर जाने से यातायात बाधित हो गया।

जानकारी मिलते ही पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ई. रोशन लाल ठाकुर, सहायक अभियंता ई. यशवंत सिंह चंदेल और कनिष्ठ अभियंता विजय सिंह गुलेरी के साथ मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान सोहन लाल ठाकुर को डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य मोहित चुघ, स्कूल स्टाफ और अभिभावकों ने सड़क अवरुद्ध होने से हो रही दिक्कतों से अवगत करवाया। सोहन लाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द क्रेट वायर डंगा लगाकर यातायात बहाल किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### खुड्डी गांव में 4 कमरों का मकान जमींदोज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले सब तहशील भद्रवाड के गांव खुड्डी में सोमवार शाम भारी बारिश के कारण एक बड़ा हादसा हो गया। यहां राम चन्द पुत्र स्वर्गीय नेक राम का चार कमरों का मकान अचानक जमींदोज़ हो गया। ग्राम पंचायत खाहन की प्रधान मीणा कुमारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगातार हो रही भारी वर्षा से घर की दीवारें कमजोर हो चुकी थीं और सोमवार शाम यह मकान पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो गया। हादसे में किसी तरह की जानी नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन परिवार का सारा घरेलू सामान मलबे में दब गया है और परिवार बेघर हो गया है। प्रधान मीणा कुमारी ने बताया कि प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि चार कमरों के इस मकान के टूटने से करीब लाखो रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। इस बारे में नाइब तहसीलदार संजीव कुमार ने बताया कि सम्बंधित पटवारी को मौके पर भेज दिया गया है।

### आज से होगा फ्लशिंग कार्यः उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि पंडोह डैम में आज 26 अगस्त से शुरू होने वाले फ्लशिंग कार्य को एक दिन के लिए आगे कर दिया गया है। अब यह कार्य 27 अगस्त से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नदी के जल स्तर को नियंत्रित रखने के दृष्टिगत जिला प्रशासन की ओर से बांध प्रबंधन से इस बारे में आग्रह किया गया था। उपायुक्त ने लोगों से अपील की है कि वे इस दौरान ब्यास नदी के किनारे जाने से बचें और पूरी तरह सतर्क रहें।

### आईटीआई में स्पॉट राउंड दाखिला 30 तक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जोगिंदरनगर में सत्र 2025-26 हेतु स्पॉट राउंड प्रवेश प्रक्रिया 30 अगस्त तक जारी रहेगी। संस्थान की प्रधानाचार्या ई. नवीन कुमारी ने बताया कि जो अभ्यर्थी पहले आवेदन नहीं कर पाए थे, वे रिक्त सीटों पर दाखिला ले सकते हैं। निदेशालय तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, सुंदरनगर के निर्देशानुसार सभी व्यवसायों में एक-एक सीट अनाथ उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। संस्थान में कोपा, कॉस्मेटोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, प्लम्बर, सिलाई टेक्नोलॉजी व एसओटी ट्रेडों में सीटें उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों–10वीं का प्रमाण पत्र, आधार, हिमाचली प्रमाण पत्र, श्रेणी व आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, चरित्र व चिकित्सकीय प्रमाण पत्र सहित–के साथ 30 अगस्त तक स्वयं उपस्थित होकर दाखिला ले सकते हैं।

### धर्म संघ भूतनाथ मंदिर के भीम चंद अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, मंडी।** धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी की साधारण सभा 5 अगस्त को सरस्वती विद्या मंदिर, महाजन बाजार में संपन्न हुई। सभा में सर्वसम्मति से भीम चंद सरोच को संघ का अध्यक्ष चुना गया तथा नई कार्यकारिणी गठन का अधिकार उन्हें सौंपा गया। अध्यक्ष ने हरीश वैद्य की अध्यक्षता में प्रकाश कश्यप, आर.के. शर्मा और ज्ञान चंद सैनी को सदस्य बनाकर चार सदस्यीय उप समिति गठित की। समिति ने एक सप्ताह में रिपोर्ट दी, जिसके आधार पर कार्यकारिणी घोषित की गई। नई कार्यकारिणी में हरीश वैद्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रकाश कश्यप व आरके शर्मा उपाध्यक्ष, ज्ञान चंद सैनी महासचिव, मुरारी लाल शर्मा कोषाध्यक्ष और महेंद्र पाल राणा वित्त सचिव बनाए गए। इसके अलावा राजेन्द्र ठाकुर, खेम राज गुप्ता, हेम राज शर्मा और रेवती शर्मा को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गईं। सलाहकार परिषद में बलबीर शर्मा संरक्षक तथा ओमराज शर्मा मुख्य सलाहकार नियुक्त हुए।

### चंपा देवी को मिली 2 लाख की बीमा राशि

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के खद्दर गांव की चंपा देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की खद्दर शाखा के प्रबंधक अनिल कुमार ने चेक भेंट करते हुए बताया कि उनके पति स्वर्गीय सनी कुमार ने बीते वर्ष इस योजना में पंजीकरण करवाया था। दुर्भाग्यवश, मई माह में उनका आकस्मिक निधन हो गया। उन्होंने योजना में अपनी पत्नी चम्पा देवी को नामांकित किया था। बैंक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बीमा क्लेम की प्रक्रिया पूरी की गई और बीमा राशि चम्पा देवी को सौंप दी गई। अनिल कुमार ने कहा कि यह योजना बहुत ही कम प्रीमियम पर आमजन को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का बेहतरीन माध्यम है और जरूरत के समय परिजनों के लिए सहारा बनती है।

### जोगिंद्रनगर में बांटे मोरिंगा-अश्वगंधा के पौधे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी मेमोरियल महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में क्षेत्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति संस्थान एवं हर्बल गार्डन जोगिंद्रनगर के सौजन्य से औषधीय पौधों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मोरिंगा और अश्वगंधा प्रजाति के लगभग 300-300 पौधे ईको क्लब, नशा मुक्त भारत अभियान के सदस्यों तथा छात्रों को सौंपे गए। पौधे आरआईआईएसएम हर्बल गार्डन के प्रभारी वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. रविंदर कौंडल ने वितरित किए। नशा मुक्त भारत अभियान के संयोजक डॉ. दीपक मोहन और इको क्लब की संयोजक डॉ. स्मृति ठाकुर ने पौधों को ग्रहण किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए छात्रों से पर्यावरण संरक्षण और औषधीय पौधों के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. अतुल सहित अन्य शिक्षक व छात्र भी मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में मैमोग्राफी जांच अब 500 रुपए में उपलब्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**स्तन कैंसर की पहचान में मददगार, सुनने व बोलने की समस्याओं में लाभ**

**क्षेत्रीय** अस्पताल मंडी में मरीजों के लिए मैमोग्राफी जांच की सुविधा शुरू कर दी गई है। यह जांच अब मात्र 500 रुपए में उपलब्ध होगी। यह निर्णय रोगी कल्याण समिति की स्वीकृति के बाद लिया गया है। इसके साथ ही बीईआरए टेस्ट 320 रुपए, पीटीए टेस्ट 50 रुपए तथा स्पीच थैरेपी भी 50 रुपए में उपलब्ध होगी।

वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश ठाकुर ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की शुरुआती अवस्था में पहचान संभव हो सकेगी। अब मरीजों को जांच के लिए बाहर के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा सुलभ दरों पर मिलने से खासतौर पर महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी।

वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल मंडी डॉ. दिनेश ठाकुर ने कहा कि बीईआरए टेस्ट छोटे बच्चों और नवजात शिशुओं की श्रवण क्षमता का वैज्ञानिक आकलन करता है, जबकि पीटीए टेस्ट सामान्य सुनने की क्षमता का मूल्यांकन करता है। वहीं स्पीच थैरेपी हकलाहट, भाषा संबंधी कठिनाइयों और श्रवण कमजोरी से जुड़े मरीजों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी।

# एनएच निर्माण कंपनी ने पशु चिकित्सालय का रास्ता किया बंद

## बीच सड़क पर करना पड़ रहा पशुओं का उपचार, दो वर्षों से शिकायतों के बाद भी प्रशासन मौन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**एनएच** निर्माण के कारण सरकाघाट क्षेत्र में लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जमसाईं स्थित पशु चिकित्सालय का रास्ता पिछले दो वर्षों से बंद है, जिससे डॉक्टरों और पशुपालकों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन व कंपनी समाधान नहीं कर पा रही है।

मंगलवार को घायल बैल पशु चिकित्सालय तक नहीं पहुंच सका, जिसका पशुपालन विभाग की टीम ने सेवानिवृत्त उप निदेशक डॉक्टर एचएस राणा की मदद से उस बैल की मरहम-पट्टी सड़क किनारे की। अमृता सेवा समिति की अध्यक्ष सोमा राणा और सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने इस संबंध में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को शिकायत भेजी है। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि ईपीसी मोड पर दिए गए इस कॉन्ट्रैक्ट में जनहित की अनदेखी हुई है और निर्माण कंपनी मनमानी कर रही है।





### बरसात थमते ही बनाई जाएगी सड़क और रास्ता : अंकित सिंह

**गाबर** कंपनी के कंस्ट्रक्शन इंजीनियर अंकित सिंह ने कहा कि साइट पर डंगा लगाया जाना है बरसात थमते ही पशु अस्पताल के लिए सड़क और रास्ते का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

### नहीं हो रही कोई सुनवाई : जसवाल

**सरकाघाट** पशु अस्पताल के डॉक्टर राजेंद्र जसवाल ने कहा कि आई निर्माण के चलते 2 सालों में अस्पताल का रास्ता और सड़क पूर्णता बंद हो चुकी है कंपनी को बार-बार आग्रह करने के बाद भी रास्ता नहीं बनाया जा रहा है प्रशासन को भी कहीं शिकायतें कर चुके हैं कोई हल नहीं हो रहा है पशुपालकों के साथ साथ डॉक्टर और स्टाफ को भी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है।

# हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद नेरचौक के अध्यक्ष बने सीताराम वर्मा

अनंत ज्ञान, नेरचौक

**हिमोत्कर्ष** साहित्य संस्कृति एवं जन्म कल्याण परिषद इकाई नेरचौक की बैठक अध्यक्ष योगेंद्र पाल वालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें परिषद के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। बैठक में बल्ह बैली कल्याण वृद्ध आश्रम भंगरोटू के प्रधान डॉ. दिनेश वशिष्ठ विशेष रूप से उपस्थित हुए


हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद नेरचौक इकाई की नवगठित कार्यकारिणी।

अध्यक्ष योगेंद्रपाल वालिया ने बताया कि वह पिछले लगभग 20 वर्षों से परिषद को बेहतर और निस्वार्थ भाव से चला रहे थे, लेकिन उनका स्वास्थ्य पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रहा है जिस कारण वह अब अपने पदभार से मुक्त होना चाहते हैं। जिस पर सभी सदस्यों ने आपसी विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाए। इसके लिए बल्ह बैली कल्याण वृद्ध आश्रम भंगरोटू के प्रधान डॉ. दिनेश वशिष्ठ की अध्यक्षता में सर्वसमिति से सीताराम वर्मा को अध्यक्ष, विजय कुमार ठाकुर महासचिव, हरीश कोंडल कोषाध्यक्ष विनोद जसवाल उपाध्यक्ष, योगेंद्रपाल वालिया मुख्य सलाहकार, परमजीत सिंह सेठी मुख्य संरक्षक, अभिलाष गुप्ता व खेमचंद ठाकुर संरक्षक, प्यार चंद परमार को प्रचार सचिव, मस्तराम चौधरी लेखा परीक्षक तथा धर्मचंद चौधरी, भाद्र सिंह चौधरी, मथुरादास भारती, लीला घई, अमरचंद गुप्ता, गगन कुमार ठाकुर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

# कपड़ा व्यापारी कल से 4 दिन बंद रखेंगे दुकानें

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्लॉथ एसोसिएशन के प्रधान साजन आहूजा ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी कपड़ा व्यापारियों का चार दिन का वार्षिक अवकाश रहेगा। यह अवकाश 28 से 31 अगस्त तक रहेगा, जिसके दौरान लडभड़ोल के सभी कपड़ा व्यापारी अपनी दुकानें बंद रखेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्थानीय व्यापार लगातार प्रभावित हो रहा है। इसका मुख्य कारण बाहरी प्रवासी व्यापारी हैं, जो बाइक पर घूम-घूमकर बिना जीएसटी के कपड़ों की बिक्री करते हैं। इससे स्थानीय व्यापारियों के कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

## नगर निगम और आईटीआई मंडी के बीच एमओयू

# स्ट्रीट लाइट और लोहे के जालों के रखरखाव में सहयोग करेंगे विद्यार्थी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**शहर विकास व छात्रों के कौशल संवर्धन की दिशा में अनूठी पहल**

नगर निगम मंडी और आईटीआई मंडी के बीच मंगलवार को एक ऐतिहासिक एमओयू हुआ। इस पहल को नगर की बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव और छात्रों को वास्तविक अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समझौते के तहत नगर निगम और आईटीआई मिलकर दो अहम क्षेत्रों पर कार्य करेंगे। इसमें पहला कार्य लोहे के जालों का निर्माण, स्थापना और टूटे हुए जालों की मरम्मत से जुड़ा है।

आईटीआई के विद्यार्थी नगर निगम के सहयोग से यह कार्य करेंगे, जिससे कचरा फैलाव पर अंकुश लगेगा, सुरक्षा बढ़ेगी और शहर की सुंदरता में सुधार होगा। दूसरा कार्य नगर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था से संबंधित है। नगर निगम इंजीनियरों के मार्गदर्शन में आईटीआई के प्रशिक्षु खराब स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत व पुनर्स्थापना करेंगे, जिससे प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त होगी और नागरिकों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित होगी। नगर निगम अधिकारियों ने इसे विन-विन साझेदारी बताते हुए कहा कि इस कदम से लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान होगा और शहरवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं आईटीआई मंडी के प्राचार्य ने कहा कि यह एमओयू विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर सीखने और वास्तविक अनुभव प्राप्त करने का अवसर देगा, जिससे उनका आत्मविश्वास और रोजगार क्षमता और भी मजबूत होगी।

यह समझौता न केवल मंडी नगर को सुविधाओं की दृष्टि से लाभान्वित करेगा बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल बनेगा कि कैसे शिक्षा संस्थान और शहरी निकाय मिलकर युवाशक्ति को नगर विकास में जोड़ सकते हैं।

# टिहरा में 10 माह पहले गिराया रेन शेल्टर अभी तक नहीं बना पाए विधायक : भूपेंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**बारिश में सैकड़ों लोगों को हो रही परेशानी**

**पूर्व जिला पार्षद ने दी चेतावनी, 1 सितंबर से धरने की तैयारी**

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र के टिहरा बस स्टैंड पर बना तीस साल पुराना रेन शैल्टर पिछले वर्ष अक्टूबर में विधायक द्वारा गिरवाया गया था, लेकिन दस माह बीत जाने के बाद भी इसे दोबारा निर्मित नहीं किया गया। इस कारण संधोल, चोलगढ़, भदेहड़, गद्दीदार, कमलाह, तौरखोला, गरली, डरवाड़, सजाओ, धर्मपुर, अवाहदेवी और सकोह सहित एक दर्जन से अधिक पंचायतों से रोजाना आने-जाने वाले सैकड़ों लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के दिनों में यात्रियों को सिर छिपाने तक की जगह नहीं मिल रही।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सुविधा छीनना जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि इस रेन शेल्टर का ठेका सत्ताधारी पार्टी के मंडल अध्यक्ष को दिया गया है, जिसने इसे गिराने में तो दो घंटे लगाए, लेकिन पुनर्निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्माण शुरू न हुआ तो 1 सितंबर को स्थानीय लोग व संगठन धरना देंगे।

# राइजिंग मेन क्षतिग्रस्त सरकाघाट में 2 दिन होगी पानी की दिक्कत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारी बारिश के चलते लिफ्ट वॉटर सप्लाई स्कीम सरकाघाट टाउन की राइजिंग मेन कांढ़ापतन ब्यास नदी के पास क्षतिग्रस्त हो गई है। जल शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता विवेक हाजरी ने बताया कि लगातार वर्षा होने से पाइपलाइन की मरम्मत और वेल्डिंग कार्य करना संभव नहीं है। जैसे ही मौसम सामान्य होगा, विभाग दो दिनों के भीतर लाइन की मरम्मत पूरी कर देगा। इस वजह से सरकाघाट टाउन की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी और लोगों को अगले दो दिनों तक पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# हरितालिका तीजः महिलाओं ने व्रत रखकर परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**जोगिंद्रनगर** उपमंडल के अन्नपूर्णा मंदिर लदरुही में हरितालिका तीज पर्व के उपलक्ष्य में सामूहिक उद्यापन का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए और विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना कर हरितालिका उद्यापन संपन्न करवाया। मठाधीश 1008 राममोहन दास रामायणी ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से इस अनुष्ठान में भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की।


अन्नपूर्णा मंदिर लदरुही में हरितालिका तीज पर सामूहिक उद्यापन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने हरितालिका कथा का श्रवण किया। कथा में शिव-पार्वती विवाह की महिमा और इस व्रत के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया गया। कथा के उपरांत मंदिर प्रांगण में गूंजते भजनों और मंत्रोच्चारण के बीच शिव-पार्वती की आरती संपन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं ने विशेष रूप से भाग लिया और व्रत रखकर अपने परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राममोहन दास रामायणी ने कहा कि सनातन धर्म में हर पर्व और उत्सव का एक गहरा संदेश और महत्व होता है। हरितालिका तीज का मुख्य उद्देश्य शिव-पार्वती के आदर्श दांपत्य जीवन को स्मरण करना और धर्मपरायणता की परंपरा को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति को जीवित रखना समय की आवश्यकता है और इसके लिए समाज को मिलकर आगे आना होगा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# एचपी सद्भावना लिगेसी योजना एक सितंबर से लागू, कारोबारियों को राहत

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**वैट एरियर मामलों के निपटारे का मौका, समय अनुसार अतिरिक्त दरें तय**

**जोगिंद्रनगर।** राज्य कर एवं आबकारी विभाग जोगिंद्रनगर की सहायक आयुक्त संगीता गुरुंग ने जानकारी दी कि एचपी सद्भावना लिगेसी योजना 1 सितंबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगी। इस योजना का उद्देश्य कारोबारियों को राहत देना और लंबे समय से लंबित वैट एरियर मामलों का निपटारा करना है।

उन्होंने बताया कि जिले के कई कारोबारियों पर वैट एरियर का बोझ है, जिसे अभी तक जमा नहीं किया गया। ऐसे में योजना का लाभ उठाकर वे अपनी जिम्मेदारी पूरी कर सकते हैं और अतिरिक्त भार से भी बच सकते हैं। योजना के तहत सरकार ने समयबद्ध भुगतान का प्रावधान रखा है। यदि कारोबारी सितंबर माह के भीतर निपटारा करते हैं तो उन्हें केवल 15 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान करना होगा। अक्टूबर में यह दर 20 प्रतिशत और नवंबर तक निपटारा करने वालों को 25 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान करना पड़ेगा।

सहायक आयुक्त ने कहा कि विभाग का यह कदम कारोबारियों और सरकार दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगा। इससे जहां राजस्व प्राप्ति में वृद्धि होगी, वहीं कारोबारियों को भी राहत मिलेगी और भविष्य की कानूनी परेशानियों से बचाव होगा। उन्होंने कारोबारियों से अपील की कि वे देर न करें और शुरुआती महीनों में योजना का लाभ उठाएं।

**आक्रोश** भूस्खलन की चपेट में आई पंचायत भूमि, सड़क व मकान, हजारों लोगों का संपर्क कटा, प्रशासन की लापरवाही से बड़ा नुकसान

# सरकाघाट में आईटीआई बरोटी तड़ा के डंगे ढहने से मची तबाही

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल की सरसकान पंचायत में निर्माणाधीन आईटीआई बरोटी तड़ा के डंगे गिरने से भारी तबाही हुई है। इस घटना में सैकड़ों टन वजनी कंक्रीट के ढांचे गिरने से साथ सटी पंचायत की जमीन, रिहायशी मकान और ग्रामीणों की कई बीघा जमीन को भारी क्षति पहुंची है। आईटीआई के भवन की सुरक्षा में कच्ची मिट्टी पर खड़े किए डंगे नेस्तनाबूद हो गए हैं। इससे पहले 26 जून 2023 को करीब डेढ़ सौ मीटर लंबे डंगे का आधा भाग भर भराकर गिर गया था जिससे भारी नुकसान हुआ था। अब दो साल बाद भारी भूस्खलन से बाकी बचे कंक्रीट के बड़े बड़े डंगे ध्वस्त हो गए हैं और मलबे की चपेट में आए तड़ा रखेड़ा सीआरएफ रोड़ का करीब सौ मीटर हिस्सा बह गया है। इस घटना में सड़क की पीसीसी सुरक्षा दीवार, पंचायत भूमि और ग्रामीणों की कई बीघा कृषि योग्य भूमि का नामोनिशान मिट गया है। जोगेंद्र नगर, बसाही, नेरी लांगना, गंत्रेलू, रौह कुसरी, सपड़ी, रखेड़ा, ठप्पलेहड़ा नरेढा, सीरम, लूनग्राम और सरस कान आदि गांवों के हज़ारों लोगों का संपर्क टूट गया है। करीब दस दिन से धीरे-धीरे धंस रही जमीन से आशंकित हुए ग्रामीणों ने खतरे से स्थानीय प्रशासन को सूचित कर दिया था, लेकिन मौका पर किसी भी अधिकारी ने आने की जहमत नहीं उठाई। रविवार को भूस्खलन ने तबाही मचाते हुए जमीन, सड़क, मकान के डंगे, पेड़ पौधे सब रौंद डाले जिसमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

### श्मशानघाट के लिए भी रास्ता नहीं बचा

**आईटीआई** के डंगे गिरने से बरोटी कांढा पतन सीआरएफ सड़क के सौ मीटर हिस्से का नामोनिशान मिट चुका है और पैदल आवाजाही भी संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में बनेरडी, सरसकान, लगेहड़, टोरजाजर, कुम्हारड़ा और पैहड़ पंचायतों का श्मशानघाट जाने का रास्ता भी नहीं बचा है जबकि तड़ा सरोहली कांढा पतन सड़क 25 दिनों से बंद पड़ी हुई है।

### बरसात के बाद ही होंगे राहत कार्य : एसई

**लोक** निर्माण वृत धर्मपुर के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर प्रमोद कश्यप ने कहा कि वहां पर स्लाइडिंग जोन बन चुका है विभाग को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। लगातार बारिश हो रही है बरसात के बाद ही राहत कार्य को अंजाम दिया जा सकता है


डंगे गिरने के बाद क्षतिग्रस्त सीआरएफ सड़क।

### बिना कोर्ट जाए न्याय की उम्मीद धुंधली

**ड्रेन** का पानी गिरने से धंसी जमीन के कारण प्रभावित लोगों मांचली देवी, रिंकू राम और राकेश कुमार का कहना है कि उनके रिहायशी मकान की सुरक्षा दीवारें गिर चुकी हैं, शौचालय क्षतिग्रस्त हुआ है तथा मकानों के गिरने का खतरा बढ़ गया है। इस बारे में उन्होंने पंचायत, राजस्व, लोक निर्माण विभाग व प्रशासन को अवगत कराया। कंपनी के प्रतिनिधि से भी मशीनें मंगवाकर आईटीआई परिसर का पानी मोड़ने का आग्रह किया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए उन्हें मजबूरन उच्च न्यायालय की शरण में जाना पड़ रहा है। उनका कहना है कि निर्माण कंपनी बिल चुकता न होने का बहाना लेकर एक साल पहले अपना बोरिया बिस्तर समेट कर चलती बनी है जबकि परिसर में एक साइट इंचार्ज और चौकीदार ड्यूटी बजाते हैं। बार-बार आग्रह करने पर भी कंपनी का कोई जिम्मेवार प्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचा।

# अंब का टकारला स्कूल जलमग्न, पढ़ाई और बच्चों की सुरक्षा बनी चिंता का विषय

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

अंब की ग्राम पंचायत टकारला में लगातार हो रही भारी बारिश अब स्थानीय लोगों के साथ-साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए भी मुसीबत बनती जा रही है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकारला का प्रांगण बीते कई दिनों से जलमग्न है। चारों ओर फैले बरसाती पानी के कारण विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और अभिभावकों के मन में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता बनी हुई है।


फायर ब्रिगेड के कर्मियों के साथ अध्यापक और अभिभावक

स्कूल प्रधानाचार्य अनिल बक्शी के अनुसार जलभराव के चलते न केवल पढ़ाई बाधित हो रही है, बल्कि बच्चों के आवागमन में भी भारी दिक्कतें सामने आ रही हैं। कीचड़ और गंदे पानी से भरे प्रांगण में छात्रों का प्रवेश जोखिमभरा बन गया है। इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू दो दिन पहले ही स्कूल पहुंचे थे। उन्होंने स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिए थे।

इसके बाद मंगलवार को तहसीलदार नरेश कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया और उपस्थित विभागीय अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में कक्षाएं प्रभावित न हों, इसके लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। तहसीलदार के निर्देशों के बाद जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग और अग्निशमन विभाग (फायर ब्रिगेड) की संयुक्त टीमों को तुरंत पानी की निकासी कार्य में लगाया गया। फायर ब्रिगेड की ओर से मोटर पंपों के माध्यम से पानी निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्कूल परिसर को जलभराव से मुक्त कर दिया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों व अभिभावकों ने विधायक और प्रशासन की तत्परता की सराहना की, लेकिन साथ ही यह भी मांग उठाई कि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न उत्पन्न हो, इसके लिए स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था बनाई जाए। लोगों का कहना है कि हर साल बरसात में यही स्थिति बनती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों खतरे में पड़ जाते हैं। तहसीलदार नरेश कुमार का कहना है कि स्कूल परिसर से पानी की निकासी कार्य पूरा होने के बाद स्थायी समाधान पर भी विचार किया जाएगा, ताकि आने वाले वर्षों में विद्यार्थी बिना किसी व्यवधान के अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

## समनोली में खड्ड का पानी घरों में घुसा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** डाडासीबा क्षेत्र के समनोली गांव के लोगों की चिंता इन दिनों लगातार बढ़ती जा रही है। गांव के बीच से बहने वाला खड्ड का पानी अब सीधे रिहायशी मकानों तक पहुंच चुका है। बरसात और पानी के तेज बहाव के चलते कई घरों के आंगन व निचले हिस्सों में पानी भर गया है। इससे लोगों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या की जानकारी कई बार एसडीओ डाडासीबा तक पहुंचाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। न तो पानी की निकासी का कोई प्रबंध किया गया है और न ही खड्ड के किनारे सुरक्षा को लेकर कोई पुख्ता इंतजाम। इस हालत से मकानों की नींव को भी खतरा पैदा हो गया है। दीवारों में सीलन बढ़ गई है और घरों के सदस्य दिन-रात इस आशंका में जी रहे हैं कि कहीं पानी से कोई बड़ा हादसा न हो जाए। स्थानीय लोग पंचायत प्रधान के साथ प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं कि जल्द इस समस्या का हल निकाला जाए। वे मांग कर रहे हैं कि खड्ड के पानी की दिशा बदली जाए या फिर पक्के सुरक्षा तट बनाए जाएं, ताकि गांव के घर और लोगों की जान-माल सुरक्षित रह सकें।

# रौणखर में गिरा मकान, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, जोल**

जोल उपतहसील के तहत सोमवार की रात्रि करीब 9 बजे ग्राम पंचायत खरयालता के वार्ड नंबर-5 के अशोक कुमार पुत्र ब्रह्मानंद का एक कमरा व एक रसोईघर वाला स्लेटनुमा रिहायशी मकान अचानक गिरकर जमींदोज हो गया, जब मकान गिरा तो परिवार के सदस्य घर के बाहर थे और जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।


ग्राम पंचायत खरयालता के वार्ड नंबर-5 के अशोक कुमार का गिरा मकान।

मकान के गिरने से घर के अंदर रखा सारा सामान क्षतिग्रस्त हो गया है। इसमें 4 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है और अब परिवार के पास रहने के लिए कोई घर नहीं है। ग्राम पंचायत खरयालता प्रधान अशोक कुमार मोनू ने बताया कि पंचायत ने भी मौके का दौरा किया। उन्होंने मकान गिरने की सूचना हल्का पटवारी तलमेहड़ा को दे दी है। स्थानीय पंचायत प्रधान ने इस पीड़ित परिवार को पड़ोसियों की गोशाला में रहने का प्रबंध कर दिया गया है। हल्का पटवारी तलमेहड़ा बिंदर कुमार ने बताया कि नुकसान की रिपोर्ट बनाई जा रही है। इसे जल्द उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। इस संदर्भ में उपतहसील जोल के नायब तहसीलदार अश्वनी कुमार का कहना है कि क्षेत्र के सभी पटवारियों को नुकसान की रिपोर्ट जल्द तैयार करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को सरकारी आदेश अनुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## रिहायशी मकान ध्वस्त, परिवार सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के बधमाणा पंचायत के वार्ड नंबर-1 में स्वरूप सिंह पुत्र प्रीतम चंद का मकान मूसलाधार बारिश के कारण ढह गया। गनीमत यह रही की इस दौरान किसी भी परिवार के सदस्य को कोई चोट नहीं आई। इस हादसे में पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस हादसे में 2 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। मूसलाधार बारिश के कारण पूरे क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने पीड़ित परिवार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है और नुकसान का आकलन करने के लिए पटवारी और कानूनगो मौके पर पहुंचे हैं। स्थानीय ग्रामवासी सुभाष सिंह ने भी मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार की मदद की। स्थानीय प्रशासन और अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# गगरेट में जलभराव की समस्या पर एसडीएम ने खुद संभाला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट पुल के नीचे गाद जमा होने से गगरेट-भरवाई मार्ग पर जल भराव होने की समस्या से एसडीएम कार्यालय सहित कई इलाकों के जलमग्न होने की समस्या पर बेशक राष्ट्रीय राजमार्ग विंग नहीं जागा, लेकिन एसडीएम सौमिल गौतम ने मानवता का परिचय देते हुए पुल के नीचे जमा गाद साफ करवाई, ताकि बरसात होने पर बारिश का पानी खड्ड में समा सके और लोगों को जल भराव की समस्या से दो-चार न होना पड़े।



जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत गगरेट के कनिष्ठ अभियंता भी अपनी टीम के साथ पहुंचे हुए थे। नगर पंचायत के कनिष्ठ अभियंता राजीव ने कहा कि गगरेट कस्बे के अधिकांश रास्ते नालों के बीच से होकर ही गुजरते हैं। मलकीयत जमीन में रास्ते बन नहीं सकते और नालों के बीच से रास्ते बनाने पर बरसात के दिनों में इन में पानी आना स्वाभाविक है। यहां तक गगरेट-भरवाई रोड का सवाल है, तो न तो सड़क का निर्माण नगर पंचायत ने करवाया है और न ही नालियों का। नगर पंचायत के पास तो इनकी साफ-सफाई का जिम्मा है और पुल के नीचे डि-सिल्टिंग की जिम्मेदारी बाढ़ संरक्षण मंडल की है।

राष्ट्रीय राजमार्ग विंग को पहले भी भरवाई रोड पर नाले को ठीक करने को लिखा है और अब फिर से लिखा जाएगा। उधर, एसडीएम सौमिल गौतम का कहना है कि थोड़ी सी बरसात होने पर भी बरसात का पानी एसडीएम कार्यालय के आगे जमा हो जाता है। यहां पूरे विधानसभा क्षेत्र के लोग अपने जरूरी कार्यों के लिए आते हैं। सारा पानी इसी रोड पर से निकलता है। इससे कई स्थानीय लोग भी परेशान हैं, ऐसे में बरसात का पानी कहीं ज्यादा देर खड़ा न हो, इसके लिए नालियों के आगे से डि-सिल्टिंग करवाई गई है।

# कुटलैहड़ में बरसात की तबाही : प्रभावित परिवारों को राहत देने में जुटी सरकार

## विवेक शर्मा बोले, मुख्यमंत्री का आश्वासन, कुटलैहड़ के पीड़ित परिवारों को जल्द मिलेगी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में इस बरसात ने जो तबाही मचाई, उसने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। घर, पशुशालाएं, खेत और सड़कें प्रभावित हुईं। वहीं, कई परिवार अब भी असुरक्षा और कठिनाइयों के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं।

इसी गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू से विस्तृत चर्चा की और क्षेत्र में हुए नुकसान की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि भारी बरसात से कुटलैहड़ के ग्रामीण इलाकों में अनेक मकान ढह गए हैं, कई घरों में बड़ी दरारें आ गई हैं तथा किसानों की भूमि और फसलें भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। विधायक विवेक शर्मा ने मांग की कि प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत दी जाए, ताकि वे पुनः अपने जीवन को सामान्य ढंग से आगे बढ़ा सकें। इस पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधायक विवेक शर्मा को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और किसी को भी संकट की घड़ी में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में आई इस प्राकृतिक आपदा को देखते हुए सरकार ने विशेष राहत पैकेज तैयार किया है। इसके अंतर्गत जिन परिवारों के मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं, उन्हें भूमि प्रदान करने के साथ-साथ मकान निर्माण के लिए सात लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।



इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्पष्ट किया कि राज्य में भूमि हीन परिवारों को भूमि और मकान के लिए सात लाख, जिन परिवारों के मकान 50 प्रतिशत तक क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें पांच लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। वहीं, जिन मकानों में दरारें आई हैं या आंशिक क्षति हुई है, ऐसे प्रभावितों को तीन लाख रुपए तक की आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी।

सुक्खू ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द राहत राशि उपलब्ध हो और वे सुरक्षित आवास में अपना जीवन दोबारा शुरू कर सकें। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन से कुटलैहड़ के लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द प्रभावित परिवारों को आर्थिक मदद मिलनी शुरू हो जाएगी। विधायक विवेक शर्मा ने यह भी दोहराया कि बरसात से प्रभावित किसी भी परिवार को निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि सरकार और प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रहा है।

### प्रभावित लोगों की बहाली को प्राथमिकता दी जाएगी

**कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र में कुछ बेहद जरूरतमंद परिवारों को विधायक विवेक शर्मा ने अपनी निजी आय से भी आर्थिक मदद प्रदान की है। उन्होंने स्वयं गांव-गांव जाकर प्रभावित परिवारों का हाल जाना है और उन्हें यथासंभव सहायता दी। इस कदम ने पीड़ित परिवारों को न केवल राहत की सांस दी, बल्कि यह संदेश भी दिया कि उनका जनप्रतिनिधि हर कठिन घड़ी में उनके साथ खड़ा है। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र की समस्याओं और नुकसान की जानकारी लगातार सरकार तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में पुनर्निर्माण कार्यों और प्रभावित लोगों की बहाली को प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक ने लोगों से अपील की कि वे धैर्य बनाए रखें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रशासन से संपर्क बनाए रखें। बरसात से हुई तबाही ने कुटलैहड़ को गहरी चोट पहुंचाई है, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू और विधायक विवेक शर्मा दोनों के आश्वासन से लोगों में यह विश्वास जगा है कि वे जल्द ही इस आपदा से उबरकर सामान्य जीवन की ओर लौट सकेंगे। सरकार और स्थानीय नेतृत्व के मिलकर किए जा रहे प्रयास निश्चित ही कुटलैहड़ के पुनर्निर्माण की दिशा में सकारात्मक परिणाम देंगे। कुटलैहड़ में बरसात से प्रभावित परिवारों के लिए राहत और पुनर्वास का नया रास्ता खुल गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू के राहत पैकेज और विधायक विवेक शर्मा की व्यक्तिगत पहल ने यहां के लोगों को कठिन समय में संबल प्रदान किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना कॉलेज में पीटीए की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की महत्वपूर्ण बैठक 28 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे बीसीए हॉल में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सत्र 2024-25 की वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। साथ ही आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिसमें छात्रों की बेहतरी, शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार तथा महाविद्यालय के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीटीए सचिव डॉ. शाम सिंह बैंस ने बताया कि यह बैठक कॉलेज के प्रशासन और अभिभावकों के बीच संवाद स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में भाग लेकर कॉलेज के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। अभिभावकों के सुझाव और सहभागिता से संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सकता है।

### स्लेट पोश मकान गिरा, दो लाख का नुकसान

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** जोल उपतहसील की ग्राम पंचायत सोहारी के गांव रामनगर में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से एक स्लेट पोश मकान गिर गया है। इसमें करीब 2 लाख रुपए का नुकसान आंका गया है। सोमवार को हो रही लगातार बारिश के चलते डॉक्टर सुरेश गर्ग पुत्र शालिग्राम का पुश्तैनी मकान अचानक ध्वस्त होकर गिर गया। इस मकान में उस समय कोई नहीं था। लिहाजा, हादसा होते-होते टल गया। घटना की सूचना मीडिया के माध्यम से राजस्व विभाग के अधिकारियों को मिलने के बाद हल्का पटवारी ने मौके पर जाकर नुकसान का आकलन व रिपोर्ट बनाकर नायब तहसीलदार जोल अश्वनी धीमान को सौंप दी है।

# पंचायत घर अंबेहड़ा की खस्ता हालत पर अधिकारियों की खिंचाई

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने मंगलबार को जोल सोहारी अंबेहड़ा कैंट सहित अन्य पंचायतों का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया।



उन्होंने बताया कि पीडब्लूडी सब डिविजन का अधिकांश हिसा पहाड़ी क्षेत्र में होने के चलते इस सब डिविजन में भारी बारिश से नुकसान ज्यादा हुआ है। इसको लेकर आज निरीक्षण कर आला अधिकारियों को पूरी रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान जब पंचायत घर अंबेहड़ा पहुंचे तो पंचायत घर की दयनीय स्थिति देखकर संबंधित अधिकारों को खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि जब पंचायत घर का अनसेफ का प्रस्ताब प्रधान द्वारा डाला गया। बाबजूद उसके अभी तक भवन को डिस्मेंटल क्यों नहीं किया या फिर विकास खंड अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने पंचायतीराज के अधिकारियों को तुरंत निर्देश देते हुए कहा कि भवन को खाली करवाकर, जहां कहीं भी ओर कोई सामुदायिक भवन है, उसमें शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ सहायक अभियंता जोल भानु ओहरी, नायब तहसीलदार जोल अश्वनी धीमान, सुरेश कुमार प्रधान अंबेहड़ा अंजू बाला, उपप्रधान अंबेहड़ा सतीश कुमार, उपप्रधान चौकी जीवन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंब में बारिश से 12.30 लाख रुपए का हुआ नुकसान

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** 26 अगस्त बीते दिन हुई भारी बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। बारिश के कारण कई घरों को नुकसान पहुंचा है और सड़क मार्ग भी बाधित हो गए हैं। प्रशासन ने अब तक करीब 12 लाख 30 हजार का नुकसान आंका है। एसडीएम अंब सचिन शर्मा के निर्देश पर तहसीलदार नरेश कुमार, नायब तहसीलदार संजीव कुमार व विकास खंड अधिकारी ओम पल डोगरा मौके पर पहुंचकर पूरे प्रभावित क्षेत्र का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने नुकसान का आकलन कर राहत एवं पुनर्वास के लिए रिपोर्ट तैयार करनी शुरू कर दी है। प्रशाशन द्वारा जो घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और जिनमें रहना सुरक्षित नहीं है। उनमें से लोगों को अन्य सुरक्षित घरों में स्थानांतरित किया गया है व कई लोगों को तिरपाल भी वितरित किए गए हैं। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में एक पत्तेहड़-सपोरी मार्ग अभी तक पूरी तरह बंद है। भारी मलबा और पेड़ गिरने के कारण यह रास्ता बाधित है, जब प्रशाशन द्वारा सड़क खोलने का प्रयास किया गया, तो ऊपर से पत्थर गिरने लगे। जिससे फिलहाल रास्ता खोलने का कार्य रोक दिया गया है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि मार्ग को पूरी तरह से खोलने में 2 से 3 दिन का समय लग सकता है। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया है कि वे बारिश के मौसम में अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे दिशा-निर्देशों का पालन करें। साथ ही, जिन लोगों को तत्काल सहायता की आवश्यकता है, वे संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें।

# पूर्व विधायक राजेश ने धूमल से मुलाकात कर की संगठन की गतिविधियों पर मंत्रणा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी में प्रमोशन के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष बने गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने मंगलवार को समीरपुर पहुंच कर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के साथ मुलाकात की और संगठन की गतिविधियों को लेकर उनसे गहन मंत्रणा की।

राजेश ठाकुर ने उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर प्रेम कुमार धूमल से आर्शीवाद लिया और उन्हें आश्वस्त किया कि संगठन की गतिविधियों को धरातल स्तर पर पहुंचा कर प्रदेश में कमल खिलाकर ही दम लेंगे। पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर भाजपा संगठन से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। वह पार्टी में रहते हुए विभिन्न मोर्चों व प्रकोष्ठों में भी काम कर चुके हैं। उनकी पार्टी के प्रति निष्ठाओं को देखते हुए पार्टी उन्हें संगठन के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण काम सौंप चुकी है। उन्हें जो भी जिम्मेवारी सौंपी गई, उस पर वह सदैव ही खरा उतरे हैं। यही वजह है कि उन्हें पहले संगठन में प्रांतीय सचिव का पद सौंपा गया और उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर तरफ सराहना भी हुई। उसी का परिणाम है कि अब उनकी संगठन में प्रमोशन करते हुए उन्हें प्रांतीय उपाध्यक्ष का पद सौंपा गया है। लंबे समय से भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता इसे पार्टी की ओर से गगरेट को दिए गए सम्मान के रूप में देख रहे हैं। सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र को आगे लेकर बढ़ते हुए ही राजेश ठाकुर अब पार्टी के उन स्तंभों से मुलाकात कर रहे हैं, जिनका योगदान पार्टी को प्रदेश में बढ़ाने में रहा है।

**परेशानी** लिदकोट-ओलिंडा सड़क की बदहाली ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें, जगह-जगह से हुई जमींदोज

# 12 करोड़ से बनी सड़क ध्वस्त, ग्रामीण आज भी बस सुविधा से वंचित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

रामगढ़ धार की लिदकोट से ओलिंडा सड़क जो करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से आठ किलोमीटर लंबाई में निर्मित हुई थी, आज अपनी जर्जर हालत के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है।

इस सड़क से जुड़ने वाले लिदकोट, चौगाठ, चुरडी और बोहरु सहित एक हजार से अधिक परिवार आज भी बस सुविधा से वंचित हैं। सड़क का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया था कि लोगों को सीधे पंजाब के नंगल शहर के लिए यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके, लेकिन उक्त सड़क निर्माण के कुछ समय बाद ही यह सड़क जगह-जगह से धंसने लगी। बीते दिनों से हो रही भारी बारिश ने इस सड़क की हालत को और भी दयनीय बना दिया है। सड़क पर जगह-जगह बने डंगे धंस चुके हैं। इससे सड़क के कई हिस्से पूरी तरह से बैठ गए हैं, जिन लोगों को इस सड़क से सीधी बस सुविधा का लाभ मिलना था, वे आज भी चार किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य मार्ग तक पहुंचते हैं और फिर वहां से बस पकड़ते हैं। लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी यदि उन्हें मूलभूत सुविधा न मिले तो यह जनता के साथ अन्याय है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि अब तो छोटी गाड़ियों का गुजरना भी मुश्किल हो गया है। चालक डर के साए में इस मार्ग पर गाड़ियां नहीं चला रहे।


रामगढ़ धार की लिदकोट से ओलिंडा सड़क।

### सड़क निर्माण पर उठाए सवाल

**विशेषज्ञों** का मानना है कि इस तरह की परियोजनाओं में तकनीकी जांच और गुणवत्ता की सख्त निगरानी जरूरी होती है, अगर समय रहते इसकी देखरेख की जाती, तो इतनी जल्दी सड़क ध्वस्त नहीं होती। साथ ही, डंगों को वैज्ञानिक तरीके से मजबूती प्रदान करना आवश्यक था। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि सरकार और विभाग को अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने मांग की है कि सड़क को पक्का और सुरक्षित बनाया जाए, बस सेवाएं जल्द शुरू की जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### आजादी के 78 साल बाद भी सड़क सुविधा का सपना अधूरा

**भारत** देश की आजादी को 78 साल हो चुके हैं, लेकिन इन गांवों के लोग आज भी पक्की यातायात सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह सड़क इन गांवों के लिए उम्मीद की किरण थी क्योंकि इसके माध्यम से नंगल शहर तक सीधी बस सेवाएं चलने की संभावना जताई गई थी, लेकिन लोक निर्माण विभाग मंडल बंगाणा द्वारा आज तक इस सड़क पर किसी भी सरकारी या निजी बस को चलाने की अनुमति (एनओसी) जारी नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब सड़क बनी थी, तभी बस सेवा शुरू कर दी जाती, तो स्थिति बेहतर होती, अब जबकि सड़क की हालत खराब हो चुकी है, तो बस चलाना नामुमकिन हो गया है। ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं कि आखिर 12 करोड़ रुपए खर्च करके भी जनता को इसका लाभ क्यों नहीं मिला। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता के अनुसार किया जाता, तो सड़क इतनी जल्दी खराब न होती। साथ ही, डंगों का मजबूत निर्माण किया जाता, तो भारी बरसात में सड़क धंसती नहीं।

### विभाग ने दिया आश्वासन, जल्द होगी सड़क की मरम्मत

**इस** पूरे मामले पर लोक निर्माण विभाग मंडल बंगाणा के अधिशाषी अभियंता अरविंद लखनपाल ने कहा कि बारिश का दौर खत्म होते ही सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि आवश्यक कार्रवाई करके सड़क को यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा। लिदकोट के एक बुजुर्ग निवासी ने बताया कि हमने सोचा था कि सड़क बनने के बाद बसें चलेंगी और हमें सीधे नंगल तक की सुविधा मिलेगी, लेकिन अब तो हालात इतने खराब हो गए हैं कि पैदल चलकर ही मुख्य मार्ग तक जाना पड़ता है। यह हमारे लिए बड़ी पीड़ा का विषय है।

# बैंकों ने जून तिमाही में बांटे 1041 .57 करोड़ के ऋण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान की अध्यक्षता में बचत भवन ऊना में जिला स्तरीय बैंक सलाहकार व समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



एसडीएम ऊना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंक सलाहकार व समीक्षा बैठक आयोजित।

इस दौरान एसडीएम ने बैंकों को वार्षिक ऋण योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों की आर्थिक जरूरतों को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर शिक्षा ऋण प्रदान करने और सरकारी योजनाओं के तहत ऋण आवेदनों को मंजूरी प्रदान करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही किसानों को लाभान्वित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को कृषि कार्ड वितरित, कृषि औजारों के लिए ऋण प्रदान करने तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहित करने को भी कहा। विश्व मोहन देव चौहान ने बैंकों की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत की गई उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरण की कम उपलब्धि पर चिंता जताई। उन्होंने सभी बैंकों को जमा-ऋण अनुपात बढ़ाने और प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरण में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों और नीतियों का पालन करते हुए बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक लोगों को ऋण योजनाओं का लाभ मिले, जिससे आमजन और उद्यमियों को लाभ पहुंच सके। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि सरकार प्रायोजित योजनाओं के तहत ऋण आवेदनों को समय पर मंजूरी दें।

इसके अलावा बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों के साथ आए दिन हो रही धोखाधड़ी के लिए उचित कदम उठाने तथा अधिक से अधिक ग्राहकों को जागरूक करने एव सतर्कता बरतने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी जोर दिया। एसडीएम ने पहली तिमाही में बैंकों द्वारा लक्ष्यों के बदले उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के बैंकों ने मार्च 2026 तक 3167.11 करोड़ के ऋणों के वार्षिक लक्ष्य के बदले में जून तिमाही तक 1041.57 करोड़ के ऋण वितरित किए।

बैंकों की जमा राशि 15465.61 करोड़ हो गई है। इसमें 7.88 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्धि हुई है, जबकि ऋण 10.57 प्रतिशत की दर से बढ़ कर 4764.15 करोड़ हो गया है। जिला का ऋण जमा अनुपात वर्ष में 30.80 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने बैंकों का ऋण जमा अनुपात सुधारने के लिए बैंकों और सरकारी विभागों को भरसक प्रयत्न करने के निर्देश दिए।

# मनाली में तबाही बनकर बरसी बारिश, भारी नुकसान

## कुल्लू-मनाली एनएच पर सड़क धंसने के कारण एक ट्रक और एक जीप ब्यास में समाए

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के कारण मनाली में नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे वोल्वो बस स्टैंड के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और यही हाल मनाली के वशिष्ठ चौक के नजदीक मनाली-लेह मार्ग का भी है। यहां पर करीबन सौ मीटर सड़क ब्यास नदी में समा गई है। यहां गाड़ियां तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बिंदु ढांग के पास भी सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। इससे कुल्लू-मनाली का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे बिंदु ढाक के समीप सड़क बहने के कारण ठप हो गया। सड़क धंसने के कारण एक ट्रक और एक जीप भी ब्यास में बह गई। वाहनों को वामतट मार्ग से भेजा जा रहा है। मनाली से भी यातायात वाया लैफ्ट बैंक डायवर्ट किया गया है। ब्यास नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है, ग्रीन टैक्स बैरियर आलू ग्राउंड के पास पानी सड़क पर बह रहा है।

### बाहंग में रेस्टोरेंट व दो मकान बहे

**मनाली** में सबसे ज्यादा नुकसान बाहंग में हुआ है। इसमें शेरे पंजाब रेस्टोरेंट के साथ लगभग पांच दुकानें व दो रिहायशी मकान ब्यास में समा गए हैं। शेरे पंजाब रेस्टोरेंट का मात्र आगे का ही हिस्सा ही शेष बचा है। पर्यटन नगरी मनाली का संपर्क चारों तरफ से कट गया है। क्लॉथ और आलू ग्राउंड क्षेत्र में सड़क मार्ग को ब्यास नदी की बाढ़ से भारी क्षति पहुंची है।



मनाली में बारिश के कारण जगह-जगह हुआ नुकसान।

### ओल्ड मनाली को जोड़ने वाला पुल भी बहा

**मनालसु** नाले में ओल्ड मनाली को जोड़ने वाला पुल भी बाढ की भेंट चढ़ चुका है। इस कारण ओल्ड मनाली शनाग बुरुआ का मनाली से संपर्क टूट चुका है। मनाली प्रशासन से सुरक्षा की दृष्टि से यह मार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया है। वाहनों को सिविल अस्पताल होते हुए पुराने हाइवे से भेजा जा रहा है। उधर, मनालसु नाला भी उफान पर है। इससे क्लब हाउस के पास भी जलभराव से यातायात बाधित हुआ है।

### पेयजल आपूर्ति बाधित सड़कें बनीं तालाब

**मनालसु** नाले के साथ अलेऊ नाले में भी जलस्तर बढ़ने व मटमैला पानी आने से मनाली समेत आसपास की कई पंचायतों में पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। मनाली और अलेऊ में निकासी नालियां ब्लॉक होने से बारिश का पानी सड़कों पर बहने लगा है। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी बारिश के बीच ब्लॉक हुई निकास नालियों को खोलने का कार्य करते रहे। बारिश का पानी सड़क पर आने से लोगों को पैदल चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### गोविंद ठाकुर ने लिया हालातों का जायजा

**पूर्व** मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर भी मंगलवार सुबह से ही नुकसान का जायजा लेने जगह-जगह पहुंचे और लोगों से बातचीत कर हालत का जायजा लेते रहे। उन्होंने बताया कि ब्यास नदी में जलस्तर बढ़ने से बहुत नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग को बहुत नुकसान हुआ है। इससे पर्यटन के साथ-साथ किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने लोगों से घरों में ही सुरक्षित रहने की अपील की है।

### अनावश्यक यात्रा न करें, घरों में सुरक्षित रहें

**एसडीएम** मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण कई नदी-नालों का जल स्तर बढ़ गया है। ऐसे में सुरक्षा को देखते हुए भूतनाथ मंडी से वोल्वो बस स्टैंड तक यातायात बंद किया गया है। उन्होंने अपील की है कि बेवजह यात्रा न करें और घरों में सुरक्षित रहें। उन्होंने नदी-नालों के आसपास बसें लोगों से भी अलर्ट रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अधिक खतरे वाली जगह खाली कर लें।

# कुल्लू में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित उपायुक्त ने लिया बहाली कार्यों का जायजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू




डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश संबंधित विभागों के प्रमुखों के साथ चर्चा करती हुईं।

जिला कुल्लू में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों, बिजली, पानी की योजनाओं तथा अन्य आवश्यक सेवाओं को हुए नुकसान की समीक्षा के लिए डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने संबंधित विभागों के प्रमुखों, सभी उपमंडल अधिकारियों तथा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक में डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों से उनके विभागों को हुए नुकसान और बहाली कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को मानसून की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पूर्ण रूप से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना या घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि छोटी से छोटी जानकारी भी जिला प्रशासन के साथ तुरंत साझा की जाए। डीसी ने सभी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि उनके सभी सैटेलाइट फोन कार्यशील स्थिति में हों और किसी भी घटना की तुरंत सूचना जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को दी जाए। साथ ही उन्होंने बांध प्रबंधन अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि बांधों से पानी छोड़ते समय सभी प्रोटोकॉल और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए और इसकी पूर्व सूचना स्थानीय प्रशासन व जनता को समय रहती दी जाए।

बैठक में जिले के दूरदराज क्षेत्रों में खाद्य आपूर्ति की स्थिति पर भी विशेष चर्चा हुई। खाद्य व आपूर्ति विभाग को सभी डिपो में अग्रिम रूप से पर्याप्त राशन भंडारण करने और जमाखोरी न होने देने की सख्त निगरानी करने के आदेश दिए गए। डीसी ने आम जनता से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और अपने घरों में सुरक्षित रहें। किसी भी आपातकालीन स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के टोल-फ्री नंबर 1077/01902-225630/31/32 पर तुरंत सूचित करें, ताकि जल्द राहत व सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने लोगों से अपील कि नदियों, नालों का जलस्तर बहुत बढ़ा हुआ है इसलिए ऐसे स्थानों से दूर रहे। उन्होंने दुर्घटना संबंधित क्षेत्रों में पुलिस कर्मी भी तैनात करने के आदेश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकियन गोकुलचंद्रन, एडीसी अश्वनी कुमार, सीएमओ डॉ. नागराज पवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### भूस्खलन से देवता भूतनाथ का देव स्थल खतरे में

**अनंत ज्ञान, तीर्थन।** तीर्थन घाटी के कई गांवों में बारिश से नुकसान हो रहा है। बिजली और नेटवर्क ठप होने से दूर-दराज के क्षेत्रों से संपर्क टूट गया है। ग्राम पंचायत पेखड़ी के धारा नाहीं गांव से देवता भूतनाथ के कारदार युवराज राजू ने बताया कि भारी बारिश से यहां भूस्खलन हुआ है। इस भूस्खलन में देवता भूतनाथ देव स्थल के मैदान की दीवार ढह गई है, जबकि एक मकान को नुकसान पहुंचा है और एक शौचालय पूरी तरह टूट गया है। भूस्खलन के कारण देवता भूतनाथ का मंदिर, आसपास के वृक्ष और कुछ मकान खतरे की जद में आ गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत मौके पर आकर जरूरी सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

**प्रशासन से की जल्द सुरक्षा उपाय करने की मांग**

# तीर्थन घाटी में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से लोगों में दहशत

## कई सड़कें टूटी, बिजली आपूर्ति ठप, यातायात अवरुद्ध, नदी किनारे बनी कुछ पर्यटन इकाइयों को भी खतरे का अंदेशा

अनंत ज्ञान, तीर्थन

हिमाचल प्रदेश में बरसात ने इस बार भी कई स्थानों पर अपना कहर बरपाया है।

जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यहां के सभी सड़क मार्गों में भारी बारिश और भूस्खलन से कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। इससे जमीन के धंसने का खतरा बना हुआ है। इस समय घाटी में बिजली आपूर्ति बाधित है और सभी सडक मार्ग यातायात के लिए अवरुद्ध हो गए हैं। लोग डर और भय के माहौल में रहने को मजबूर हैं। तीर्थन घाटी समेत बंजार क्षेत्र में बीते तीन दिनों से दिन-रात भारी बारिश का दौर लगातार जारी है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को प्रातः ही तीर्थन नदी ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया। नदी में आई इस बाढ़ ने वर्ष 2023 की आपदा के जख्म ताजा कर दिए। अभी हाल में 13 अगस्त को फ्लाचन नदी में बाढ़ आई थी, जिसमें कई पुल और पुलिया बह गए थे। इससे कई ग्रामीणों का संपर्क टूट गया।



लगातार हो रही भारी बारिश के कारण तीर्थन घाटी में नदी का विकराल रूप।

स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग और श्रमदान से आवगामान के लिए अस्थायी पुलियों का निर्माण किया था, लेकिन दुर्भाग्य से आज लोगों द्वारा बनाई गई तीन अस्थायी पुलिआ फिर से बाढ़ की भेंट चढ़ गई हैं। बाढ़ और भूसखलन के कारण कई लोगों की कृषि योग्य भूमि भी बह गई और कई मकान पूरी तरह से ढह गए हैं, जबकि कुछ को आंशिक नुकसान पहुंचा है। 13 अगस्त को आई बाढ़ से ग्राम पंचायत कंडीधार में बाडीरोपा पुल के पास बनाई गई अस्थायी पुलिया भी बह गई थी। यह पैदल पुल वर्ष 2023 की आपदा में क्षतिग्रस्त हो गया था, यहां पर ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले ही फिर से एक अस्थायी पुलिया लगाई थी, जो आज एक बार फिर से नदी में आई बाढ़ की भेंट चढ़ गई है और लोगों का आवागमन बंद हो गया है, लेकिन किसी जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

इसी स्थान पर कुछ पर्यटन कारोबारिओं के कॉटज, कैफ होमस्टे और होटल बने है, जिनको नदी की बाढ़ से भारी नुकसान का अंदेशा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मछली फार्म वालों ने इस नदी के साथ भारी छेड़छाड़ की है। नदी में कंकरीट का अबरोधक बनाकर इसके जल स्तर को करीब 20 फुट ऊपर उठाया है। इससे नदी ने अपना रुख बदल लिया और यह दो तरफ को बहने लगी है। नदी के दो भागों में बंटने से लोगों की संपत्तियों और कृषि योग्य भूमि को भारी नुकसान पहुंचा है। लोगों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही इस स्थान का मौका किया जाए और यहां पर पुल के निर्माण और लोगों के लिए जरुरी सुरक्षा उपाय किए जाएं। वहीं, ग्राम पंचायत मशयार की प्रधान शांता देवी ने बताया कि अभी हाल ही में लोगों ने फलाचन नदी पर तीन अस्थायी पुलियों का निर्माण किया था और लोगों को इसकी सुविधा भी मिल रही थी, लेकिन आज तीन में से दो पुलिया फिर से नदी में बह गई हं, अब ग्रामीणों का संपर्क फिर से कट गया है। इस समय लोग भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, सड़कें बंद हैं और सेब की फसल तुड़ान के लिए तैयार है। सड़कें और मौसम खुलते ही फिर से लोगों की आवाजाही को सुचारु किया जाएगा।

### बंजार, कुल्लू व मनाली के शैक्षणिक संस्थानों में आज अवकाश घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एसडीएम बंजार, कुल्लू और मनाली से प्राप्त रिपोर्टों व सिफारिशों के अनुसार, लगातार हो रही बारिश के कारण मौसम अत्यंत खराब होने के परिणामस्वरूप भूस्खलन, नदियों व नालों का जलस्तर बढ़ गया है तथा कई सड़कें बाधित हो गई हैं। लगातार वर्षा, भूस्खलन, नालों व नदियों में जलस्तर बढ़ने तथा सड़कों के अवरुद्ध होने की स्थिति को देखते हुए छात्रों की सुरक्षा के दृष्टिगत उपायुक्त-एवं-अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू, तोरुल एस रवीश ने आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार, कुल्लू तथा मनाली में सभी शैक्षणिक संस्थान (सरकारी एवं निजी) विद्यालय, डीआईईटी, आंगनबाड़ी केंद्र, महाविद्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी कॉलेज बुधवार को बंद रहेंगे।

# नदी-नालों के किनारे की बस्तियों को खतरा



भारी बारिश के चलते कुल्लू के हनुमानी बाग में ब्यास नदी के किनारे सटे घर, जिन्हें अब खतरा पैदा हो गया है।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

भारी बारिश के चलते कुल्लू जिले के नदी-नाले पूरी तरह से उफान पर हैं। ब्यास नदी ने भी रौद्र रूप धारण कर लिया है। इससे नदी-नालों के किनारे की बस्तियों को खतरा पैदा हो गया है। प्रशासन ने नदी किनारे की बस्तियों को खाली करवा दिया है। जिला मुख्यालय कुल्लू में भी हनुमानी बाग, लंकाबेकर की बस्तियों में पानी घुस गया है। जिला मुख्यालय में ब्यास नदी के साथ लगघाटी से आती सरवरी खड्ड का जलस्तर भी बढ़ा हुआ है। उधर, मणिकर्ण घाटी की पार्वती नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ा हुआ है।

### कुल्लू-मनाली हाईवे पर रिजॉर्ट को खतरा

**कुल्लू**-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग में शिरढ़ रिजॉर्ट के पास ब्यास नदी ने काफी तबाही मचाई है। यहां सड़क पूरी तरह से नदी में समा गई है। इसके साथ ही सड़क के किनारे बना रिजॉर्ट भी खतरे में पड़ गया है। वर्ष 2023 में यहां रिजॉर्ट को सुरक्षित करने के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार भी ब्यास नदी में बह गई है। ऐसे में अब रिजॉर्ट पूरी तरह से खतरे में आ गया है।

# नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

डीसी व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने कहा कि मौसम के मद्देनजर सभी जिलावासी एहतियात बरतें।

उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के नवीनतम पूर्वानुमान के आधार पर जिलावासियों, पर्यटकों और यात्रियों के लिए सलाह दी है कि मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भारी बारिश, हिमपात और संभावित भूस्खलन की चेतावनी दी है, जिस कारण जिले के सड़क मार्गों और पहाड़ी रास्तों पर आवागमन अत्यंत जोखिमपूर्ण हो सकता है। प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के चलते सड़कों पर फिसलन, यातायात अवरोध और दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ गया है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, ऊंचाई वाले मार्गों और घाटियों में सड़कों की स्थिति और अधिक नाजुक हो सकती है। इस स्थिति को देखते हुए, जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्राओं से पूरी तरह बचें, खासकर रात के समय और खराब मौसम में। नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे अपने घरों में सुरक्षित रहें और केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही बाहर निकलें। यात्रा के दौरान उचित सुरक्षा उपाय, जैसे वाहनों की तकनीकी जांच, मौसम की नवीनतम जानकारी और सड़क सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य है। आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने 24×7 हेल्पलाइन सेवाएं सक्रिय की हैं। नागरिक किसी भी आपात स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यटकों और ट्रैकर्स को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा योजनाओं को मौसम की स्थिति के अनुसार समायोजित करें और स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी अलर्ट का कड़ाई से पालन करें।

# खतरे वाले स्थानों को खाली करने के निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

डीसी तोरूल एस रवीश ने भारी वर्षा के चलते वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

उन्होंने वैली ब्रिज अखाड़ा, अखाड़ा बाजार, लेफ्ट बैंक के छरुड़ू, रामशिला तथा गेमन पुल के साथ लगते क्षेत्रों का जायजा लिया तथा खतरे वाले स्थानों को जल्द खाली करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सभी लोगों से अपील की है कि वे भारी बारिश के मद्देनजर आवाजाही में एहतियात बरतें तथा बेवजह आवाजाही से परहेज करें। नदी-नालों के आसपास ना जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस आपदा में राहत एवं बचाव कार्यों में मुस्तैदी से काम कर रहा है। हर जगह पर प्रशासन के फील्ड स्तर के अधिकारी लोगों की हर संभव मदद करने के लिए तैनात हैं। उन्होंने कहा यदि किसी को किसी भी प्रकार की आपात सहायता अथवा राहत संबंधी आवश्यकता है तो वह फील्ड स्तर अधिकारियों से संपर्क करें। उन्होंने जानकारी दी कि भारी वर्षा के कारण कुल्लू-मनाली के बीच में कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है तथा कई स्थानों को एहतियात के तौर पर खाली किया गया है। इनमें की मनाली के बहांग को पहले ही खाली कर दिया गया था तथा आज बाजार के कुछ क्षेत्रों तथा दुकानों को भी खाली कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है तथा नदी में मिलने वाले सभी नालों का भी जलस्तर बढ़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पतलीकूहल में नदी का पानी बेली ब्रिज के ऊपर से बह रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि मनाली में ओल्ड मनाली का पुल तथा कुछ अन्य स्थानों में फुटब्रिज भी बाढ़ में बह गए हैं। कुल्लू- मनाली सड़क बिंदु ढांक तथा शिरड रिजॉर्ट के पास आवाजाही के लिए बंद हुई है, लेकिन आवाजाही के लिए कुल्लू-मनाली मार्ग को को वाया लेफ्ट बैंक रायसन से सुचारू रूप से बहाल किया गया है।



डीसी कुल्लू तोरुल रवीश अखाड़ा बाजार में हालातों का जायजा लेती हुईं।

**सतर्कता** वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का विधायक ने किया निरीक्षण, कहा- सरकार, प्रशासन मुस्तैद

# डरें नहीं, सचेत रहें लोग: सुंदर ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा से पुलों, सड़कों व आवश्यक सेवाओं पर पड़े असर से उत्पन्न हालात का जायजा विधायक, सुंदर सिंह ठाकुर ने विभिन्न स्थानों का दौरा कर लिया।

विधायक ने अखाड़ा बाजार वैली ब्रिज, गेमन पुल, भूतनाथ पुल, भुंतर पुल और पुराने भुंतर फुट ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हैं। उन्होंने कहा कि ब्यास और पार्वती नदियों में जलस्तर बढ़ा हुआ है। लोगों को डरने की नहीं, सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन लोगों की सहायता के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। उन्होंने नदी तट पर रहने वाले लोगों को सतर्क और सुरक्षित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन व सरकार की सक्रियता से ब्यास नदी पर सुरक्षा तटबंदी कार्यों के चलते अखाड़ा बाज़ार, सरवरी, भुंतर और लंका बेकर क्षेत्र में पानी से बचाव हुआ है। भविष्य में ब्यास नदी से नुकसान को कम करने के लिए नदी के बीच में जमा मलबे को हटाने के लिए योजना बनाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने ब्यास नदी में जमा मलबा हटाने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया है। विधायक ने हाथीथान, सरसाड़ी, छन्नीखोड और सारनी मोड़ क्षेत्रों की सड़क का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि वर्षा के कारण सड़कों, पेयजल योजनाओं और बिजली आपूर्ति को बहाल करने के कार्य प्रभावित हो रहा है, लेकिन अधिकारी, कर्मचारी इन्हें बहाल करने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग की मशीनरी और कर्मचारी फील्ड में कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लग वैली की संपर्क सड़कों को दो दिनों के भीतर तथा मणिकर्ण सड़क को एक दिन में बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और नदी नालों से दूर सुरक्षित रहें।



कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए व स्थानीय लोगों से मुलाकात करते हुए।

# 2023 के बाद ब्यास ने फिर दोहराई आपदा की कहानी

## कुल्लू व मनाली में एक बार फिर दिखा 2023 जैसा मंजर, जानी नुकसान नहीं

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली में 2023 की आपदा के जख्म अभी तक भरे नहीं थे कि एक बार फिर बारिश ने तबाही मचाकर फिर से भारी नुकसान किया है। एक बार फिर मनाली में हालात 2023 में आई आपदा की तरह ही बन गए हैं।

मंगलवार को कुल्लू सहित लाहौल-स्पीति जिले में बारिश से नुकसान हुआ है, लेकिन पर्यटन नगरी मनाली में बारिश के कारण सबसे अधिक नुकसान हुआ है। मौसम विभाग की तरफ से येलो अलर्ट के बाद मनाली में बीती रात को भारी बारिश हुई, जो मंगलवार को भी लगातार जारी रही। ऐसे में ब्यास नदी कई जगह चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे पर बह रही है। बीती रात को लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण ब्यास नदी का पानी आलू ग्राउंड तक सड़क पर आ गया और आलू ग्राउंड, वॉल्वो बस स्टैंड, ग्रीन टैक्स बैरियर डूब गए। गौरतलब है कि 2023 में भी मनाली में भंयकर बारिश हुई थी और इससे ब्यास नदी हाईवे पर आ गई थी। इस दौरान कुल्लू से मनाली तक ब्यास ने हाईवे को क्षति पहुंचाई थी। दो साल बाद फिर ब्यास ने आपदा की कहानी दोहराई है। मनाली से लेकर बाहंग तक ब्यास ने तांडव मचाया है।

इस बार पर्यटन नगरी मनाली के बाहंग को पूरी तरह से खाली कर दिया गया है और यहां पर भी चार के करीब मकान, दो रेस्टोरेंट व करीब चार दुकानें ब्यास नदी की बाढ़ में बह गई हैं। इसके अलावा भी मनाली में काफी जगह नुकसान हुआ है। वहीं, रात को आलू ग्राउंड में सब्जी मंडी किसान भवन (एपीएमसी बिल्डिंग) में एपीएमसी का एक कर्मचारी दीप चंद (36, निवासी कटराईं, कुल्लू भवन में फंस गया था। ब्यास नदी का पानी भवन के दोनों ओर भर गया, जिससे वह बाहर नहीं निकल पाया और बाद में पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फिर हाइड्रा क्रेन और स्थानीय कर्मचारियों की मदद से दीप चंद को सुरक्षित बाहर निकाला गया। लिहाजा, मंगलवार को कुल्लू और मनाली में 2023 में आई आपदा जैसी तबाही हुई है और चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे सहित लोगों को खासा नुकसान हुआ है।



उधर, जिला कुल्लू में एक बार फिर भारी बारिश ने खूब कहर बरपाया है। जिला कुल्लू में हो रही भारी बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। ऐसे में नदी-नालों में आई बाढ़ के कारण पुल, दुकानें, घर, रेस्तरां बह गए। वहीं, कुल्लू में ब्यास नदी किनारे रामशिला में घरों को खाली करवा दिया है।

वहीं, मौहल में भी ब्यास नदी का पानी एक रिसॉर्ट के भीतर घुस गया है। उधर, लाहौल-स्पीति में भी बारिश के कारण भारी नुकसान हो रहा है। सड़कें बाधित होने से जगह-जगह वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। मनाली-लेह सड़क मार्ग जगह-जगह बाधित हुआ है। दोनों जिले में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। हालांकि, दोनों जिला प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है, लेकिन फिर भी लोगों व पर्यटकों से एहतियात बरतने की अपील की गई है। साथ ही अनावश्यक यात्रा न करने व नदी-नालों से दूर रहने की भी हिदायत कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन ने लोगों को दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जगन्नाथ मंदिर में मारपीट, क्रॉस एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला मुख्यालय नाहन के जगन्नाथ मंदिर परिसर में दो गुटों के बीच हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। मामला इतना बढ़ा कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई। इस पूरे मामले की जांच कच्चा टैंक पुलिस चौकी कर रही है। मंदिर के पुजारी राहुल शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि शुभम शर्मा और उसके साथियों ने मंदिर में आकर उनके साथ मारपीट की। वहीं, दूसरे पक्ष से शुभम शर्मा ने भी राहुल शर्मा और उनके साथियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक विवाद की जड़ सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी रही। इस मामले में एनएसयूआई कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे और पुजारी राहुल शर्मा के समर्थन में कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। सिरमौर के एसपी एनएस नेगी ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 39 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू दो सितंबर को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज एक्वा विटो लैवोरेटरीज बद्दी में हेल्पर व कैमिस्ट के 14 पद, मैसर्ज बीटा ड्रग्स लिमिटेड बद्दी में कनिष्ठ अधिकारी, एग्जीक्यूटिव तथा सहायक प्रबंधक के 5 पद तथा मैसर्ज इनोवा कैपटैब लिमिटेड बद्दी में अधिकारी व हेल्पर के 20 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश ने कहा कि उक्त 39 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 2 सितंबर को मॉडल कैरियर सेंटर, उपरोजगार कार्यालय बद्दी समीप गुरूद्वारा संडोली, जिला सोलन में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किए जाएंगे। उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, आईटीआई, बीफार्मा, एमफार्मा, बीएससी कंप्यूटर साईंस, एमएससी कंप्यूटर साईंस व आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य व इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रेजिस्ट्रेशन प्रोफाईल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जगदीश ने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्रों व दस्तावेजों सहित मॉडल कैरियर सेंटर, उप रोजगार कार्यालय बद्दी समीप गुरूद्वारा संडोली, जिला सोलन में 2 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए साक्षात्कार का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, सराहां।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, पच्छाद के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मलाणा में कार्यकर्ता के पद व आंगनबाड़ी केंद्र शेखरा बघार, सनाउन ,दीधलूत, पांड आजी, मल्हौटी(2) में सहायिका के पदों को भरने के लिए हुए साक्षात्कार का परिणाम घोषित कर दिया गया है। दीपक चौहान, बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद ने बताया कि साक्षात्कार उपरांत आंगनबाड़ी केंद्र राज्यों मलाणा में कार्यकर्ता के पद पर ज्योति पत्नी सुनील कुमार तथा आंगनबाड़ी शेखरा बघार में स्नेहा कुमारी पुत्री सिरमौर सिंह, सनओन में पूजा ठाकुर पुत्री टेक सिंह, दीदघलूत में प्रियंका शर्मा पत्नी अमित कुमार, पांड आजी में कोमल पुत्री रूप राम, मल्हौटी(2) में अलका देवी पत्नी विक्रम सिंह को सहायिका के पद पर चयनित किया गया है। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र कुईना काटली में सहायिका के पद, जो कि 2 बार विज्ञापित करने के उपरांत भी पर्याप्त प्रार्थना पत्र नहीं प्राप्त हुए उक्त पद को भरने के लिए पुनः विज्ञापित कर 15/09/2025 तक संबंधित पंचायत के इच्छुक प्रार्थियों से जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 हो तथा परिवार की वार्षिक आय 50,000 से अधिक न हो प्रार्थना पत्र आमंत्रित किए हैं। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों दांवर, काटल एवं चतौर में सहायिका के पदों को भरने के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उन केंद्रों के पोषक क्षेत्रों के इच्छुक प्रार्थियों से पुनः आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### रौडी क्लब को जर्सी व वॉलीबाल नेट प्रदान किए

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट की ओर से युवा जागृति क्लब रौडी (धार) को जर्सी व वॉलीबॉल नेट प्रदान किए गए। क्षेत्रीय प्रबंधक संजय शर्मा ने क्लब को यह सहयोग प्रदान किया। इस पहल से क्लब को खेल प्रतिभा को विकसित करने और सामूहिक रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से क्लब के युवाओं का मनोबल बढ़ेगा और वे खेल गतिविधियों में और अधिक सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे। क्लब के सदस्यों ने कंपनी के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर मदन शर्मा, कुणाल, विशाल, मनीष, सौरभ, लक्ष्य, शुभम, आदि मौजूद रहे।

### छात्रों ने फार्मेसी परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** फार्मेसी के नतीजों में हिमालयन इंस्टिट्यूट कालाअंब के छात्रों ने बेहतरीन सफलता हासिल की है। बेहतर शैक्षणिक माहौल और कड़ी मेहनत से छात्रों ने कई स्थानों पर टॉप किया। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बी फार्मेसी परिणामों में द्वितीय वर्ष की कोमल कुमारी ने 9.14 ग्रेड पॉइंट हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि संस्थान के लिए गर्व की बात है। बी फार्मेसी चौथे वर्ष से उज्ज्वल मौर्य, कुलदीप और आकांक्षा कुमारी, तीसरे वर्ष से अंश गुप्ता, रोहित, अस्मित कुमार और हार्दिक सैनी, दूसरे वर्ष से पूजा धनाई और अंचल ठाकुर तथा पहले वर्ष से मुस्कान सैयद, आर्यन गुप्ता और पारस ने भी शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. आरबी शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के बेहतर शैक्षणिक माहौल का नतीजा है। उन्होंने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ग्राम स्तर तक लोगों को करें जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों व आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि ग्राम स्तर तक डेंगू, स्क्रब टाइफस व विभिन्न जल जनित रोगों के संबंध में लोगों को जागरूक करना सुनिश्चित बनाएं। डॉ. अजय पाठक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग की जिला स्तरीय मासिक प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. पाठक ने कहा कि वर्षा ऋतु में डेंगू, स्क्रब टाइफस तथा विभिन्न जल जनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसके निवारण के लिए लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। पानी को साफ बर्तनों में ढककर रखें, जल स्रोतों को समय-समय पर साफ करते रहें, पानी उबाल कर पिएं आदि के विषय में जागरूकता आवश्यक है। इन उपायों को अपनाने से जल जनित रोगों से बचा जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थान यह सुनिश्चित बनाएं कि स्क्रब टाइफस, डेंगू व जल जनित रोगों के उपचार के लिए दवाइयों का पर्याप्त भण्डारण हो। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर लोगों को जागरूक करना सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अधिकार क्षेत्र में अधिक जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनकी जांच करना सुनिश्चित बनाएं, ताकि उनका सुरक्षित प्रसव हो सके। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की पहचान कर उन्हें आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां देना भी सुनिश्चित बनाएं।

### अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में दिखाई संगीत प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, बद्दी।** सेंट बीर्स इंटरनेशनल स्कूल मलपुर में अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट के तहत राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अल्पाइन्स स्कूल, सेंट बीर्स इंटरनेशनल स्कूल, विधु विद्यापीठ स्कूल, अरिहंत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नौणी के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रिंट एंड इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विजय चंदेल ने सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन व आयोजकों को बधाई देते हुए कहा के ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका देती हैं। उन्होंने कहे के आज की पीढ़ी में टैलेंट कूट-कूट कर भरा है और बच्चों की प्रतिभा को तराश कर आगे लाने की जरूरत है। प्रतियोगिता में मलकीयत सिंह नायर और दीप राम ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सेंट बीरस स्कूल के प्रबंधन कर्णधीर ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना कर उन्हें इसी तरह भविष्य में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता का आयोजन अरिहंत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नौणी के ट्रस्टी हरि सिंह तातेर द्वारा करवाया गया।

# सात माह बाद हुए एमसी के जनरल हाउस में हंगामा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** नगर निगम सोलन के जनरल हाउस में सात महीने की देरी को लेकर हाउस में खूब हंगामा हुआ। इसको लेकर हाउस में बीजेपी पार्षदों और मेयर के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसी तरह कई अहम मुद्दों पर हाउस में माहौल गरमाया। हाउस में कमिश्नर एकता कापटा, ज्वॉइंट कमिश्नर का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे सुरेंद्र ठाकुर सहित नगर निगम के कई अधिकारी मौजूद है।

मेयर उषा शर्मा की अध्यक्षता में हुए जनरल हाउस की शुरुआत प्रदेश में आई आपदा में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देने से हुई। कार्यवाही आगे बढ़ी तो वार्ड 1 के पार्षद मनीष सौपाल ने मेयर उषा शर्मा से सवाल किया कि पिछले 7 महीनों से हाउस क्यों नहीं बुलाया गया। उन्होंने कहा कि हाउस की बैठक नियमित होनी चाहिए, ताकि शहर के विकास कार्यों में गति लाई जा सके। इस पर मेयर उषा शर्मा ने जवाब दिया कि हाउस बुलाना सिर्फ मेयर की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी पार्षदों की साझा जिम्मेदारी है। इस बयान के बाद वार्ड 9 के पार्षद शैलेंद्र गुप्ता बिफर गए। उन्होंने नगर निगम एक्ट का हवाला देते हुए कहा कि हर महीने हाउस होना अनिवार्य है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। इसके बाद बहस उस समय और बढ़ गई जब शैलेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि मेयर के अपने वार्ड में एक बिल्डर ने निगम की जमीन पर अवैध कटिंग की है। उन्होंने मेयर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आप निगम की संपत्ति नहीं बचा सकतीं, तो आपको कुर्सी पर रहने का कोई हक नहीं है। जवाब में मेयर उषा शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि वार्ड-12 उनका क्षेत्र है और वे जानती हैं कि वहां कैसे काम करना है। उन्होंने शैलेंद्र गुप्ता पर हाउस की कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाया। विवाद यहीं नहीं थमा। मेयर ने बताया कि इस वर्ष सबसे कम टेंडर वार्ड-9 के ही लगे हैं, सिर्फ 24, जबकि बाकी वार्डों में लगभग 40-40 तक टेंडर लगे हैं। इस पर गुप्ता ने स्पष्ट किया कि वह ऑफलाइन टेंडर प्रक्रिया को स्वीकार नहीं करते, इसलिए उनके वार्ड में टेंडर कम लगे हैं। इसके आलावा हाउस में पानी की कमी का मुद्दा भी उठा। शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि जहां कई-कई दिन पानी नहीं आ रहा, वहां अतिरिक्त टैंकर भेजे जाएं। गुप्ता ने सोलन में जल प्रबंधन बोर्ड गठित करने की मांग भी रखी और कहा कि इससे वर्ल्ड बैंक और नाबार्ड जैसी संस्थाओं से फंडिंग मिल सकती है। वहीं, निगम ने यह भी मांग की है कि उनके ऊपर जल शक्ति विभाग की पुरानी लायबिलिटी को माफ किया जाए। यह लायबिलिटी करीब 100 करोड़ रुपए से अधिक है। इसके बाद जल शक्ति विभाग को शहर में दी गई पानी की वितरण प्रणाली को लेकर जहां वार्ड चार की पार्षद संगीता ने आभार व्यक्त किया। वहीं, पार्षद मनीष से इसका विरोध कर दिया। उन्होंने कहा कि पहले इस विषय में नोटिफिकेशन दिखाए। उसके बाद ही आभार व्यक्त करना चाहिए, जबकि रिटेंशन पॉलिसी को लेकर भी हाउस में खूब चर्चा हुई। हाउस में आउटसोर्स में कुछ कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाने का विवाद भी हुआ। यहां पार्षदों ने कहा कि यदि इंक्रीमेंट एक को लगा है, तो फिर सभी को लगाया जाए। वरना किसी को भी न लगे, जबकि वार्ड-6 में बने ओपन एक थिसेटर की फीस भी 1 हजार रुपउ तय कर ली गई है।



नगर निगम के जनरल हाउस में मेयर और पार्षदों में संवाद होते हुए।

### किन्नर समाज ले पाएंगे 3100

**शहर** में होने वाले अब किसी भी मांगलिक कार्यक्रम में किन्नर समाज के लोग ज्यादा पैसे नहीं ले पाएंगे। नगर निगम ने इस पर फैसला करते हुए साफ कहा कि शहर की परिधि के भीतर अब 3100 रुपए फिक्स किया गया है। इससे अधिक कोई अपनी इच्छा से तो दे सकता है, लेकिन उन्हें फोर्स नहीं किया जा सकता।

### ग्रीन एरिया में न हो कंस्ट्रक्शन

**नगर** निगम हाउस में सभी पार्षदों ने एकमत से प्रस्ताव पारित किया कि शहर में जहां भी ग्रीन एरिया हैं, वहां निर्माण कार्य न किया जाए। तर्क दिया गया कि पूरा शहर में जिस तरीके से निर्माण हो रहा है, उससे कंक्रीट के जंगल ही तैयार हो जाएंगे। साफ तौर पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में ग्रीन एरिया के संबंध में यह बातचीत की जा रही थी। जहां हिमुडा ने अतिरिक्त आवासीय ब्लॉक बनाने की योजना बनाई है। इसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं।

### नालों को चैनेलाइज किया जाए

**हाउस** में सभी पार्षदों ने जोर दिया कि उनके वार्डों में बने नालों को चैनेलाइज किया जाए। निगम अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए 2 करोड़ 82 लाख रुपए की टाइड ग्रांड आई है, ऐसे में जल्द शहर के सभी वार्डों में सर्वे होना चाहिए। हालांकि, इसका वार्ड-17 के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा बड़े नाले उन्हीं के वार्ड में हैं। लिहाजा, उन्हें सबसे ज्यादा धनराशि आवंटित होनी चाहिए।

### ओल्ड बस स्टैंड से चंबाघाट तक पीडब्ल्यूडी लैंड पर बनेगा फुटपाथ

**आर्मी** एरिया से काफी समय के बाद भी एनओसी न मिलने के बाद अब नगर निगम ने फैसला किया है कि वह चंबाघाट तक फुटपाथ लोनिवि लैंड में बनाएगी। इसके लिए करीब एक करोड़ रुपए का एस्टीमेट भी बनाया गया है। इसमें छत भी बनेगी और टाइले भी लगेगी। इसके अलावा देहूंघाट को भी फुटपाथ बनाने की योजना है।

### संपत्ति बिक्री की 100 रुपए फीस तय

**खास** बात यह है कि जनरल हाउस में पहली बार यह तय किया गया है कि यदि शहर में कोई भी व्यक्ति अपनी संपत्ति को बेचना चाहता है, तो उसे नगर निगम से एनओसी लेने के लिए 100 रुपए फीस देनी होगी। हालांकि, पार्षदों ने यह भी साफ किया कि निगम में काम करवाना मुश्किल है। लिहाजा एनओसी के लिए 5 दिन का टाइम पीरियड रखा जाए। इसमें उसे एनओसी दी जानी चाहिए। इसके लिए बाकायदा नगर निगम के बाहर चेक लिस्ट लगाई जाए।

## शिव-पार्वती की पूजा करके अपने परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**



**कंडाघाट।** कंडाघाट की नई धर्मशाला में मंगलवार को हरितालिका तीज त्योहार आयोजित किया। इसमें 500 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक भीम बहादुर ने बताया कि तीज हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है।

यह पौराणिक कथा पर आधारित है। लोक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने शिवजी की कठोर तपस्या की। आज के दिन शिवजी भगवान ने दर्शन देकर उन्हें पत्नी स्वरूप में स्वीकार किया। श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृत्या को यह त्योहार मनाया जाता है। सुहागिन औरते पति की सलामती के लिए श्रृंगार करके शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। कंडाघाट में नेपाली समाज के लोग पिछले एक दशक से अधिक समय से इस त्योहार पर सामूहिक आयोजन करते आ रहे हैं। इसमें स्थानीय लोग भी भाग लेते हैं। मंगलवार को इस त्योहार के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसका सभी लोगों ने आनंद लिया। इस आयोजन की अध्यक्ष मन कुमारी घरती, गोपाल घरती, गंगा राम, ऋतु बहादुर सहित उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से शिव-पार्वती की पूजा करके अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

## अश्याडी पंचायत प्रधान व पांच वार्ड सदस्य पद से बर्खास्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जिला सिरमौर विकास खंड शिलाई की ग्राम पंचायत अश्याडी के पंचायत प्रधान अनिल कुमार, पंचायत सदस्य वार्ड नं.-1 सुषमा देवी, पंचायत सदस्य वार्ड नं.-2 प्रदीप सिंह, पंचायत सदस्य वार्ड नं.-3 कमलेश देवी, पंचायत सदस्य वार्ड नं.-4 चंद्रकला और पंचायत सदस्य, वार्ड नं.-5 खजान सिंह को हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम की उल्लंघना करने, प्रत्यक्ष लाभ अर्जित करने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाए जाने पर पंचायत प्रधान व सदस्यों को पद से हटाने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुरूप अयोग्य घोषित किए गए पंचायत प्रधान व पंचायत के वार्ड सदस्यों को छः वर्ष की अवधि के लिए पंचायत पदाधिकारी के रूप में निर्वाचित होने के लिए निर्रहित कर, उन्हें दुरुपयोग धनराशि तुरंत पंचायत निधि के खाते में जमा करवाने के निर्देश दिए गए।

## 763 सांसदों में से 306 पर आपराधिक मामले गंभीर अपराध विधेयक आवश्यक : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

गंभीर अपराध विधेयक पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, विवेक शर्मा ने कहा कि राजनीतिक और अपराध के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं, तो दोनों सदनों (राज्यसभा+लोकसभा) के 763 सांसदों में 306 सदस्यों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं और 194 पर गंभीर मामले दर्ज हैं।

एआरडी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्र्स की रिपोर्ट के अनुसार 150 पर महिला उत्पीड़न के मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट के अनुसार 1861 पूर्व एवं वर्तमान विधायकों पर 4474 आपराधिक मामले विचाराधीन हैं। राष्ट्र के समक्ष इस चुनौतियों को मध्य नजर रखते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने गंभीर अपराध विधेयक प्रस्तुत किया है। इसमें संदिग्ध होने पर भी न्यायिक पारदर्शिता को सर्वोत्तम स्थान दिया गया है यदि माननीय और सम्माननीय को 30 दिन में जमानत मिल जाती है, तो भी संवैधानिक पद की गरिमा बरकरार रहेगी, यानी वह मंत्री, मुख्यमंत्री के पद पर रह सकते हैं। जमानत न मिलने की स्थिति में भी सदन की सदस्यता बरकरार रहेगी। अपने राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, लेकिन अगर न्यायालय को भी उचित नहीं लगेगा व जमानत नहीं मिलेगी, तब तो माननीय से प्रार्थना है की पद छोड़ दें, अगर राजनीतिज्ञों को न्यायालय पर भी विश्वास नहीं है, तो किस पर है। आज राजनीतिक संगठनों में योग्यता मापदंड नहीं है, अंकुश नहीं लगा तो चुनावी राजनीति में भी अयोग्यता बहुमत में होगी। गृह मंत्री ने ज्वॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी को गठित करने का निर्णय लिया है। यह विधेयक महत्वपूर्ण है गत 2005 में रिप्रेजेंटेशन ऑफ पब्लिक एक्ट 1951 की धारा 8 के भाग 4 को एडवोकेट लिली थॉमस और लोकप्रहरी एनजीओ ने मिलकर कानून के उस प्रावधान को चुनौती दी थी।

## प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** ग्राम पंचायत सकोड़ी के गांव सोनाघाट में माउंट वैली डेवलपमेंट एसोसिएशन और एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में उच्च उत्पादकता वाली कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने बारे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र सोलन स्थित डेढ़घराट के वैज्ञानिक डॉ. सीमा ठाकुर, डॉ. राजेश और डॉ. अनुराग ने किसानों को सब्जी विज्ञान, पुष्प उत्पादन और प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसमें उच्च उत्पादन की किसमें, नर्सरी प्रबंधन, मिट्टी की उर्वरकता एवं एकीकृत कीट प्रबंधन की जानकारी दी गई। प्राकृतिक खेती में जीवामृत का उपयोग, कम्पोस्ट बनाने की विधियां और प्राकृतिक कीट नियंत्रण उपाय की जानकारी दी।

## इनडोर स्टेडियम में 103 ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

भरातत्वा इंटरप्राइजेज व टारगेट ग्रीन जोन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि सीईओ बीबीएनडीए व अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त सोनाक्षी तोमर ने किया। पीजीआई ब्लड काउंसिल चंडीगढ़ की डॉक्टर मनप्रीत कटारिया की अगुवाई में सुभाष, शौकत, सुभाष यादव, अनूप, मंदीप, रशविंद्र, भूपेंद्र व गुरप्रीत की टीम ने रक्तदाताओं का रक्त एकत्रित किया, जबकि शिव कावड़ महासंघ चेरिटेबल ट्रस्ट पंचकूला के अध्यक्ष राकेश संगर की टीम में शामिल दीपक कुमार शर्मा, लक्ष्मण सिंह रावत, सतगुरु प्रसाद व गुलशन कुमार की टीम ने फार्म भरने व अन्य औपचारिकताएं पूरी करने में सहयोग दिया।



इनडोर स्टेडियम में आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि आयोजकों व रक्तदाताओं के साथ।

मुख्यातिथि सोनाक्षी तोमर ने पीजीआई की टीम, आयोजकों व सभी रक्तदाताओं का पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर आभार जताया। रक्तदान शिविर के आयोजक भरातत्वा इंटरप्राइजेज व टारगेट ग्रीन जोन की टीम के सौरव सिंह, विश्वविक्रम सिंह, गुरदीप सिंह, रवीश ठाकुर, राजा गुर्जर, अमृत, अमन, अनिल कुमार, वीरेंद्र सिंह, ऋषि पाल व रोहित केशव ने बताया कि यह पहला रक्तदान शिविर मंगलवार को इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। शिविर में 103 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान कर पुनीत कार्य में सहयोग किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि उनकी टीम भविष्य में साल भर में 2 रक्तदान शिविर आयोजित करेगी, ताकि जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाने में सहायता की जा सके। वहीं, आने वाले समय में सफाई अभियान, पौधरोपण, जागरूकता अभियान व पर्यावरण को बचाने की विशेष मुहिम भी जनसहयोग से शुरू की जाएगी। इस मौके पर थाना प्रभारी बद्दी शिव राम कृष्ण, एडवोकेट सुमित शर्मा, बलबीर सिंह, मान सिंह मैहता, सुभाष ठाकुर, प्रदीप सिंह, संजीव ठाकुर, सतीश दतरवाल, ललित ठाकुर, गट्टू ठाकुर, अजय ठाकुर, उपप्रधान रंजू, सोनी प्रधान, राज कुमार दतरवाल, भूपेंद्र सिंह, धीरज ठाकुर, मनीष ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## आवारा कुत्तों के आतंक से दहशत का माहौल

**अनंत ज्ञान, सराहां।** गत कई दिनों से सराहां कस्बे में आवारा कुतों ने दहशत का माहौल बना रखा है। ये आवारा कुत्ते पंद्रह से बीस के झुंड में जगह-जगह घूमते मिल जाएंगे और जहां ये होंगे वहां से आम जनमानस विशेष कर महिलाओं व बच्चों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। यही नहीं वाहन चालकों को भी वाहन चलाने में कठिनाई होती है क्योंकि यह रास्ता नहीं छोड़ते। इससे किसी भी अप्रिय घटना के होने का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस विषय पर उचित कारवाई की जाए। वहीं ग्राम पंचायत सराहां के उपप्रधाम नरेंद्र गौसाई ने बताया कि उच्च अधिकारियों से विचार-विमर्श कर इस विषय पर जल्द कारवाई की जाएगी। उन्होंने पालतू कुत्तों के मालिकों से भी आह्वान किया कि वह अपने पालतू कुत्तों को आवारा न घूमने दें।

## लक्ष्य इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक व नाट्य प्रस्तुति

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** लक्ष्य इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।

बीएड प्रशिक्षुओं ने जीवंत अभिनय, सशक्त संवादों और भावनात्मक प्रस्तुति के माध्यम से यह दिखाया कि नशा किस प्रकार से जीवन को विनाश की ओर ले जाता है और इससे बचाव के लिए परिवार व समाज की भूमिका कितनी अहम होती है तथा किस प्रकार साथियों का दबाव और अनजाने में की गई गलतियां युवाओं को नशे की लत में धकेल सकती हैं, लेकिन सही मार्गदर्शन च समर्थन से उन्हें इससे बाहर निकाला जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की प्राचार्या ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं की सराहना करते हुए कहा कि एक शिक्षक समाज का निर्माता होता है और ऐसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक गण एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।



लक्ष्य इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक व नाट्य कार्यक्रम में हिस्सा लेते छात्र।

## युवा आपदा मित्र योजना के तहत 500 स्वयंसेवकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोलन राहुल जैन ने कहा कि जिला सोलन में युवा आपदा मित्र योजना के तहत 500 स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राहुल जैन ने कहा कि सोलन जिले में राष्ट्रीय कैडिट कोर (एनसीसी) के 200, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 100, नेहरू युवा केंद्र के 100 तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 100 स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उम्मीदवार सोलन जिले का निवासी होना चाहिए। उम्मीदवार का राष्ट्रीय कैडिट कोर (एनसीसी) अथवा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) अथवा नेहरू युवा केंद्र अथवा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से संबद्ध होना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सातवीं कक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए व उम्मीदवार शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा और यह प्रयास किया जाएगा कि कुल 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी हो।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि यह प्रशिक्षण डॉ. वाईएस परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, सोलन में प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की संभावित तिथि 28 सितंबर से 5 अक्तूबर तथा 21 नवंबर से 27 नवंबर, 2025 तक रहेगी। राहुल जैन ने कहा कि एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े इच्छुक स्वयं सेवक पंजीकरण व अन्य जानकारी के लिए जिला आपदा संचालन केंद्र सोलन के टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।

**ज्ञापन** हाटी विकास मंच ने उद्योग मंत्री को सौंपा ज्ञापन, सड़क उन्नयन की उठाई मांग

# सोलन-हरिपुरधार सड़क को एनएच घोषित करने की मांग

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सोलन-राजगढ़-हरिपुरधार-रोनहाट-मीनस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने अथवा प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना में तत्काल शामिल करने की मांग को लेकर प्रदेश हाटी विकास मंच के अध्यक्ष प्रदीप सिंह सिंगटा और महासचिव डॉ. अनिल भारद्वाज के नेतृत्व में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान से मुलाकात करके उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया।

मंत्री ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को केंद्र सरकार के साथ उठाने का आश्वासन दिया। हाटी अध्यक्ष ने बताया कि यह ऐतिहासिक सड़क, जिसे 1958 से 1962 के बीच हिमाचल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के नेतृत्व में जनता के श्रमदान से बनाई गई थी, जिसे करीब छह दशक बाद भी यह सड़क मेजर डिस्ट्रि रोड की श्रेणी में है, लेकिन आज तक इसे राज्य अथवा राष्ट्रीय उच्च मार्ग का दर्जा नहीं मिल पाया है। इस सड़क का निर्माण होने के बाद से अब तक इसका उचित चौड़ीकरण और आधुनिकीकरण नहीं हो पाया है। संकरे मार्ग और खराब हालत के कारण विशेषकर बरसात के दिनों में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यह मार्ग सिरमौर जिले के लगभग तीन लाख से अधिक ग्रामीण व जनजातीय लोगों के जीवन, आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच का मुख्य साधन है। प्रदीप सिंगटा ने बताया कि यह रोड धार्मिक व पर्यटन दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मार्ग के माध्यम से असंख्य श्रद्धालु एवं पर्यटक चूड़धार, मां भंगायणी मंदिर, श्री रेणुका जी जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों पर हर वर्ष लाखों की तादाद में आते हैं।



हाटी विकास मंच के अध्यक्ष प्रदीप सिंह सिंगटा और महासचिव डॉ. अनिल भारद्वाज के नेतृत्व में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान को ज्ञापन देते हुए।

बेहतर सड़क सुविधा मिलने से धार्मिक पर्यटन, स्थानीय व्यापार और कृषि को नई दिशा मिलेगी। यह सड़क ट्रांस-गिरी क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति बहुल्य इलाकों से होकर गुजरती है और साथ ही पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के जौनसार-बावर के आदिवासी समुदाय को भी लाभान्वित करेगी। सड़क का उन्नयन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक समावेशन की दिशा में आदिवासी समाज के लिए क्रांतिकारी कदम साबित होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस का दोगला चेहरा नगर निगम में उजागर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आज चंडीगढ़ नगर निगम की कार्यवाही में कांग्रेस पार्टी का दोहरा चेहरा जनता के सामने साफ तौर पर आ गया। कांग्रेस पार्टी वही है जो दो दिन पहले खस्ताहाल सड़कों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रही थी और नौटंकी करते हुए जनता को दिखाने का प्रयास कर रही थी कि वे जनता के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन जब बात असली समाधान पर आई तो कांग्रेस ने अपनी पुरानी आदत के अनुसार पल्ला झाड़ लिया। भारतीय जनता पार्टी के सभी पार्षद एकजुट होकर यह एजेंडा लेकर आए कि चंडीगढ़ की सभी 3 रोड्स को चंडीगढ़ प्रशासन को सौंप दिया जाए, ताकि सड़कें समय पर ठीक की जा सकें और लोगों को राहत मिल सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस केवल दिखावे की राजनीति करती है। जनता के वास्तविक मुद्दों पर उनके पास न तो सोच है और न ही समाधान। भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो जनता की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। मेयर हरप्रीत कौर बबला ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम की वित्तीय स्थिति ठीक न होने के कारण रोड्स प्रशासन को सौंपे गए हैं। लेकिन कांग्रेस नहीं चाहती कि शहर की सड़कें ठीक हों। वे सिर्फ सड़कों पर जाकर ड्रामा करते हैं और जनता को गुमराह करते हैं। भाजपा नेताओं ने स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस केवल बयानबाजी और नौटंकी करने में माहिर है, जबकि भाजपा हमेशा जनता की समस्याओं को हल करने के लिए ठोस कदम उठाती है। चंडीगढ़ की जनता अब कांग्रेस के झूठ और दोगलेपन को अच्छी तरह समझ चुकी है।

### जसबीर ने उठाया लावारिस अस्थियों के संस्कार का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आज नगर निगम की हुई मीटिंग में सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने लावारिस अस्थियों के संस्कार का मुद्दा उठाया। जसबीर सिंह बंटी ने बताया कि मार्च 2024 की एफ एंड सी सी मीटिंग में एजेंडा पास किया गया था, जिसमें लावारिस बॉडीज का संस्कार नगर निगम के जे ई को नोडल ऑफिसर बनाया गया जो सभी बॉडी का संस्कार करेगा। बंटी ने बताया कि मगर न ही नगर निगम ने डेढ़ साल में किसी का संस्कार किया और ना ही अस्थिया विसर्जन की गई। जबकि पहले ऑल इंडिया सेवा समिति की तरफ से संस्कार किया जाता था,जोकि मात्र 830 रुपए दिए जाते थे। जबकि 400 एंबुलेंस के देते थे, 400 कपड़े के और 30 संस्कार के दिए जाते थे। मगर मार्च 2024 में एफ एंड सी सी 3.50 लाख पास करके को नोडल ऑफिसर बनाकर दे दी थी। जो पहले समिति थी जोकि 6 साल में 588 बॉडीयों का संस्कार किया था। जिसका खर्चा 4 लाख 80 हजार के करीब था और वही काम नगर निगम 6 साल में करती है तो उसका खर्चा 21 लाख था जबकि एजेंडा पास होने के बावजूद डेढ़ साल में कोई भि अंखियों का विसर्जन नहीं हुआ जब यह मतलब निगम में तो साथ के साथ अस्थियां का विसर्जन किया गया यह एक करप्शन का मसला दिख रहा है और आस्था से खिलवाड़ हो रहा है। जोकि अस्थियां डेढ़ साल में श्मशान घाट में पड़ी हैंइसके बाद मेयर ने एक कमेटी बनाकर मंगलवार को कमिश्नर साहब के साथ मीटिंग रख दी है और बैठक में जो पहले समिति थी, उसी को दोबारा से काम देने के लिए एजेंडा पास किया गया। इसको लेकर दूसरे पार्षदों ने भी बंटी का साथ दिया और मामले की गंभीरता को देखते हुए ऑफिसर्स पर बनती कार्रवाई करने को कहा गया।

### परिवार के एक सदस्य को मिलेगी सरकारी नौकरी : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश में वर्ष 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान प्रदेश के ऐसे सभी 121 परिवारों जिनके किसी एक सदस्य की जान चली गई थी उनके परिवार के एक सदस्य को प्राथमिकता के आधार पर नौकरी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने सदन को अवगत कराया की 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में प्रदेश में लगभग 20 गुरुद्वारों, 221 मकानों, 154 दुकानों, 57 फैक्ट्रियों, 3 रेलडिब्बों और 85 वाहनों को जला दिया गया था। इन दंगों में 58 व्यक्ति घायल हुए और 121 लोगों की मृत्यु हुई थी। उन्होंने पीड़ित परिवारों को आपसी सहमति से परिवार के एक सदस्य का नाम अपने जिले के उपायुक्त के माध्यम से मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार को भिजवाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा हिदायतें शीघ्र ही जारी कर दी जाएंगी।

सीईटी करेक्शन पोर्टल एक-दो दिन में खुलेगा, अभ्यर्थियों को मिलेगा त्रुटि सुधार का समय : सैनी, कहा-

# सीईटी में अभ्यर्थी नहीं, विपक्षी नेता ही भटके

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाल ही में आयोजित की गई सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के संबंध में करेक्शन पोर्टल एक-दो दिन में खोल दिया जाएगा, जिसमें अभ्यर्थियों को त्रुटि सुधार के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा सीईटी को लेकर लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार इतनी सुव्यवस्थित तरीके से सीईटी परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें किसी भी अभ्यर्थी को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि युवा, उनके अभिभावक और आमजन सभी ने परीक्षा व्यवस्था की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि आज भी लोग सीईटी परीक्षा व्यवस्था की सकारात्मक चर्चा करते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परीक्षा के लिए कुल 13,48,893 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 12,46,497 ने परीक्षा में भाग लिया। यह पहली बार है जब लगभग 92 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि हमने अपने संकल्प पत्र में सीईटी को बिना किसी अव्यवस्था के सुचारु रूप से आयोजित करने का जो वादा किया था, उसे सफलतापूर्वक पूरा किया है।

विपक्ष पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सीईटी परीक्षा में न तो छात्र भटके, न ही उनके अभिभावक-केवल विपक्षी दलों के नेता ही भटके नजर आए। मुख्यमंत्री ने सदन को यह भी अवगत कराया कि जब कोई परीक्षा एक से अधिक सत्रों में आयोजित होती है, तो कठिनाई के स्तर में इस तरह की विविधता आना स्वाभाविक होता है। इस प्रकार की विविधता को दूर करने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सीईटी 2025 (ग्रुप ग) के लिए सार्वजनिक नोटिस 11.7.2025 के माध्यम से नॉर्मलाइजेशन का फार्मूला लागू करने वाले सभी संबंधितों को पहले ही सूचित कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया गया कि वर्ष 2022 में सीईटी जोकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की गई थी उसमें भी हिदायत अनुसार नॉर्मलाइजेशन का फार्मूला सुचारू रूप से लागू किया गया था। केंद्र सरकार की विभिन्न संस्थाओं जैसे की यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, इंस्टीट्यूट आफ बैंकिंग पर्सनेल सिलेक्शन द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं में भी नॉर्मलाइजेशन का फार्मूला लागू किया जाता है ।

### परीक्षा केंद्रों पर इंटरनेट की समस्या के कारण आई थी परेशानी

**सीएम** सैनी ने बताया कि 26 जुलाई 2025 को प्रातःकालीन सत्र के दौरान कुछ परीक्षा केंद्रों पर इंटरनेट की समस्या के कारण बायोमेट्रिक सत्यापन में परेशानी आई थी, जिसे परीक्षा शुरू होने से पहले ही हल कर लिया गया। चारों सत्रों की परीक्षा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न करवाई गई। उन्होंने कहा कि यदि कुछ अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक की समस्या रह गई होगी, तो उनके लिखित परीक्षा परिणाम आयोग द्वारा परीक्षा के दौरान ली गई फोटो और सीसीटीवी फुटेज के मिलान एवं बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया उपरांत जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सीईटी परीक्षा के सफल संचालन के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, इसमें संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों सहित हरियाणा रोडवेज के स्टाफ, जिन्होंने अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने में विशेष भूमिका निभाई।

# अमृतसर में हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**एजेंसी, अमृतसर**

पंजाब पुलिस ने सीमा पार से हो रही हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरु की वडाली, छेहरटा निवासी अमित सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से पांच ग्लॉक पिस्टल, चार मैगजीन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। यह जानकारी पंजाब पुलिस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर शेयर की है।

पंजाब पुलिस के सोशल मीडिया पोस्ट के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी अमित सिंह और उसका साथी गुरप्रीत सिंह उर्फ गिन्नी पाकिस्तान के तस्करों के संपर्क में थे। ये तस्कर पंजाब में शांति भंग करने के लिए हथियारों की खेप भेज रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई से हथियार तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है और बड़ी वारदात टल गई है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि यह गिरफ्तारी खुफिया जानकारी के आधार पर की गई है। उन्होंने कहा कि जांच अभी जारी है और जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी और हथियारों की बरामदगी की उम्मीद है। पुलिस ने इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और तस्करी के पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए गहन जांच की जा रही है।

पंजाब पुलिस आतंकवाद, अवैध हथियारों की तस्करी और गैंगस्टर्स के नेटवर्क को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह कार्रवाई राज्य में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे अपराधों को और प्रभावी ढंग से रोका जा सके। इससे पहले, सोमवार को पंजाब पुलिस ने आतंक और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी दी थी। पंजाब पुलिस के डीजीपी ने बताया था कि बटाला पुलिस ने एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। (अनंत ज्ञान)

## मैक्स अस्पताल बठिंडा ने बच्चों की सुरक्षा पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बठिंडा**



अगस्त माह को बच्चों की आंखों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए समर्पित करते हुए मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, बठिंडा ने दृष्टि संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने पर बल दिया। अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. काशीश गुप्ता ने बताया कि बच्चों में आमतौर पर एमब्लियोपिया, स्ट्रैबिज्मस और अपवर्तक त्रुटियों जैसी समस्याएं पाई जाती हैं, जिनकी समय पर पहचान और इलाज बेहद आवश्यक है। डॉ. गुप्ता ने डिजिटल स्क्रीन के बढ़ते प्रयोग पर चिंता जताई और '20-20-20 नियम' अपनाने की सलाह दी, वहीं हर 20 मिनट में 20 फीट दूर किसी वस्तु को 20 सेकंड तक देखें। उन्होंने खेलों के दौरान सुरक्षा चश्मे पहनने और तेज वस्तुओं से बच्चों को दूर रखने की भी सिफारिश की। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, बठिंडा जनता को जल्दी पहचान, उपचार का पालन और स्वास्थ्य समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए निवारक उपायों के महत्व के बारे में शिक्षा देने का प्रयास करता है।

## पोर्ट्ल किसानों की सुरक्षा की गारंटी : नायब सिंह सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष लगातार पोर्टल को बदनाम करने की कोशिश करता रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि आज इन्ही पोर्टल से किसान सहित आम जनता सुरक्षित है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब पोर्टल के माध्यम से सीधे लोगों के घर तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री आज विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान प्रतिक्रिया दे रहे थे।उन्होंने कहा कि पहले लोग मुआवजे के पैसे का इंतजार करते रहते थे, लेकिन यह राशि अक्सर बीच में ही कहीं गायब हो जाती थी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में विपक्ष ने पोर्टल के खिलाफ दुष्प्रचार किया और सत्ता में आने पर इसे बंद करने की बात कही थी, लेकिन जनता ने चुनाव में उनकी 'दुकानदारी' ही बंद कर दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है। जिन गांवों में पानी भरने से फसल खराब हुई है, वहां किसान पोर्टल पर अपने नुकसान की जानकारी दर्ज कर सकते हैं जिसे सम्बंधित विभाग के अधिकारी द्वारा वेरीफाई किया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों को फसल खराबे का मात्र 1158 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया था, जबकि वर्तमान सरकार अब तक 15,500 करोड़ रुपए का मुआवजा किसानों को जारी कर चुकी है।

## मुख्यमंत्री धामी ने किया विधानसभा स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा देहरादून में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा सचिवालय, मंत्रीगणों के कक्षों तथा अन्य प्रशासनिक कार्यालयों का अवलोकन करते हुए कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।



निरीक्षण के अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, विधानसभा सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारी।


मुख्यमंत्री ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पारदर्शिता, त्वरित कार्य निष्पादन और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं, अभिलेख प्रबंधन, डिजिटलीकरण की स्थिति तथा आमजन व जनप्रतिनिधियों के कार्यों से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनता को सुगम, पारदर्शी और त्वरित सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में विधानसभा के कार्यकलापों को भी तकनीकी दृष्टि से और अधिक सक्षम तथा आधुनिक बनाने की दिशा में कार्य किए गए हैं।

## देश-विदेश

# प्रधानमंत्री की जापान, चीन यात्रा : एससीओ शिखर वार्ता के इतर द्विपक्षीय वार्ताएं भी संभव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अगस्त की शाम को जापान की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। वे जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 29 और 30 अगस्त को जापान में रहेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री चीन 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग परिषद (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की 25वीं बैठक के लिए तियानजिन, चीन का दौरा करेंगे।



विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एससीओ शिखरवार्ता से इतर कई द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित की जाएंगी। हम अभी भी इन बैठकों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने बताया कि एससीओ बैठक का कार्यक्रम 31 अगस्त की शाम स्वागत भोज और 01 सितंबर को मुख्य शिखर बैठक का होगा। एससीओ के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष इसमें शामिल होंगे।

आतंकवाद पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में तन्मय लाल ने कहा कि एससीओ की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से उत्पन्न चुनौतियों का मुकाबला करना था। यह चुनौती अब भी बनी हुई है। एससीओ की पिछली घोषणाओं में सीमा-पार आतंकवाद सहित सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की गई है। आगामी घोषणा-पत्र में भी इस पर बल दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में यह संगठन 10 सदस्य देशों से मिलकर बना है- भारत, बेलारूस, चीन, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान। इसके साथ ही कई संवाद साझेदार और पर्यवेक्षक देश भी जुड़े हैं। संगठन का सचिवालय बीजिंग में स्थित है और ताशकंद में इसका क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी ढांचा कार्यरत है। (अनंत ज्ञान)

### प्रधानमंत्री मोदी सात वर्षों में जापान की पहली यात्रा : विक्रम

**विदेश** सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि यह प्रधानमंत्री मोदी की लगभग सात वर्षों में जापान की पहली स्वतंत्र यात्रा है। पिछली बार वे 2018 में वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए गए थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी जापान की आठवीं यात्रा होगी। मोदी और इशिबा पहले भी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के दौरान मिल चुके हैं। अब टोक्यो में होने वाली वार्षिक बैठक में इन चर्चाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत और जापान लोकतांत्रिक मूल्यों और समान रणनीतिक दृष्टिकोण साझा करते हैं। दोनों देशों के बीच संबंधों का दायरा व्यापार, निवेश, रक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, आधारभूत संरचना, जन-से-जन संपर्क और सांस्कृतिक सहयोग तक फैला है। शिखर सम्मेलन में इन सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा और नए पहल की शुरुआत होने की संभावना है। विदेश सचिव ने बताया कि भारत एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभरा है। मई 2025 में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा उपकरण और तकनीकी सहयोग पर चर्चा हुई।

## पीएलआई योजना ने बढ़ाया भारत का विनिर्माण निवेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत का विनिर्माण क्षेत्र एक ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिसे उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने मजबूती प्रदान की है।

अप्रैल 2020 में 1.97 लाख करोड़ के परिव्यय के साथ शुरू हुई यह योजना न केवल एक प्रोत्साहन तंत्र के रूप में, बल्कि भारत के विनिर्माण हिस्से को सकल घरेलू उत्पाद के 25 प्रतिशत तक पहुंचाने और देश को एक वैश्विक औद्योगिक महाशक्ति बनाने के लिए एक रणनीतिक हस्तक्षेप के रूप में डिजाइन की गई थी।

# सीमाएं 30 किमी के दायरे में अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए : अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (वीवीपी) की समीक्षा बैठक में सीमावर्ती जिलों में अवैध धार्मिक अतिक्रमण हटाने पर जोर देते हुए कहा कि सीमाएं कम से कम 30 किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि ये अतिक्रमण एक सुनियोजित डिजाइन के तहत किए जा रहे हैं, जिन पर सख्ती से रोक लगाना आवश्यक है।

अमित शाह ने यहां मंगलवार को गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित वीवीपी पर दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।

उन्होंने वीवीपी का लोगो भी लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-1 में प्रशासन कार्यक्रम तक सीमित रहा, लेकिन वीवीपी-2 में दृष्टिकोण बदलना होगा। उन्होंने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया कि वे सीमावर्ती इलाकों में अवैध धार्मिक अतिक्रमण हटाने की दिशा में कदम उठाएं। सीमा से कम से कम 30 किलोमीटर दायरे तक सभी अतिक्रमण समाप्त होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य ने समुद्री और भू सीमा से बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाकर सराहनीय कार्य किया है।( अनंत ज्ञान)

## 'अगर शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहें' : अनिल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने मध्य प्रदेश में आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित प्रथम त्रि-सेवा संगोष्ठी, रण संवाद को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है, लेकिन वह शांतिवादी नहीं हो सकता। इस कार्यक्रम में अपना संबोधन देते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने युद्ध की तकनीकों और रणनीति के विश्लेषण पर अकादमिक गतिविधियों का भी आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंन पाकिस्तान को भी सीधा संदेश दे दिया। सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि एक विकसित भारत के रूप में, हमें न केवल तकनीक में, बल्कि विचारों और व्यवहार में भी 'सशस्त्र', 'सुरक्षित' और 'आत्मनिर्भर' होने की आवश्यकता है। इसलिए, हमारे समाज के सभी वर्गों में सैद्धांतिक और वैचारिक पहलुओं, यानी युद्ध कैसे लड़ा जाता है, इसकी अकादमिक खोज और व्यावहारिक तथा वास्तविक युद्ध तकनीकों और रणनीतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।(अनंत ज्ञान)

## शाहरुख खान और दीपिका पर केस दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आम आदमी जब लाखों की कार खरीदता है, तो उसे उम्मीद होती है कि कंपनी और उसके ब्रांड एंबेसडर, जिनकी शक्लें टीवी पर देखकर वह भरोसा करता है, लेकिन राजस्थान के भरतपुर से एक ऐसी खबर आई है, जिसने इस भरोसे पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण सहित हुंडई कंपनी के 6 अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। यह मामला एक उपभोक्ता की शिकायत पर दर्ज किया गया है, जिसने आरोप लगाया है कि उसे 'मैन्यूफैक्चरिंग डिफेक्ट' वाली कार बेची गई। यह एफआईआर भरतपुर के ही रहने वाली कीर्ति सिंह ने दर्ज कराई है। दरअसल, कानून की नजर में ब्रांड एंबेसडर सिर्फ विज्ञापन का चेहरा नहीं होते, अगर कोई व्यक्ति किसी उत्पाद का प्रचार करता है और उस उत्पाद में खराबी पाई जाती है, तो ब्रांड एंबेसडर की भी जवाबदेही बनती है। (अनंत ज्ञान)

## एक लाख रुपए रिश्वत लेते कांस्टेबल गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को यहां एक लाख रुपये की रिश्वत लेते दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी कांस्टेबल का नाम राजकुमार मीणा है और वह अशोक विहार थाने में तैनात था। सीबीआई को शिकायत मिली थी कि एक सब-इंस्पेक्टर और यह हेड कांस्टेबल मिलकर एक व्यक्ति से उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने के बदले तीन लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। बाद में मामला दो लाख रुपये में तय हुआ और शिकायतकर्ता से कहा गया कि वह पहले एक लाख रुपये दे। कांस्टेबल को 25 अगस्त को शिकायतकर्ता जब पैसे देने गया तो सीबीआई टीम ने पहले से जाल बिछा रखा था। जैसे ही राजकुमार मीणा ने पैसे लिए, उसे वहीं पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने आगे की जांच शुरू की है।(अनंत ज्ञान)

# ट्रंप की साउथ कोरिया के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बातचीत

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



ट्रम्प बोले - मैंने 7 युद्ध रुकवाए, इनमें 4 टैरिफ से

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक के दौरान कहा कि उन्हें दुनियाभर में 7 संघर्षों को रोकने पर गर्व है।

उन्होंने कहा कि इनमें से 4 जंग टैरिफ से रुकवाई गईं। इनमें भारत और पाकिस्तान के बीच का संघर्ष भी शामिल है, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि वह न्यूक्लियर वॉर में तब्दील होने के करीब था। ट्रंप ने कहा, 'मैंने सात युद्ध रोके जो चल रहे थे, जिनमें भारत और पाकिस्तान भी शामिल थे। वे हर जगह जेट मार गिरा रहे थे।' इसके अलावा ट्रम्प ने भारत-पाकिस्तान जंग के बीच 7 फाइटर जेट गिराने का दावा भी किया। ये उनके 19 जुलाई के 5 फाइटर जेट गिराने के दावे से ज्यादा है। हालांकि, उन्होंने इस बार भी साफ नहीं किया कि ये किसके जेट थे।( अनंत ज्ञान)

### जेडी वेंस बोले-अभी बहुत सारे पत्ते खेलने बाकी

**ट्रंप** ने कहा कि अमेरिका ने ट्रिलियन डॉलर की कमाई टैरिफ से की और इसी रणनीति से युद्ध भी रोके। ट्रंप से पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा था कि भारत पर लगाए सेकेंडरी टैरिफ भी वॉशिंगटन की उसी रणनीति का हिस्सा हैं। वेंस ने कहा कि ट्रंप प्रशासन भारत पर टैरिफ लगाने सहित दूसरे उपायों के जरिए रूस के लिए लाभ कमाना कठिन बना रहा है। वेंस ने कहा कि अमेरिका के पास अभी भी 'बहुत सारे पत्ते खेलने बाकी हैं' ।

# अमित शाह को कैसे पता सरकार 40-50 साल चलेगी : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के 10वें दिन प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं। यात्रा सुपौल होते हुए मधुबनी पहुंची है। यहां सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा- 'अमित शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार 40-50 साल तक रहेगी।

पहले ये बयान अजीब लगा, अमित शाह को कैसे पता कि 40-50 साल तक सरकार चलेगी। अब सच्चाई सामने आ गई है। अमित शाह ऐसा इसलिए कह पा रहे थे, क्योंकि ये लोग 'वोट चोरी' करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि 'आप यात्रा में आओ। बच्चा-बच्चा कह रहा है मोदी वोट चोर है। बच्चे मेरे कान में आकर कहते हैं, लेकिन मीडिया को बात समझ नहीं आती है।' राहुल गांधी ने ये भी कहा कि 'मीडिया हाउस में बड़े पदों पर दलित क्यों नहीं हैं।' प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा, 'जनता का विश्वास खो चुकी भाजपा देश भर में वोट चोरी की साजिशें रच रही है।( अनंत ज्ञान)

**ताकत** स्वदेशी युद्धपोत नहीं आएंगे दुश्मन के रडार में, कई मिसाइलों से होंगे लैस

# आईएनएस उदयगिरि-हिमगिरी इंडियन नेवी में हुए शामिल

**एजेंसी, मुंबई**



इंडियन नेवी को मंगलवार को दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि मिले। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, ये दोनों स्वदेशी जहाज हैं।

इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचे रहेंगे। इनकी तैनाती से इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में होगी, जिससे नौसेना की ताकत बढ़ेगी। दोनों युद्धपोत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल और भारत-इजराइल बराक-8 लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली से लैस है। इनमें 76एमएम नौसैनिक बंदूकें और समुद्री युद्ध में पानी के अंदर चलने वाला टारपीडो विस्फोटक हथियार भी है।

आईएनएस हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। इसका नाम पुराने आईएनएस हिमगिरि से लिया गया है। आईएनएस उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने बनाया है। इसका नाम आंध्र प्रदेश की उदयगिरि पर्वत सीरीज के नाम पर रखा गया है, जो सिर्फ 37 महीनों में बना है।( अनंत ज्ञान)

### भारतीय नौसेना कितनी मजबूत

**मीडिया** रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय नौ सेना के पास कुल 20 पनडुब्बियां हैं। इनमें 2 परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां, एक परमाणु-संचालित अटैकर पनडुब्बी, 17 ट्रेडिशनल डीजल-इलेक्ट्रिक अटैकर पनडुब्बियां हैं। 13 विध्वंसक जहाज हैं। इनके अलावा 15 फ्रिगेट्स, 18 कॉर्वेट्स, एक उभयचर परिवहन डॉक, 4 टैंक लैंडिंग जहाज, 8 लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी, एक माइन काउंटरमेजर जहाज और 30 गश्ती जहाज हैं। भारतीय नौसेना का लक्ष्य 2035 तक 175 जहाजों की नौसेना बनाना है, जिसमें 50 जहाज वर्तमान में निर्माणाधीन हैं। 2025 तक, भारतीय नौसेना के पास लगभग 135+ युद्धपोत सक्रिय सेवा में हैं। इनमें विभिन्न प्रकार के जहाज शामिल हैं। वहीं, आईएनएस विक्रमादित्य और द्रुढ़ विक्रांत समेत 2 मॉडर्न विमानवाहक पोत हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने ईरान से तोड़े संबंध राजदूत को भी किया निष्कासित

**एजेंसी, कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने ईरान से राजनयिक संबंध तोड़ने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ईरान सरकार ने ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय पर कम से कम दो हमले करवाए। यह हमले मेलबर्न स्थित एडास इजराइल सिनेगॉग और सिडनी स्थित लुईस कॉन्टिनेंटल किचन पर हुए थे। अल्बानीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में ईरानी राजदूत को निष्कासित कर दिया गया है। साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तेहरान में अपना दूतावास बंद कर दिया है। अल्बानीज ने यह घोषणा मंगलवार दोपहर संसद भवन में संवाददाता सम्मेलन में की।

संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री के साथ ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन (एएसआईओ) प्रमुख माइक बर्गेस, विदेशमंत्री पेनी वोंग और गृहमंत्री टोनी बर्क मौजूद रहे। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि तेहरान में तैनात अपने राजनयिकों को अन्य देशों में भेज दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया सरकार अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए कानून बनाएगी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### सचिन तेंदुलकर ने बेटे अर्जुन की सगाई की पुष्टि की



**एजेंसी, मुंबई।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सगाई की पुष्टि की है। तेंदुलकर ने एक फैंस के सवाल पर कहा कि हां, यह सच है। हम सभी उनके जीवन के इस नए फेज के लिए बहुत उत्साहित हैं। 52 साल के पूर्व क्रिकेटर ने सोमवार को सोशल प्लेटफॉर्म eddit पर एक सेशन 'आस्क मी एनीथिंग' के जरिए फैंस के सवालों के जवाब दिए। 13 अगस्त को मीडिया रिपोर्ट में अर्जुन तेंदुलकर की सगाई का दावा किया गया था, हालांकि तब किसी ने सगाई की पुष्टि नहीं की थी। (अनंत ज्ञान)

### एशियाई निशानेबाजी में भारतीय महिलाओं की तिकड़ी ने जीता गोल्ड

**एजेंसी, कजाखस्तान।** ओलंपियन सिफत कौर सामरा , अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में मंगलवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता । विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सामरा और आशी क्वालीफिकेशन में क्रमश: दूसरे और पांचवें स्थान पर रहकर व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में भी पहुंचे । भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी, लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिये खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे । दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही। वहीं, सोमवार को राष्ट्रीय खेल चैम्पियन नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप वर्ग में स्वर्ण जीता था । (अनंत ज्ञान)

### ग्रैंडस्लैम एकल मैच जीतने वाले हांगकांग के पहले खिलाड़ी बने वोंग

**ओपन युग**

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** इक्कीस वर्ष के कोलमैन वोंग 1968 के बाद से ओपन युग में किसी ग्रैंडस्लैम में एकल मैच जीतने वाले हांगकांग के पहले खिलाड़ी बन गए । वोंग ने अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को सीधे सेटों में 6.4, 7.5, 7.6 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह बड़ा पल है। मेरे परिवार और हांगकांग के लोगों के लिए भी। वोंग के आदर्श रफेल नडाल हैं और उनका परिवार स्पेन जा बसा था ताकि वह राफा नडाल अकादमी में प्रशिक्षण ले सकें। वोंग ने कहा कि यह टूर्नामेंट हर टेनिस खिलाड़ी का सपना है। हर खिलाड़ी यहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। मैं इस लय को कायम रखना चाहता हूं। (अनंत ज्ञान)

### बेहतरीन अंदाज में केरोलाईन वोज्निएकी

केरोलाईन वोज्निएकी डेनमार्क से एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी है। वह ओडेंस, डेनमार्क में 11 जुलाई 1990 को पैदा हुई थी, लेकिन अब वह मोंटे कार्लो, मोनाको में रहती है। केरोलाईन ने अपने कैरियर में 22 एकल और 2 युगल टाइटल जीतें हैं। कैरोलिन 11 अक्तूबर 2010 के बाद से नंबर 1 रैंक टेनिस खिलाड़ी है।



**मुकाबला** 9 सितंबर से होगा आगाज, पहले टूर्नामेंट के रद्द होने की जताई जा रही थी शंका

# एशिया कप 2025 के लिए अभी तक 6 टीमों का हुआ ऐलान

**भारत-पाकिस्तान का आमना-सामना 14 सितंबर को**






**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के चलते एशिया कप 2025 का आयोजन हाईब्रिड मॉडल के आधार पर यूएई में किया जाएगा। इस मेगा इवेंट का आगाज 9 सितंबर से होगा। वहीं, भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर से यूएई के खिलाफ करेगी, जबकि चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आमना-सामना 14 सितंबर को होगा। इस टूर्नामेंट के लिए भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग के बाद ओमान ने भी अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। हालांकि श्रीलंका और यूएई की टीम घोषित होनी अभी बाकी है। यहां आप घोषित सभी स्क्वॉड देख सकते हैं।

### बांग्लादेश का स्क्वॉड

लिटन दास (कप्तान), तंजिद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली अनिक, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शक महेदी हसन, रिशद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, शैफ उद्दीन

*स्टैंडबाय खिलाड़ी :* सौम्या सरकार, मेहदी हसन मिराज, तनवीर इस्लाम, हसन महमूद।

### हांगकांग का स्क्वॉड

**यासिम** मुर्तजा (कप्तान), बाबर हयात, आदिल महमूद, जीशान अली (विकेटकीपर), एहसान खान, अनस खान, शाहिद वासिफ (विकेटकीपर), कल्हण चल्लू, हारून अरशद, निजाकत खान, आयुष शुक्ला, अली हसन, नसरुल्ला राणा, ऐजाज खान, मोहम्मद गजनफर, मार्टिन कोएत्जी, अतीक इकबाल, मोहम्मद वहीद, अंशुमन रथ और किंचित शाह।

### ओमान का स्क्वॉड

**जतिंदर** सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्जा, विनायक शुक्ला, सुफियान यूसुफ, आशीष ओडेडेरा, आमिर कलीम, मोहम्मद नदीम, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, करण सोनावले, जिक्रिया इस्लाम, हसनैन अली शाह, फैसल शाह, मोहम्मद इमरान, नदीम खान, शकील अहमद और समय श्रीवास्तव।

*श्रीलंका और यूएई का स्क्वॉड अभी घोषित नहीं*

### टीम इंडिया स्क्वॉड

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा और रिंकू सिंह।

*रिजर्व : प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जयसवाल।*

### पाकिस्तान का स्क्वॉड

**सलमान** आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी और सुफियान मुकीम।

### अफगानिस्तान का स्क्वॉड

**राशिद** खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फारिक अहमद मलिक, नवीन-उल-हक और फजलहक फारूकी।

*रिजर्व : वफीउल्लाह ताराखल, नांग्याल खरोटे, अब्दुल्ला अहमदजई।*

## सूर्यकुमार ने अपनी चोट पर दिया अपडेट



**भारतीय** टीम 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी। 14 सितंबर को पाकिस्तान और 19 सितंबर को ओमान के साथ मुकाबला होगा। एशिया कप के सभी मुकाबले भारत में शाम को 7.30 बजे से देखा जा सकता है। टीम इंडिया इस टूर्नामेंट से अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी भी शुरू कर रही है। ऐसे में उनके लिए यह इवेंट काफी महत्वपूर्ण है। टीम काभी संतुलित लग रही है। टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले डेढ़ महीने से बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में हैं और अपनी चोट से उबर रहे हैं।

***अच्छा महसूस कर रहे हैं सूर्या :*** मंगलवार को अपनी फिटनेस पर अपडेट देते हुए सूर्या ने कहा कि अभी अच्छा महसूस कर रहा हूं। अब तक यहां अच्छा प्रोसेस और रूटीन चल रहा है। **( अनंत ज्ञान )**

## न्यूजीलैंड के गेंदबाज स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण विल ओराउरकी 3 माह के लिए मैदान से बाहर



**वेलिंगटन, न्यूजीलैंड ( एपी )**

*न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला के दौरान लगी थी चोट*

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओराउरकी पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण तीन महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। ओराउरकी को इस महीने की शुरुआत में जिम्बाब्वे में न्यूजीलैंड की टेस्ट श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी। उन्हें सर्जरी नहीं करानी पड़ेगी, बल्कि उन्हें शक्ति और कंडीशनिंग कार्यक्रम में भाग लेना होगा। ओराउरकी के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज, अक्तूबर में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज और नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर रहने की संभावना है। वह दिसंबर में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ न्यूजीलैंड की तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए वापसी कर सकते हैं। उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पदार्पण के बाद से 11 टेस्ट मैचों में 39 विकेट लिए हैं। **( अनंत ज्ञान )**

## सिनक्यूफील्ड कप में प्रज्ञानंद को संयुक्त बढ़त, वेस्ली सो के खिलाफ डी गुकेश हारे



**सेंट लुई ( अमेरिका )**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढ़त बना ली। लगातार ड्रॉ के बाद प्रज्ञानंद की यह दूसरी जीत है। वह अमेरिका के फेबियानो कारूआना के साथ 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश को अमेरिका के वेस्ली सो के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। लेवोन आरोनियन और वेसली चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। गुकेश और अलीरजा तीन तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं, जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव डेढ अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं। **( अनंत ज्ञान )**

**हॉकी इंडिया का फैंस को तोहफा**

## बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप में दर्शकों को निशुल्क प्रवेश



**एजेंसी, राजगीर**

हॉकी इंडिया ने वीरवार को घोषणा की कि 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा कि प्रशंसक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू टिकट जिनी डॉट इन या हॉकी इंडिया ऐप के जरिये मुफ्त टिकट पा सकते हैं। उन्हें प्रक्रिया पूरी करने पर वर्चुअल टिकट मिलेगा। **( अनंत ज्ञान )**

### आठ टीमें लेंगी हिस्सा

**हीरो** पुरुष एशिया कप में आठ टीमें भारत, जापान, चीन, कजाखस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै भाग लेंगी। यह 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालिफायर टूर्नामेंट भी है। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ रखा गया है। भारत को 29 अगस्त को चीन से, 31 को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है।

### 2017 में जीता था पिछला खिताब

**मौजूदा** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और एशिया की नंबर एक टीम भारत ने आखिरी बार 2017 में ढाका में एशिया कप का खिताब जीता था। तब उसने फाइनल में मलयेशिया को 2-1 से हराया था। भारतीय टीम 2022 में जकार्ता में खेले गए एशिया कप में दक्षिण कोरिया और मलेशिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा था।

### पूर्व खिलाड़ियों ने भारत को दावेदार बताया

**हॉकी** के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों का मानना है कि भारत बिहार के राजगीर में होने वाले आगामी पुरुष एशिया कप को जीतने और अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने का प्रबल दावेदार है। भारत की 1975 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान अजीतपाल सिंह ने हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम को प्रबल दावेदार बताया, लेकिन खिलाड़ियों को आत्ममुग्धता से बचने के लिए भी चेताया।

**बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप**

## पहले ही दौर में हारे लक्ष्य सेन विश्व नंबर-1 शी यू ची से मिली हार



**एजेंसी, पेरिस**

भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 का अभियान निराशाजनक ढंग से समाप्त हो गया। पुरुष एकल के पहले ही दौर में उन्हें विश्व नंबर-1 और शीर्ष वरीय चीन के शी यू ची के हाथों सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। 24 वर्षीय लक्ष्य, जो 2021 में कांस्य पदक जीत चुके हैं, ने सोमवार को कड़ा मुकाबला किया लेकिन अंततः 17-21, 19-21 से 54 मिनट में पराजित हुए। मैच के दौरान उन्होंने कई लंबी रैलियों में दमदार खेल दिखाया, लेकिन अहम मौकों पर शी की मजबूत डिफेंस और तेज स्मैश को भेदने में असफल रहे।

लक्ष्य सेन इस टूर्नामेंट में ओलंपिक 2024 की चौथे स्थान वाली निराशा को पीछे छोड़ने के इरादे से उतरे थे, लेकिन शुरुआती दौर में ही फॉर्म में चल रहे शी यू ची से भिड़ना उनके लिए मुश्किल साबित हुआ। चीनी खिलाड़ी जनवरी 2024 से अब तक खेले गए नौ फाइनल में अपराजित रहे हैं और अपने शानदार खेल से उन्होंने इस मुकाबले पर भी दबदबा बनाए रखा। इस जीत के साथ शी ने लक्ष्य पर अपना आमने-सामने का रिकॉर्ड 4-1 कर लिया। पहले गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार रैलियों से दर्शकों को बांधे रखा। एक 47 शॉट की लंबी रैली लक्ष्य की गलती पर खत्म हुई और शी ने बढ़त बना ली। हालांकि लक्ष्य ने बीच में वापसी करते हुए 11-11 की बराबरी की, लेकिन उसके बाद चीनी खिलाड़ी ने लगातार आक्रामक स्मैश से बढ़त हासिल कर पहला गेम 21-17 से जीत लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य ने अच्छी शुरुआत की और 5-5 तक मुकाबला बराबरी पर रहा। लेकिन शी ने अपनी गति और विविध शॉट्स से बढ़त बनानी शुरू कर दी।

उनकी 414 किमी/घंटा की रफ्तार वाली स्मैश ने मुकाबले का रुख तय कर दिया। हालांकि लक्ष्य ने स्कोर 16-17 तक पहुंचाकर जोरदार वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्णायक क्षणों में लगातार दो अनफोर्स्ड एरर ने उन्हें हार की ओर धकेल दिया। अंततः शी ने दूसरा गेम 21-19 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। **( अनंत ज्ञान )**

### महिला युगल में भी हार

*भारत की पांडा बहनें रुतुपर्णा और स्वेतापर्णा भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। उन्हें बुल्गारिया की स्टोएवा बहनों गैब्रिएला और स्टेफानी ने 21-12, 21-11 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।*

*अनुभव सचान ने रचा इतिहास*

## यूके यूनिवर्सिटी पोलो चैंपियनशिप जीतने वाले बने पहले भारतीय खिलाड़ी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के युवा खिलाड़ी अनुभव सचान ने यूनाइटेड किंगडम में इतिहास रच दिया है। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक की बी3 टीम के साथ यूनिवर्सिटी पोलो चैंपियनशिप (SUPA) का खिताब जीतकर यह उपलब्धि हासिल की। खास बात यह है कि वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं।

उनकी इस सफलता को ब्रिटेन की प्रतिष्ठित पत्रिका पोलो कानपुर में जन्मे अनुभव सचान का घोड़ों से जुड़ाव किसी आलीशान पोलो ग्राउंड से नहीं, बल्कि लखनऊ रेसकोर्स से शुरू हुआ, जहां उन्होंने पहली बार घुड़सवारी सीखी, वहीं से निकला यह लगाव उन्हें ब्रिटेन के पोलो मैदानों तक ले आया। **( अनंत ज्ञान )**

**सन्यास** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मेडिसन कीस पहले दौर में हारी

## दिग्गज पेत्रा क्वितोवा ने टेनिस को अलविदा कहा



**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मेडिसन कीस को अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मैक्सिको की 82वीं रैंकिंग वाली रेनेटा जाराजुआ ने हराकर उलटफेर कर दिया। वहीं, दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में डायने पैरी से मिली हार के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया।

छठी वरीयता प्राप्त कीस ने 89 सहज गलतियां और 14 डबल फाल्ट किए, जिसकी वजह से उन्हें 7-6, 6-7, 5-6 से पराजय का सामना करना पड़ा। अन्य मुकाबलों में ब्राजील के 19 वर्ष के जोओ फोंसेका ने अमेरिकी ओपन में डेब्यू के साथ जीत दर्ज करते हुए मियोमीर केसमानोविच को 7-6, 7-6, 6-3 से हराया। वहीं कनाडा की 18 वर्ष की विकी एमबोको ने दो बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-2 से मात दी। वहीं, 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंचीं कैरोलिन गार्सिया अपने कैरियर के आखिरी टूर्नामेंट में कामिला रखिमोवा से 6-4, 4-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गईं। **( अनंत ज्ञान )**

### क्वितोवा मैच के बाद हुईं भावुक

**वहीं,** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को डायने पैरी ने 6-1, 6-0 से हराया। मुकाबला खत्म होने के बाद क्वितोवा की आंखें भर आईं। दर्शक दीर्घा में मौजूद उनके पति और कोच जिरि वानेक ने उन्हें गले लगाया। पिछले साल जुलाई में बेटे को जन्म देने वाली क्वितोवा 17 महीने बाद कोर्ट पर लौटी थीं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ही कह दिया था कि अमेरिकी ओपन उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।

### यूएस ओपन नहीं खेलना चाहती थीं क्वितोवा

**मैच** के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले वह कोविड 19 संक्रमण का शिकार होने के कारण अमेरिकी ओपन से नाम वापिस लेने की सोच रही थीं। उन्होंने कहा कि सुबह उठने के बाद से मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा नहीं होगा। मैं खा नहीं सकी। मैं काफी नर्वस थी और कुछ कर नहीं पा रही थी। यह काफी कठिन था। मैंने कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था।

*2016 में क्वितोवा पर हुआ था हमला: क्वितोवा ने 2011 में मारिया शारापोवा को हराकर विंबलडन खिताब जीता था। इसके बाद 2014 में यूजीन बूचार्ड को हराकर खिताब जीता। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2019 के फाइनल में उन्हें ओसाका ने हराया था। दिसंबर 2016 में एक घुसपैठिए ने उन पर चाकू से हमला किया, जिसके लिए उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी।*

## रिंकू ने 'कोहली स्टाइल' में प्रिया को फ्लाइंग किस दी



**एजेंसी, लखनऊ**

यूपी टी-20 लीग के तहत सोमवार को इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मैदान के बाहर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की केमिस्ट्री ने दर्शकों का ध्यान खींचा। मैच देखने पहुंचीं Priya Saroj VVIP लाउंज में काफी देर तक मौजूद रहीं। इसी दौरान रिंकू सिंह ड्रेसिंग रूम की बालकनी से उन्हें झांकते नजर आए और विराट कोहली की स्टाइल में फ्लाइंग किस (flying kiss) देकर अपने प्यार का इजहार किया।

यह नजारा देख फैंस ने भी रिंकू और प्रिया को देखकर राम-राम किया, जिसका जवाब रिंकू ने भी गर्मजोशी से दिया। मैदान पर इस अनोखे पल को चुलबुल रोबोट कैमरे ने भी और खास बना दिया। रोबोट कैमरे ने प्रिया सरोज को पहचानते हुए उनके लिए दिल बनाया और हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया। प्रिया ने भी हाथ मिलाकर कैमरे से मस्ती की और नमस्ते कर कैमरे का अभिवादन स्वीकार किया। हालांकि, मैदान पर रिंकू सिंह की टीम को हार का सामना करना पड़ा। **( अनंत ज्ञान )**